आश्विन कृष्ण पक्ष चतुर्थी उपरांत 06:14 पंचमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 21 सितंबर 2024
वर्ष 4, अंक 215, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



तारों को जानने के लिए नई तकनीक विकसित 14

नेहा शर्मा ने पाक-कला की यात्रा शुरू की 13

## सेंसेक्स 84,000 के पार, निफ्टी का नया मुकाम

मुंबई, एजेंसी

रिकॉर्ड ऊंचाई पर शेयर बाजार



वैश्विक बाजारों में तेजी के रुझान के बीच अग्रणी बैंकों के शेयरों में खरीदारी आने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुए। सेंसेक्स पहली बार ऐतिहासिक 84,000 अंक से ऊपर बंद हुआ जबकि निफ्टी ने भी नया रिकॉर्ड स्तर हासिल किया।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,359.51 अंक यानी 1.63 प्रतिशत उछलकर 84,544.31 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,509.66 अंक बढ़कर 84,694.46 के नए शिखर पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 375.15 अंक यानी 1.48 प्रतिशत बढ़कर 25,790.95 के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 433.45 अंक उछलकर 25,849.25 के सर्वकालिक उच्च स्तर तक भी गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सर्वाधिक पांच प्रतिशत की छलांग लगाई। इसके अलावा जेएसडब्ल्यू स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, भारती एयरटेल, नेस्ले, अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, मारुति, कोटक महिंद्रा बैंक और टाटा स्टील के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए।

हालांकि भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और बजाज फाइनेंस के शेयरों में गिरावट का रुख देखने को मिला। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि फेडरल रिजर्व की तरफ से नीतिगत दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती और अत्यधिक उदार मौद्रिक रुख ने भारतीय बाजार को रफ्तार दे दी है।

## कांग्रेस को चला रहे अर्बन नक्सली और टुकड़े-टुकड़े गिरोह

### महाराष्ट्र की जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्य विपक्षी दल को बताया सबसे भ्रष्ट पार्टी

वर्धा (महाराष्ट्र), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस में नफरत का भूत घुस गया है और उसे सबसे भ्रष्ट पार्टी बताते हुए आरोप लगाया कि उसे टुकड़े-टुकड़े गिरोह या विभाजनकारी तत्व और शहरी नक्सली चला रहे हैं।

मुख्य विपक्षी दल पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि 138 साल पुराना यह संगठन गणपति पूजा से भी नफरत करने लगा है। यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कुछ दिन पहले ही मोदी ने भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ के नई दिल्ली स्थित घर में भगवान गणेश की पूजा की थी, जिस पर राजनीतिक विरोधियों ने उनकी आलोचना की थी। मोदी ने 'पीएम विश्वकर्मा योजना' के एक साल पूरे होने पर महाराष्ट्र के वर्धा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज आप जिस कांग्रेस को देखते हैं, यह वह पार्टी नहीं है जिसके साथ महात्मा गांधी जैसे महान व्यक्ति जुड़े थे। मोदी ने कहा कि कांग्रेस में नफरत का भूत घुस गया है। आज की कांग्रेस में देशभक्ति की आत्मा अंतिम सांस ले चुकी है। मोदी ने कांग्रेस नेताओं द्वारा विदेश में दिए गए भाषणों में उनके भारत विरोधी एजेंडे पर भी बात की। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना यह बात की। राहुल गांधी आरक्षण प्रणाली और सिख समुदाय पर अमेरिका में अपनी टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के निशाने पर हैं। मोदी ने गांधी परिवार का नाम लिए बिना कहा कि अगर कोई भ्रष्ट पार्टी है तो वह कांग्रेस है और सबसे भ्रष्ट परिवार, उसका शाही परिवार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गणेश पूजा से भी नफरत करती है।



एक कारीगर से बात करते प्रधानमंत्री मोदी।

#### किसानों का इस्तेमाल राजनीति व भ्रष्टाचार के लिए किया

मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने किसानों का इस्तेमाल केवल राजनीति और भ्रष्टाचार के लिए किया है। उन्होंने कहा कि हमें उस कांग्रेस को एक और मौका नहीं देना चाहिए, जिसने किसानों को बर्बाद कर दिया। झूठ और विश्वासघात कांग्रेस की पहचान हैं। कांग्रेस ने तेलंगाना में अपने चुनावी वादे पूरे नहीं किए। मोदी ने कहा कि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणियां पीएम विश्वकर्मा योजना की सबसे बड़ी लाभार्थी हैं। उन्होंने पिछली कांग्रेस सरकारों पर विश्वकर्मा समुदाय की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने एससी, एसटी और ओबीसी को समृद्ध नहीं होने दिया। हमने कांग्रेस की उस मानसिकता पर रोक लगा दी है जिसने इन समुदायों को समृद्ध नहीं होने दिया।

## एक नजर

### लालू प्रसाद पर मुकदमा चलाने को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने शुक्रवार को दिल्ली की एक अदालत को बताया कि उसने नौकरी के बदले जमीन घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद पर मुकदमा चलाने को लेकर संबंधित अधिकारियों से अपेक्षित मंजूरी प्राप्त कर ली है। सीबीआई ने विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने की अदालत को बताया कि मामले में करीब 30 अन्य आरोपी हैं जिनके लिए अभियोजन की मंजूरी का इंतजार है और उसने अदालत से अनुरोध किया कि अपेक्षित दस्तावेज हासिल करने के लिए उसे 15 दिन का और समय दिया जाए। अदालत ने सीबीआई को अन्य आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मंजूरी प्राप्त करने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया और मामले की अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को तय की।

### मणिपुर में मंत्री के निजी सहायक का अपहरण

**इंफाल।** मणिपुर के उपभोक्ता मामलों के मंत्री एल.सुसिंद्रो के निजी सहायक का अज्ञात लोगों ने पूर्वी इंफाल जिले में स्थित उनके आवास के नजदीक से शुक्रवार को अपहरण कर लिया। पुलिस ने बताया कि एस.सोमोरेंद्रो (43) का अपहरण करने के पीछे की मंशा अभी अज्ञात है। उसने बताया कि अब तक किसी समूह ने इस घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है और पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है। यह घटना गुरुवार रात को बिष्णुपुर जिले में पूर्व मुख्य सचिव ओइनाम नबकिशोर के आवास पर हमलावरों द्वारा गोली चलाने के बाद हुई।

## कॉलेजियम की दोबारा सिफारिश पर क्यों नहीं की नियुक्ति : कोर्ट

### उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार से पूछा, किस स्तर पर लंबित हैं नियुक्तियां

- कहा-कॉलेजियम खोजबीन समिति नहीं जिसकी संस्तुति रोकी जा सके

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र से यह जानकारी देने को कहा कि उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए शीर्ष अदालत के कॉलेजियम ने किन नामों की दोबारा सिफारिश की और उनकी संख्या कितनी है। न्यायालय ने केंद्र से इस बात का कारण भी बताने को कहा है कि इन नामों पर अब तक विचार क्यों नहीं किया गया और यह स्वीकृति किस स्तर पर लंबित है। यह निर्देश प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया।



जनहित याचिका में यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित न्यायाधीशों की नियुक्ति को अधिसूचित करने के लिए केंद्र के लिए एक समय सीमा तय की जाए। पीठ ने कहा कि उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम (न्यायाधीशों के लिए) कोई खोजबीन समिति नहीं है जिसकी सिफारिशों को रोका जा सके।

पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से कहा कि वह उसे कॉलेजियम द्वारा दोबारा अनुशंसित किए गए नामों की एक सूची मुहैया कराएं और बताएं कि इन पर स्वीकृति क्यों और किस स्तर पर लंबित है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि कृपया आप दोबारा अनुशंसित नामों की एक सूची बनाएं और बताएं कि ये क्यों और किस स्तर पर लंबित हैं। पीठ ने कहा कि कुछ नियुक्तियां अभी होनी हैं और हमें उम्मीद है कि ये बहुत जल्द की जाएंगी। इसके बाद अटॉर्नी जनरल के अनुरोध पर जनहित याचिका की सुनवाई स्थगित कर दी गई। यह जनहित याचिका वकील हर्ष विभोरे सिंघल ने दायर की थी।

#### हाईकोर्ट जज की टिप्पणी पर शीर्ष न्यायालय सख्त

सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायाधीश द्वारा मामलों की सुनवाई के दौरान अनावश्यक टिप्पणियां करने के वीडियो का स्वत: संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से रिपोर्ट मांगी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय की संविधान पीठ ने यह आदेश पारित किया। न्यायमूर्ति वेदव्यासाचार्य श्रीशानंद ने बेंगलुरु के एक मुस्लिम बहुल इलाके को पाकिस्तान कहा था। न्यायाधीश को एक अलग मामले में एक महिला अधिवक्ता के खिलाफ लैंगिक असंवेदनशील टिप्पणी करते हुए भी देखा गया था। एक्स पर कई हैंडल ने अपने पोस्ट में उनकी टिप्पणियों पर आपत्ति जताई।

#### उच्चतम न्यायालय का यूट्यूब चैनल हुआ हैक

उच्चतम न्यायालय का यूट्यूब चैनल शुक्रवार को हैक कर लिया गया और उस पर अमेरिकी कंपनी रिपल लैब्स निर्मित क्रिप्टोकरंसी के प्रचार वाला एक वीडियो दिखाई देने लगा। हालांकि, इस वीडियो में कुछ नहीं था। वीडियो के नीचे लिखा था ब्रैड गार्लिंगहाउस : रिपल रेसपोंड्स टू द एसईसी 2 बिलियन डॉलर फाइन! एक्सआरपी प्राइज प्रेडिक्शन। शीर्ष न्यायालय अपनी संविधान पीठ के समक्ष सूचीबद्ध मामलों और जनहित से जुड़े विषयों की सुनवाई के सीधे प्रसारण के लिए यूट्यूब चैनल का उपयोग करता है।

## आक्रांताओं को सद्भावना से विदा करता है सनातन धर्म : मुख्यमंत्री

### महंत दिग्विजयनाथ व अवैद्यनाथ को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म की यह विशेषता और महानता है कि यह आक्रांताओं को भी सद्भावना से विदा करता है। आज भी ऐसे तत्व आक्रांताओं के सपने पूरा करने के लिए नक्सलवाद, आतंकवाद और अलगाववाद के नाम पर आते हैं, लेकिन अंततः नाकाम हो जाते हैं।

वे शुक्रवार को गोरखपुर में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ की 55वीं तथा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ की 10वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक श्रद्धांजलि सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गोरक्षपीठ के उनके पूर्ववर्ती दोनों पीठाधीश्वरों का पूरा जीवन देश और धर्म के लिए समर्पित था। उन्होंने धर्म को केवल उपासना विधि नहीं माना, बल्कि भारतीय मनीषा में धर्म के जिस स्वरूप की बात कही गई है, उसके अनुरूप जीवन जिया। उन्होंने दोनों पीठाधीश्वरों की ओर से शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज सेवा और धर्म-संस्कृति आदि क्षेत्र में किए कार्यों का वर्णन करते हुए कहा कि सनातन धर्म की सुदृढ़ता के लिए अनेक कार्यक्रमों को बिना थके, बिना रुके, बिना डिगे आगे बढ़ाया। अयोध्याधाम से आए पूर्व सांसद डॉ. रामविलास वेदांती, जगद्गुरु अनंतानंद द्वाराचार्य, स्वामी डॉ. राम कमल दास वेदांती, गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. उदय प्रताप सिंह, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अतुल वाजपेयी आदि ने विचार व्यक्त किए।



संतों के साथ कार्यक्रम में शामिल होने जाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

#### बख्शे न जाएं जबरन जमीन कब्जाने वाले

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। पारिवारिक रिश्तों को लेकर विवाद संबंधी शिकायतों पर सभी पक्षों को एकसाथ बैठाकर संवाद करने की जरूरत बताई। गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद के लिए अधिकारियों से इस्टीमेट मांगा।

## 1094 कनिष्ठ अभियंताओं को प्रदान किए गए नियुक्ति पत्र

ब्यूरो, देहरादून

संवाद

- मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों से किया संवाद
- तीन सालों में सरकारी सेवाओं में मिलीं 17 हजार से अधिक नौकरियां

**अमृत विचार :** उत्तराखंड सम्मिलित राज्य कनिष्ठ अभियन्ता सेवा परीक्षा, 2023 के अन्तर्गत विभिन्न विभागों में चयनित 1094 कनिष्ठ अभियंताओं को शुक्रवार को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों से संवाद भी किया।

संस्कृति विभाग के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने चयनित कनिष्ठ अभियंताओं को बधाई देते हुए कहा कि आज आपके जीवन का एक नया अध्याय शुरू हुआ है। माता-पिता गुरुओं और ईश्वर की कृपा से उन्हें देवभूमि उत्तराखण्ड में सेवा करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आज जिन 1094 अभ्यर्थियों को नियुक्ति मिली है, इनसे विभागों को और मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्ञान, विज्ञान और तकनीक का जिस तेजी से विस्तार हो रहा है, उस हिसाब से नियमित अपडेट रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पिछले तीन सालों में राज्य में सरकारी विभागों में 17 हजार से अधिक नौकरियां प्रदान की गई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में भर्ती परीक्षाओं के अधियाचन से नियुक्ति पत्र प्रदान करने तक की पूरी समयावधि को कम किया गया है। पूरे साल के लिए भर्ती परीक्षाओं के लिए कैलेंडर बनाया गया है।



वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में प्रतिभाग करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में नया वर्क कल्चर शुरू हुआ है। उत्तराखंड में भी राज्य सरकार द्वारा नया वर्क कल्चर लाने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि राज्य में कनिष्ठ अभियंताओं की नियुक्ति होने से कार्यों में और तेजी आएगी। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि नये कनिष्ठ अभियंताओं के आने से प्रदेश के विकास और आवश्यकता के लिए एक कड़ी और जुड़ गई है। उन्होंने कहा कि शहरी विकास और आवास विभाग में कनिष्ठ अभियंताओं की बड़ी कमी थी। अब विकास कार्यों को गति मिलेगी।

## पकड़ा गया लोक निर्माण विभाग का रिश्वतखोर सहायक अभियंता

संवाददाता, हल्द्वानी

- विद्युत यांत्रिकी खंड भीमताल में कार्यरत एई को विजिलेंस ने हल्द्वानी में पकड़ा



**अमृत विचार:** विद्युत यांत्रिकी खंड लोक निर्माण विभाग भीमताल के सहायक अभियंता दुर्गेश पंत को विजिलेंस ने रिश्वत लेते हुए हल्द्वानी में गिरफ्तार किया है। एक ठेकेदार की शिकायत पर यह कार्रवाई हुई है। ठेकेदार से सहायक अभियंता काम के भुगतान के एवज में रिश्वत मांग रहा था।

विजिलेंस के अनुसार एक ठेकेदार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने विद्युत यांत्रिकी खंड (लोनिवि) भीमताल में कोटेशन कार्यादेश के आधार पर तीन लाख रुपये का काम उच्च न्यायालय आवासीय परिसर में किया था। जिसके भुगतान के एवज में कार्यालय में कार्यरत सहायक अभियंता दुर्गेश पंत निवासी अमरावती कॉलोनी हल्द्वानी ने 10 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। ठेकेदार की शिकायत के आधार पर विजिलेंस की टीम ने उसे पकड़ने के लिए जाल बुना। सहायक अभियंता ने ठेकेदार से रिश्वत लेने के लिए शुक्रवार को हल्द्वानी में विद्युत यांत्रिक खंड कार्यालय में बुलाया। सहायक अभियंता विभागीय काम से हल्द्वानी आया था। सहायक अभियंता दुर्गेश पंत हल्द्वानी स्थित कार्यालय में ही ठेकेदार से रिश्वत ले रहे थे तभी निरीक्षक भानु प्रकाश आर्य के नेतृत्व में विजिलेंस टीम ने उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद विजिलेंस टीम द्वारा आवास और कार्यालय में भी तलाशी ली गई। साथ ही आरोपी की चल और अचल संपत्ति के बारे में भी जानकारी की जा रही है।

## दुष्कर्म के आरोप में भाजपा विधायक मुनिरत्ना गिरफ्तार

**बेंगलुरू।** कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी के विधायक एन मुनिरत्ना को उनके खिलाफ दर्ज दुष्कर्म, यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी के मामले में शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि 40 वर्षीय एक महिला की शिकायत के बाद मामले में भाजपा विधायक के साथ छह अन्य लोगों पर भी मामला दर्ज किया गया है। महिला ने आरोप लगाया है कि यह घटना कग्गलीपुरा पुलिस थाना क्षेत्र में एक निजी रिसॉर्ट में हुई। मुनिरत्ना की गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई है जब एक दिन पहले एमपीएमएलए कोर्ट ने उन्हें एससीएसटी मामले में जमानत दे दी थी।

## बस दुर्घटनाग्रस्त बीएसएफ के चार जवानों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में शुक्रवार को चुनाव ड्यूटी के लिए जा रही सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की एक बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चार जवानों की मौत हो गई जबकि 26 घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए चुनाव ड्यूटी पर जा रहे बीएसएफ जवानों को ले जा रही एक बस मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के वाटरहाल इलाके में एक खाई में गिर गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में दो दर्जन से अधिक जवान घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से चार जवानों की मौत हो गई।

## नीट-पीजी प्रारूप में बदलाव पर केंद्र-एनईबी से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा-इससे अवसाद में आ सकते हैं छात्र

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड द्वारा नीट-पीजी, 2024 के प्रारूप में अंतिम समय में किए गए बदलाव पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह बहुत ही असामान्य है और इससे छात्रों में अवसाद पैदा हो सकता है। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने छात्रों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता विभा दत्ता मखीजा और वकील तन्वी दुबे की दलीलों पर गौर किया और याचिकाओं पर राष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड (एनबीई) और केंद्र से एक सप्ताह के भीतर जवाब मांगा तथा इन्हें 27 सितंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

#### नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई की चार्जशीट

नीट-यूजी 2024 के प्रश्नपत्र लीक मामले में अपनी दूसरी चार्जशीट में सीबीआई ने कहा है कि झारखंड के हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्राचार्य और उपप्राचार्य ने अन्य लोगों के साथ मिलकर प्रश्नपत्र चुराने की साजिश रची। शुक्रवार को पटना की एक विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल की गई।

उपलब्धि

जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के वैज्ञानिकों ने विकसित की दो नई प्रजातियां, 30 प्रतिशत अधिक उपज देने वाली हैं दोनों किस्में

## किसानों को मालामाल करेंगी पंत मटर 509 और 517

मृगांक मौली, पंतनगर

**अमृत विचार :** देश में प्रोटीन की आवश्यकताएं पूरी करने के लिए लोग दालों पर पूरी तरह से निर्भर हैं। आज से एक दशक पूर्व तक दलहनों का उत्पादन बहुत सीमित था। जिससे दालों की कीमतें काफी ज्यादा थीं। आज कृषि वैज्ञानिक दलहनों की उन्नतशील प्रजातियों सहित उनकी उत्पादन तकनीकों को विकसित कर किसानों को उपलब्ध करा रहे हैं।

भारत सरकार ने वर्ष 2027 तक देश को पूरी तरह से दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी क्रम में जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के वैज्ञानिकों डॉ एसके वर्मा, डॉ आरके पंवार और डॉ अंजू अरोरा ने उच्च गुणवत्ता वाली रोग एवं कीट रोधी दलहनी मटर की दो प्रजातियों को विकसित किया है। जिन्हें हाल ही में इंटरनेशनल सेंटर फॉर एग्रीकल्चरल रिसर्च इन ड्राई एरियाज सिहोर भोपाल में संपन्न हुई अखिल भारतीय रबी दलहन परियोजना की वार्षिक बैठक में जारी करने का निर्णय लिया गया। पंत मटर-517 को उत्तर-पश्चिमी राज्यों पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्र, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, जम्मू संभाग और पंत मटर-509 को उत्तर-पूर्वी राज्यों पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, उड़ीसा व पश्चिमी बंगाल में उगाए जाने के लिए संस्तुत किया गया है।



नव विकसित पंत मटर-509 प्रजाति।

#### नई प्रजातियों की यह हैं विशेषताएं

**पंत मटर 517 :** पंत मटर- 517 ने भारत के उत्तरी पश्चिमी मैदानी क्षेत्रों में लगातार तीन वर्षों तक अखिल भारतीय उपज परीक्षणों में मानक प्रजातियों अमन, पंत मटर 42 एवं एचएफपी 9907बी से 33.11, 50.51 एवं 29.04 प्रतिशत अधिक उपज दी। तीन वर्षों तक किए गए परीक्षणों में इसकी औसत उपज 20-25 किग्रा/हेक्टेयर रही। यह प्रजाति चूर्णी फंफूदी और एस्कोकाइटा ब्लाइट तथा फली बेधक कीट के लिए प्रतिरोधी है। इसकी परिपक्वता अवधि 125-130 दिन है। इसके 100 दानों का वजन लगभग 18.3 ग्राम है। इसके पौधे की ऊंचाई लगभग 151 सेमी. है।

**पंत मटर 509 :** पंत मटर 509 ने भारत के उत्तरी पूर्वी मैदानी क्षेत्रों में लगातार तीन वर्षों तक अखिल भारतीय उपज परीक्षणों में मानक प्रजातियों एचएफपी-4, एसकेएनपी-4-9 एवं एचयूडीपी 15 से 29.68, 18.47 एवं 22.81 प्रतिशत अधिक उपज दी। तीन वर्षों तक किए गए परीक्षणों में इसकी औसत उपज 20-25 किग्रा/हेक्टेयर रही। यह प्रजाति चूर्णी फंफूदी और एस्कोकाइटा ब्लाइट तथा फली बेधक कीट के लिये प्रतिरोधी है। इसकी परिपक्वता अवधि 115-120 दिन है। इसके 100 दानों का वजन लगभग 19.1 ग्राम एवं पौधे की ऊंचाई लगभग 63 सेमी. है।

## एक नजर

### ग्राफिक एरा के छात्रों ने लक्ष्य से अधिक पौधों का किया रोपण

**भीमताल :** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर के ईको क्लब के छात्रों ने इस मानसून 500 पौधे लगाने की पहल की थी। ईको क्लब की प्रमुख डॉ. फरहा खान के नेतृत्व में छात्रों ने अपने समर्पण और जागरूकता के साथ इस लक्ष्य को पार करते हुए 600 पौधे लगाए। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और छात्रों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना था। रिटायर्ड कर्नल अनिर नायर, निदेशक, ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल ने इस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए, इसका समर्थन किया और छात्रों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी है, बल्कि यह छात्रों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील भी बनाएगी। इस वृक्षारोपण अभियान में एनसीसी प्रमुख रजत बेलवाल, एनसीसी कैडेट दिव्यांशु, अमित, भावना, आशीष, दिव्या पांडेय, हिमांशु धामी, संदीप, सौरभ, मानसी परिहार, प्रियांशु, सुजल, युवराज, कमल, अरिश, विजय, गुरजीत सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से शामिल हुए।

# 1.08 करोड़ से पुनर्जीवित होंगे शहर के प्राकृतिक जलस्रोत

## 11 जल स्रोत चिह्नित कर जल संस्थान ने पालिका को भेजा प्रस्ताव

## दो दर्जन से अधिक प्राकृतिक जलस्रोतों से नैनीझील को भी सालभर मिलता है पानी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित प्राकृतिक जलस्रोतों को अब नया जीवन मिलेगा। पालिका ने शहर के स्रोतों को पुनर्जीवित करने की योजना बनाई है। पहले चरण में 11 मुख्य स्रोतों को चिह्नित कर प्रस्ताव जल संस्थान को दो लाख रुपये की टोकन मनी आवंटित की गई थी।

जिसके बाद जल संस्थान ने सभी जल स्रोतों का सर्वे कर जल स्रोतों को चिह्नित कर नगरपालिका को एक करोड़ आठ लाख का प्रस्ताव भेजा है। बता दें कि शहर में दो दर्जन से अधिक प्राकृतिक जलस्रोत हैं। जिससे वर्षभर नैनीझील को भी पानी की आपूर्ति होती है। मगर संरक्षण के अभाव में कई स्रोत या तो जीर्णक्षीर्ण अवस्था में पहुंच चुके हैं या फिर स्रोतों का पानी सूखने की कगार पर पहुंच गया है। अब नगर पालिका ने शहर के प्राकृतिक जलस्रोतों को पुर्नजीवित करने की पहल शुरू कर दी है। जल संस्थान अधिशासी अभियंता रमेश गर्ब्याल ने बताया कि नैनीताल शहर के 11 जल स्रोतों का निरीक्षण कर नगर पालिका को 1 करोड़ 8 लाख रुपये का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। जिससे शहर के जलस्रोतों को पुनर्जीवित किया जाएगा। फिलहाल शहर के सिपाही धारा, पर्दाधारा, चूना धारा, गौमुख धारा, स्प्रिंग फील्ड धारा, पाइंस शव विश्राम स्थल, गुफा महादेव, नारायण नगर समेत 11 स्थानों के मुख्य जलस्रोतों को चिह्नित किया गया है।

### पारंपरिक स्वरूप में संवारे जाएंगे जलस्रोत

पालिका प्रशासक केएन गोस्वामी ने बताया कि जलस्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए चाल-खाल, पौधारोपण जैसे जलस्तर बढ़ाने वाले कार्य किए जाएंगे। स्रोत की मुख्यधारा में छेड़छाड़ किये बिना उसे पारंपरिक स्वरूप में संवारा जाएगा। जिस तरह से ग्रामीण क्षेत्रों में नौले व धारे निर्मित किये जाते थे। कार्य करते हुए स्रोतों को वैसा ही स्वरूप दिया जाएगा।

### नैनीताल में सीवर लाइनों की मरम्मत के लिए 83 लाख का प्रस्ताव

**नैनीताल :** शहर में सीवर लाइनों की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए जल संस्थान ने 83 लाख रुपये के प्रस्ताव को तैयार किया है। लंबे समय से शहर के कई हिस्सों में सीवर लीक होने की समस्या उत्पन्न हो रही है, जिससे स्थानीय निवासियों और पर्यटकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने कई बार इस समस्या के समाधान की मांग की है, लेकिन अब जल संस्थान की ओर से उठाया गया यह कदम उम्मीद जगाता है। सीवर लाइनों के मरम्मत कार्य के तहत विभिन्न क्षेत्रों में सुधार कार्य किए जाएंगे, जिससे शहर की स्वच्छता और स्वास्थ्य में सुधार होगा। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता रमेश गर्ब्याल ने बताया कि इस परियोजना का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा, ताकि नागरिकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जा सके। यह योजना न केवल स्थानीय निवासियों के लिए राहत लेकर आएगी, बल्कि नैनीताल आने वाले पर्यटकों के अनुभव को भी बेहतर बनाएगी। शहर की सड़कों पर लीक होने वाले सीवर पानी से न केवल बदबू फैलती है, बल्कि इससे कई स्वास्थ्य समस्याएं भी उत्पन्न होती हैं। अब इस परियोजना से नागरिकों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। स्थानीय निवासियों ने इस प्रस्ताव का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि कार्य समय पर पूरा होगा, जिससे नैनीताल की सुंदरता और स्वच्छता में सुधार होगा।

# नैतिकता व मूल्यों पर फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ

संवाददाता, भीमताल



ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं व शिक्षक।

**अमृत विचार:** ग्राफिक एरा के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, भीमताल कैंपस में ग्लोबेथिक्स अकादमी, जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड के सहयोग से "शिक्षण पेशेवरों और प्रशासकों के लिए नैतिकता और मूल्य" विषय पर छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को उच्च शिक्षा में नैतिक प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरण प्रदान करना है। इस एफडीपी में प्रमुख वक्ता डॉ. प्रियंका कक्कड़, नेशनल फॉरेंसिक साइंसेज यूनिवर्सिटी, गांधीनगर, सुश्री रजुला वी, ग्लोबेथिक्स की साउथ एशिया की रीजनल मैनेजर, और डॉ. अविरल अवस्थी, ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल कैंपस शामिल हैं। डॉ. कक्कड़, जिनके 100 से अधिक प्रकाशन और व्यापक शोध अनुभव हैं, उच्च शिक्षा में नैतिकता की मजबूत समर्थक हैं। सुश्री रजुला वी, जो दक्षिण एशिया में नैतिकता को बढ़ावा देने में आठ वर्षों का अनुभव रखती हैं, विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों और कार्यशालाओं के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुकी हैं। डॉ. अवस्थी, जिनके पास कंप्यूटर नेटवर्क, मोबाइल कंप्यूटिंग और एड-हॉक नेटवर्क में 14 वर्षों का शिक्षण और शोध अनुभव है, ने नैतिक मूल्यों को शिक्षा में शामिल करने के महत्व पर जोर दिया।

सेशन में नैतिक नेतृत्व, उच्च शिक्षा में नैतिक दुविधाओं का सामना करना, और संस्थागत प्रथाओं को मान्यता मानकों के साथ संरेखित करना जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई। इंटरएक्टिव लेक्चर्स और चर्चाओं के माध्यम से प्रतिभागियों ने अकादमिया में नैतिक देखरेख के महत्व की गहराई से जांच की। ग्राफिक एरा के भीमताल और हल्द्वानी कैंपस के प्रतिभागियों ने नैतिक शोध, टीम निर्माण, और नैतिक प्रथाओं को मजबूत करने के लिए उभरती तकनीकों के एकीकरण पर चर्चा की कार्यक्रम प्रो. केए नायर (सेवानिवृत्त) और आयोजन टीम के मार्गदर्शन में चल रहा है।

# महिलाओं को पीसीओएस को लेकर किया जागरूक

संवाददाता, भीमताल



पीसीओएस पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं व शिक्षिकाएं।

**अमृत विचार:** कुमाऊं विश्वविद्यालय के भेषज विज्ञान विभाग द्वारा पॉलिसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) जागरूकता माह के उपलक्ष में जागरूकता माह महिलाओं के स्वास्थ्य एवं जागरूकता के लिए एक कदम शीर्षक पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को पीसीओएस के बारे में जागरूक करना, इससे होने वाले खतरों के बारे में जानकारी प्रदान करना, और पीसीओएस के लिए विभिन्न उपचारों के बारे में जानकारी देना था।

विभागाध्यक्षा प्रो. अनीता सिंह ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पीसीओएस एक आम समस्या है जो महिलाओं को प्रभावित करती है। इसके बारे में जागरूकता बढ़ाना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम की संयोजिका और विभाग की सहायक प्राध्यापिका कुमारी चंद्रकांता ने पीसीओएस के बारे में महिलाओं को विस्तृत जानकारी दी। एमफार्म तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं ने पीसीओएस के बारे में नाटक प्रस्तुत किया। शिविर में भीमताल ब्लॉक की लगभग 40 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें ग्राम प्रधान संगठन की अध्यक्ष श्रीमती हेमा आर्या, ग्राम प्रधान सोंगांव श्रीमती लीलावती पलड़िया, और श्रीमती राधा कुलियाल आदि शामिल रहे।

शिविर में उपस्थित महिलाओं का ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच की गई। ग्राम प्रधान संगठन की अध्यक्ष हेमा आर्या ने विज्ञान विभाग का धन्यवाद किया।

## वाहन चालक पर कार्रवाई की मांग

**नैनीताल:** बीते 4 सितंबर को अज्ञात वाहन की टक्कर से चोटिल हुए बुजुर्ग की मौत हो गई है। बुजुर्ग के परिजनों ने अज्ञात वाहन की टक्कर को बुजुर्ग की मौत का कारण बताते हुए कोतवाली में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

मल्लीताल स्टाफ हाउस निवासी योगेश कुमार ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि बीते चार सितंबर की सुबह उनके पिता मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। मार्ग पर आवाजाही करने वाले लोगों ने उनको सड़क पर घायल अवस्था में देखा। समीप के दुकानदारों ने बताया कि एक पिकअप बैक करने के दौरान उनको टक्कर लगी थी। वह घायल पिता को पहले बीडी पांडे अस्पताल फिर बरेली राममूर्ति अस्पताल ले गए। 8 सितम्बर को उनकी मौत हो गई। उन्होंने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर टक्कर मारने वाले पिकअप चालक पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# जवाब देने के लिए दिया तीन हफ्ते का समय

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान से छह माह का ब्रिज कोर्स कर चुके अभ्यर्थियों को प्राथमिक शिक्षक भर्ती में रेगुलर डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन को (डीएलएड) के समकक्ष मानने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने राज्य सरकार को फिर से जवाब पेश करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई 6 नवंबर को होगी।

मामले के अनुसार अल्मोड़ा निवासी गोपाल सिंह व 115 ब्रिज कोर्स प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि वे बीएड डिग्रीधारी हैं और एनसीटीई से मान्यता प्राप्त ब्रिज कोर्स किया है। वे प्राथमिक शिक्षक बनने की पूर्ण योग्यता रखते हैं। उनको सरकार एवं शिक्षा विभाग का शासनादेश प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति की विज्ञप्ति में डीएलएड प्रशिक्षण के समकक्ष नहीं माना रहा है। जिस वजह से सभी प्रशिक्षित बेरोजगार भर्ती प्रक्रिया से बाहर हो रहे हैं। याचिकाकर्ताओ का कहना है कि 2016 में चयनित बीएड- टीईटी पास शिक्षकों को विशेष सेवारत प्रशिक्षण एनआईओएस से एनसीटीई मान्यता प्राप्त समान नियमों के अंतर्गत दिया गया इसलिए उन्हें भी विभागीय डीएलएड प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों के समकक्ष माना जाए। 9 अगस्त से काउंसलिंग शुरू हो गयी है इसलिए इस काउंसलिंग में उन्हें शामिल किया जाए। ब्रिज कोर्स के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह का कहना है कि उन्होंने यह कोर्स एनसीटीई के नियमों के तहत किया है किंतु उन्हें सरकार व शिक्षा विभाग नई भर्ती प्रक्रिया में शामिल नहीं कर रही है। वर्तमान समय में करीब 2900 प्राथमिक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। उनको भी इसमे प्रतिभाग करने का अवसर दिया जाए। उन्होंने यह कोर्स वर्ष 2017 से 2019 के बीच पूरा कर लिया था। सरकार का यह भी कहना है कि गतिमान भर्ती प्रक्रिया के लिए कोई प्रशिक्षित अभ्यर्थी नहीं मिल रहे है उनके पास सभी योग्यता है फिर भी उन्हें लिया जा रहा है।

### रुड़की के पूर्व पालिकाध्यक्ष को एक माह में व्यक्तिगत रूप से पेश होने के आदेश

**नैनीताल :** हाईकोर्ट में रुड़की नगर निगम के तत्कालीन पालिकाध्यक्ष हाजी दिलशाद अली के कार्यकाल के दौरान हुईं अनियमितताओं को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ ने तत्कालीन पालिकाध्यक्ष को एक माह का नोटिस जारी कर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने को कहा है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 22 अक्टूबर की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार रुड़की निवासी मोहम्मद याकूब ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा कि रुड़की पालिकाध्यक्ष ने पद में रहते हुए डोर टू डोर कूड़ा निस्तारण सहित पालिका के निर्माण कार्यों में सरकारी धन का दुरुपयोग किया। याचिकाकर्ता का कहना है कि तत्कालीन पालिकाध्यक्ष हाजी दिलशाद अली ने स्कूल की बनाई दीवार को पालिका का निर्माण दिखाकर पालिका फंड से बजट निकाल लिया। याचिका में हाजी दिलशाद अली के खिलाफ जांच कर दंडात्मक कार्यवाही की जाए। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने कोर्ट से कार्यवाही के लिए अतिरिक्त समय मांगा और कहा कि इसकी जांच के लिए कमेटी गठित कर ली गयी है जिसकी रिपोर्ट अभी आई नहीं है इसलिए सरकार को अतिरिक्त समय दिया जाए।

# बीडी पांडे अस्पताल में किया कूल्हे की हड्डी का प्रत्यारोपण

संवाददाता, नैनीताल

**सफलता**

**निःशुल्क हुआ लगभग डेढ़ से दो लाख रुपये में होने वाला आपरेशन**

**अमृत विचार:** बीडी पांडे अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र रावत ने 75 वर्षीय मरीज की कूल्हे की हड्डी (बॉल) प्रत्यारोपण करने में सफलता हासिल की है। लगभग डेड़ से दो लाख खर्च वाला आपरेशन आयुष्मान कार्ड के चलते निःशुल्क किया गया। मरीज व तीमारदारों ने अस्पताल प्रबंधन का आभार प्रकट किया है।

बेतालघाट निवासी देव सिंह बोरा (75) तीन सप्ताह पूर्व गांव में गिरकर चोटिल हो गए थे। गिरने से उनके कूल्हे की हड्डी टूट गई थी। परिजन उनको इलाज के लिए रानीखेत अस्पताल ले गए, लेकिन वहां से उनको हायर सेंटर जाने की राय दी गई। हल्द्वानी निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च डेढ़ से दो लाख होने के कारण उनके पुत्र को किसी व्यक्ति ने बीडी पांडे अस्पताल जाने की सलाह दी।

बीडी पांडे अस्पताल में आने के बाद डॉक्टरों ने सफलतापूर्वक उनके टूटे हुए कूल्हे की हड्डी का सफल ऑपरेशन कर दिया। अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र रावत ने बताया कि दो घंटे के ऑपरेशन के बाद बुजुर्ग व्यक्ति के कूल्हे की टूटी हुई बॉल बदली गई है। बताया कि आयुष्मान कार्ड के तहत मरीज का इलाज निःशुल्क किया गया। ऑपरेशन के दौरान टीम में डॉ. यति उप्रेती, सिस्टर देवकी, हेमंत कुमार मौजूद रहे।

## नैनीताल में मिले डेंगू दो मरीज, भर्ती

**नैनीताल:** नैनीताल में भी डेंगू के मरीज सामने आने लगे हैं। बीते दो दिनों में बीडी पांडे अस्पताल में दो मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। दोनों मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है।

बता दें कि मैदानी इलाकों में डेंगू मरीज मिलने के बाद अब नैनीताल में भी दो मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। गुरुवार को नैनीताल निवासी दो मरीजों में डेंगू की पुष्टि के बाद दोनों को भर्ती कर दिया गया है। बीडी पांडे अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एमएस दुग्ताल ने बताया कि डेंगू के दो मरीज पहुंच चुके हैं। एक और मरीज की डेंगू की जांच की गई है। मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर इलाज दिया जा रहा है। बताया कि दोनों मरीज मैदानी इलाकों से वापस लौटे थे। उन्होंने बताया कि डेंगू के मुख्य लक्षण तेज बुखार के साथ तेज सिरदर्द व मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द है।

# एक शिक्षका के भरोसे है पूर्व माध्यमिक स्कूल

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** भीमताल के शिक्षा भवन से मात्र पांच किमी की दूरी पर राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय अलचौना में पढ़ाई का जिम्मा मात्र एक अध्यापिका के हवाले है। शिक्षकों की तैनाती की मांग विद्यालय प्रबंधन समिति कई समय से करती आ रही है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों ने प्रशासन से क्षेत्र की समस्या के निराकरण की गुहार लगाई है।

समिति के अध्यक्ष कृष्णानंद बताते हैं कि आदर्श राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय अलचौना पिछले 8 वर्षों से एक आदर्श विद्यालय के रूप में स्थापित है। बताते हैं कि विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण आदर्श विद्यालय में दो अध्यापकों के द्वारा कार्य संचालन किया जाता रहा था वहीं अब इन दो अध्यापकों में से प्रधानाध्यापक का स्थानांतरण हल्द्वानी कर दिया गया है। वर्तमान में एक अध्यापिका कक्षा 6 से लेकर कक्षा 8 तक के सभी विषयों को पढ़ा रही हैं और विद्यालय के अन्य कार्य भी संपादित कर रही हैं। जबकि मानक अनुसार एक आदर्श विद्यालय में प्रधानाध्यापक के अलावा पांच सहायक अध्यापक होने जरूरी हैं। वहीं अभिभावक और प्रबंधन समिति के सदस्य विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष कृष्णानंद, कैलाश चंद्र, हरिश्चंद्र, मोहन चंद्र, दिनेश चंद्र, रमेश चंद्र, विद्या देवी, मंजू देवी, पंकज कुमार ने शीघ्र मानकों के अनुरूप विद्यालय में शिक्षकों की तैनाती करने की मांग की है।

# नैनीताल में ई रिक्शा का किराया बढ़कर अब प्रति व्यक्ति 15 रुपये

संवाददाता, नैनीताल



नैनीताल में ई रिक्शा के टिकट के लिए लाइन में लगे लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सरोवर नगरी आने वाले पर्यटकों और स्थानीय लोगों को अब ई-रिक्शा में बैठने का किराया 15 रुपये चुकाना होगा। शुक्रवार से नगर पालिका ने ई रिक्शा का किराया 15 रुपये कर दिया है। साथ ही ई-रिक्शा चालकों का दुर्घटना बीमा भी कराया गया है।

नैनीताल में मल्लीताल से तल्लीताल तक ई-रिक्शा का संचालन किया जाता है। दोनों जगहों पर स्टैंड बनाए गए हैं, जहां टिकट कटाने के बाद यात्री लाइन में लगकर इंतजार करते हैं। अब तक ई-रिक्शा का किराया दस रुपये प्रति सवारी निर्धारित है, लेकिन रिक्शा यूनियन ने नगर पालिका से किराया बढ़ाकर 20 रुपये करने की मांग की थी। इसकी भनक लगते ही लोगों ने इसका विरोध किया था। इधर, पालिका ने बीच का रास्ता निकालते हुए ई-रिक्शे का किराया 15 रुपये करने का निर्णय लिया। पालिका की ओर से किराया बढ़ाने पर गजट नोटिफिकेशन पहले ही जारी कर दिया गया था। शुक्रवार से ई रिक्शा का किराया प्रति व्यक्ति 15 रुपये लागू कर दिया गया है। ईओ पूजा चन्द्रा ने बताया कि रिक्शा यूनियन की मांग पर ई रिक्शा का किराया बढ़ाने को लेकर नोटिफिकेशन पहले ही जारी किया जा चुका था। जिसके बाद शुक्रवार से ई रिक्शा का किराया 10 रुपये से बढ़ाकर 15 रुपये लागू कर दिया गया है।

**अनदेखी** सफाई न होने से गंदगी और दुर्गंध से लोग नहीं पा रहे शौचालय का उपयोग, आक्रोश

# चित्रशिला घाट में शौचालय का हाल खराब

संवाददाता, भीमताल



चित्रशिला घाट में बना शौचालय। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रानीबाग के चित्रकला घाट में बिजली शवदाह के सामने नगर निगम द्वारा बनाए शौचालय की हालत बहुत खराब है। यहां लंबे समय से पानी नहीं आ रहा है जिस कारण से शौचालय के कमरों में गंदगी और बदबू पसरी हुई है।

घाट में लोग बड़ी संख्या में शवदाह करने के लिए आते हैं और इस शौचालय का प्रयोग भी करते हैं। गंदगी व बदबू होने से लोगों को परेशानी होती है और उसकी शिकायत कई बार की जा चुकी है लेकिन कुछ हो नहीं रहा है। पता चला कि पहले शनि मंदिर को आने वाली पाइप लाइन से यहां पानी का कनेक्शन दिया गया था लेकिन कुछ माह पहले कनेक्शन काट दिया गया है।

समाजसेवी दीपक नौगांई ने बताया कि जब वह शौचालय का निरीक्षण करने गए तो वहां कोई कर्मचारी या सफाई कर्मचारी उपस्थित नहीं था। स्थानीय लोगों ने स्थिति में सुधार की मांग की है। कहा कि गंदगी के कारण लोग इसका उपयोग नहीं कर पा रहे।



पानी न होने से लोगों को परेशानी होती है इसलिए यह प्रयास किया जा रहा है कि जल जीवन मिशन के तहत यहां पर पानी उपलब्ध कराया जाएगा। डीएम ने इस मिशन के कार्य को जल्द पूर्ण करने के लिए कहा है लेकिन रानीबाग में यह कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है।
**-महेश भंडारी**, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य



शौचालय तो बनाया लेकिन यहां अलग से पाइपलाइन नहीं बिछाई गई। नगर निगम को शौचालय में स्वच्छता बनाए रखने के लिए कार्य करना चाहिए और यहां शीघ्र पानी उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाए।
**-दीपक नौगाई**, शिक्षक

# नैनीताल में होगी 'वायलेंस' की शूटिंग

संवाददाता, नैनीताल



पत्रकार वार्ता करते अभिनेता मुकेश जे भारती और फिल्म निर्माता मंजू भारती।

**अमृत विचार:** अभिनेता मुकेश जे भारती व निर्माता मंजू भारती ने कहा कि पहाड़ों में नशे की बढ़ती लत को लेकर वह फिल्म वायलेंस बनाने जा रहे हैं। बोट हाउस क्लब में पत्रकारों को प्रस्तावित फिल्म की जानकारी दी।

अभिनेता मुकेश कैंची धाम में बाबा नीब करोरी के दरबार में पहुंचे थे और नैनीताल में पत्रकारों से रूबरू हुए। अभिनेता मुकेश जे भारती ने कहा कि बाबा के दर पर आकर ख़ुद को बहुत धन्य महसूस किया। हालांकि अभिनेता मुकेश जे भारती व निर्माता मंजू भारती की फ़िल्म मौसम इकरार के दो पल प्यार के की शूटिंग साल 2016 में नैनीताल में ही पूरी हुई पर उस समय बाबा के दर पर आने का मौक़ा नहीं मिला। उन्होंने कहा कि नशे को लेकर बनाई जा रही फिल्म की शूटिंग नवम्बर में शुरू होगी। जिसमें बॉलीवुड के कई बड़े चेहरे नजर आएंगे। निर्माता मंजू भारती ने कहा कि यहां आकर बहुत पॉजिटिव एनर्जी महसूस हुई। मैंने बाबा के बारे में बहुत सुना था तो यहां आने की इच्छा प्रकट हुई और बाबा ने बुला लिया अब इसमें कोई न कोई चमत्कार ज़रूर है। अभिनेता मुकेश जे भारती बॉलीवुड फ़िल्म काश तुम होते, मौसम इसरार के दो पल प्यार के, प्यार में थोड़ा ट्विस्ट जैसी फ़िल्मों में नज़र आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि नशे पर बनाई जा रहा फिल्म की शूटिंग नैनीताल के साथ ही आसपास की जाएगी।

## नैनीताल में जल क्रीड़ा और गोल्फ कल से

**नैनीताल:** उत्तराखंड में आज शुरू हुए पांचवे राज्य मंडल खेलों के तहत 22 और 23 सितंबर को नैनीताल राज भवन में गोल्फ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। वहीं नैनी झील में कयाकिंग- केनोइंग, याचिंग और रोइंग महिला और पुरुष वर्ग की प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

उत्तरांचल ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश नेगी ने बताया कि खेलों को लेकर तैयारियां पूरी हो गई है। झील में होने वाली प्रतियोगिता के लिए ट्रैक का निर्माण पूरी तरह से हो गया है। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों की टीम में प्रतिभाग करेंगे। नैनी झील में कयाकिंग - कनोइंग रेस के लिए तीन ट्रैक बनाए गए हैं। प्रतियोगिता के दौरान नैनी झील में पर्यटकों के नौकायन पर कुछ समय के लिए प्रतिबंध रहेगा।

**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

| 32.0° | 25.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06.00 | सूर्यास्त 18.10 |

## एक नजर

### ऑटो की टक्कर से वृद्ध की मौत

**हल्द्वानी :** एक वृद्ध को ऑटो चालक ने टक्कर मार दी। उपचार के दौरान वृद्ध की अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के बेटे की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वार्ड नंबर एक गांधी नगर निवासी मो. कमर ने पुलिस को मामले की शिकायत की। शिकायत के अनुसार मो. उमर (73) बीती 11 सितंबर को नैनीताल को-आपरेटिव बैंक के तिराहे के पास साइड से खड़े थे। एक ऑटो रिक्शा (यूके 04 टीए 7858) तेज गति के साथ आ रहा था, जिसने मो. उमर को टक्कर मार दी। वृद्ध को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया लेकिन उपचार के दौरान बीती 13 सितंबर को डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में उनकी मौत हो गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि शीघ्र की आरोपी को गिरफ्तार करके कार्रवाई की जाएगी।

### किशोर लापता

**हल्द्वानी :** स्कूल की परीक्षा देने गया किशोर घर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हाइडिल कॉलोनी निवासी गणेश दत्त जोशी ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को उनका बेटा प्रकाश चंद्र जोशी उम्र 16 पॉलीशीट के एक स्कूल में पढ़ता है। वह स्कूल में परीक्षा होने के बाद से अभी तक घर वापस नहीं आया है। परिजनों ने किशोर के दोस्तों और रिश्तेदारों में भी पता किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। पुलिस किशोर की तलाश में जुट गई है।

### स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने गफूर बस्ती में नेपाली बस्ती के पास एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार नेपाली बस्ती वाली गली में एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने उससे पूछताछ की तो आरोपी ने अपना नाम जुबेद निवासी गफूर बस्ती बताया। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 9.65 ग्राम स्मैक मिली। आरोपी ने बताया कि वह स्मैक पीने का आदी है और स्मैक को को फरमान निवासी गफूर बस्ती से खरीद कर लाया है। पुलिस फरमान की भी तलाश कर रही है।

### युवक से हुई मारपीट

**हल्द्वानी :** काठगोदाम क्षेत्र में एक युवक के साथ दिन दहाड़े मारपीट हुई है। युवक के पिता ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार देवखड़ी निवासी अर्जुन लाल टम्टा ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा नितिन कुमार उम्र 44 वर्ष हाइडिल गेट काठगोदाम से बीती सात सितंबर को पैदल अपने घर के लिये आ रहा था। उसे रास्ते में एक दुकान के पास 5-6 लड़कों ने घेर लिया। आरोपियों ने युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी। वहीं मौके पर नितिन की मां भी थी जो यह घटना देखकर वहीं बेहोश हो गई। आरोप है कि युवक को इतना मारा है कि उसके पांव की कुल्हे की हड्डी टूट गई है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। युवक का उपचार चल रहा है और उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# डीएम के दांव से सड़क चौड़ीकरण का विरोध कर रहे व्यापारी हुए चित

**12** मीटर सड़क चौड़ीकरण प्रस्तावित हैं मंगल पड़ाव से रोडवेज तक

**101** सरकारी व निजी संपत्तियां आ रही है चौड़ीकरण में

## डीएम ने व्यापारियों को पढ़कर सुनाया उन्हीं का दिया ज्ञापन-'हमें फ्लाईओवर नहीं चाहिए, सड़क चौड़ी कर दीजिए'

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



एनएच इंटर कॉलेज में डीएम वंदना सिंह से सड़क चौड़ीकरण को लेकर वार्ता करते व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मंगल पड़ाव से रोडवेज तक सड़क चौड़ीकरण के विरोध में जिला प्रशासन और व्यापारियों की नूराकुश्ती में डीएम वंदना सिंह ने एक ही दांव में विरोध कर रहे व्यापारियों को चारों खाने चित कर दिया। डीएम ने व्यापारियों को उन्हीं का लोनिवि अधिशासी अभियंता को दिया ज्ञापन जिसमें उन्होंने फ्लाईओवर का विरोध करते हुए सड़क चौड़ीकरण की मांग की थी, पढ़कर सुनाया तो व्यापारी डीएम के सामने टिक नहीं सके। डीएम ने व्यापारियों को सड़क चौड़ीकरण में राहत देने से दो टूक इंकार कर दिया।

डीएम वंदना सिंह ने शुक्रवार को एचएन इंटर कॉलेज में जन संवाद एवं जन समस्या समाधान शिविर लगाया था। इस बीच प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक व्यापारी मंगल पड़ाव से रोडवेज तक दोनों तरफ 15-15 मीटर सड़क चौड़ीकरण के विरोध में पहुंचे और चौड़ीकरण का दायरा 10-10 मीटर करने की मांग करने लगे। जिस पर डीएम ने कहा कि व्यापारियों से वार्ता की गई लेकिन अंतिम मिनट तक बात नहीं बनी। लोनिवि ईई ने हाईकोर्ट में 15 मीटर चौड़ीकरण का शपथ पत्र दिया है, ऑफिशियल रिकॉर्ड बन चुका है। उन्होंने कहा कि बार-बार यहां वहां झूलने से 15, 13, 10 मीटर नहीं हो सकता है। लालडांट में चौड़ीकरण में चार-पांच व्यापारी आ रहे थे, उनके भी अधिकार थे, आप ज्यादा संख्या में आ गए हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि आपके अधिकार ज्यादा हैं। मैंने खुद वादा किया था चौड़ीकरण में जिनकी पूरी दुकान जा रही है उनकी वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। नगर निगम के शॉपिंग कांपलेक्स का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया। भूमिधरी व फ्रीहोल्ड दुकानधारकों के लिए मुआवजा देने के लिए रातों रात सवा दो करोड़ रुपये का इंतजाम किया गया। फिर डीएम ने व्यापारियों को प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की ओर से जून-2023 में लोनिवि ईई को दिया ज्ञापन जिसमें प्रस्तावित फ्लाईओवर का विरोध करते हुए सड़क चौड़ीकरण की मांग की गई थी, पढ़कर सुनाया तो व्यापारियों को सांप सूंघ गया। डीएम ने कहा कि व्यापारियों को फ्लाईओवर, रिंग रोड, सड़क चौड़ीकरण नहीं चाहिए तो शहर का विकास कैसे होगा। वैसे भी सड़क के एक तरफ सरकारी संपत्तियों को हटाकर 12-12 मीटर चौड़ीकरण कर दिया गया है, ऐसे में सड़क सुरक्षा मानकों को देखते हुए दूसरी तरफ भी चौड़ीकरण आवश्यक है। डीएम ने कहा कि दिसंबर में चौड़ीकरण का काम शुरू हुआ था, अब सितंबर खत्म होने वाला है, इस आठ माह में लगभग 14 करोड़ की लागत बढ़ गई है। डीएम ने दो टूक इंकार करते हुए कहा कि उनकी तरफ से सड़क चौड़ीकरण में कोई राहत नहीं मिल सकती है। इस दौरान शहर अध्यक्ष योगेश शर्मा, मुकेश धींगड़ा, मनोज जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### हमें उम्मीद थी मैडम आपका ट्रांसफर हो जाएगा

**हल्द्वानी :** डीएम और व्यापारियों की बातचीत चल रही थी कि इस बीच डीएम ने कहा कि व्यापारियों को राहत देने के लिए तीन आश्वासन दिए थे लेकिन आप नहीं माने और कोर्ट चले गए। तब एक व्यापारी ने कहा कि मैडम, हमें उम्मीद थी कि आपका दो-तीन माह में ट्रांसफर हो जाएगा और यह सब कुछ बच जाएगा। इस पर डीएम हंस दी और उन्होंने कहा कि जिस दिन से नैनीताल जिले में आई हूं, पहले दिन से ट्रांसफर की चर्चा हो रही है। फिलहाल यह मामला कोर्ट में लंबित है, आप लोग दुआ करिए मेरा ट्रांसफर हो जाए तो शायद बच जाए।

# कई समस्याओं का हुआ समाधान तो कई में निर्देश

संवाददाता, हल्द्वानी

**शिविर**

▸▸ **वार्ड 20-30 की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए एचएन इंटर कॉलेज में डीएम ने किया जनसंवाद**

**अमृत विचार :** डीएम वंदना सिंह ने शुक्रवार को रामपुर रोड स्थित एचएन इंटर कॉलेज में वार्ड 20 से 30 तक की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए जनसंवाद शिविर लगाया। इसमें बिजली, पानी, सड़क, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया। डीएम ने कहा कि जल्द ही अन्य वार्डों में भी जनसंवाद शिविर लगाए जाएंगे।

शिविर में लोगों ने बताया कि एचपीसीएल ने गैस पाईप लाइन बिछाने के लिए सड़क खोद दी लेकिन गड्ढे नहीं भरे। डीएम ने एचपीसीएल अधिकारियों को नगर निगम के साथ समन्वय बनाकर जिन क्षेत्रों में गैस पाईप लाइन बिछा दी गई है, वहां सड़कों की मरम्मत को कहा। बरेली रोड निवासी त्रिभुवन बाली ने बताया कि लक्ष्मी शिशु मंदिर के आसपास आबादी क्षेत्रों में ठेलों पर शराब बेची जाती है। डीएम ने सिटी मजिस्ट्रेट को औचक निरीक्षण कर ऐसे ठेले वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। बसन्ती देवी निवासी आंनद विहार ने बताया कि सिंचाई विभाग की नहर कवरिंग के दौरान उनके भवन के सोख्ता पिट को तोड़ दिया था, जिससे घर के अन्दर पानी आ रहा है। इस पर डीएम ने सिंचाई विभाग को सोख्ता पिट की मरम्मत के निर्देश दिए। चिन्तामणी तिवारी ने दाखिल खारिज, मोहन राम निवासी गुसाई नगर ने पानी की समस्या, प्रकाश तिवारी ने विद्युत बिल में त्रुटि, रोहित कुमार निवासी गांधीनगर ने पेयजल, विद्युत, खाद्य की समस्याएं बताईं। अंत में डीएम ने श्रमिकों का श्रम विभाग से सत्यापन, नगर निगम कर्मचारियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, प्राधिकरण के सचिव विजय नाथ शुक्ला, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, एसडीएम परितोष वर्मा व तुषार सैनी मौजूद रहे।



जनसंवाद शिविर में जन समस्याएं सुनतीं डीएम वंदना सिंह व निवर्तमान मेयर रौतेला।

# मुकेश बोरा के घरों की हुई कुर्की

संवाददाता, हल्द्वानी



मुकेश बोरा के घर की कुर्की करती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पॉक्सो और दुष्कर्म के आरोपी नैनीताल दुग्ध संघ का अध्यक्ष मुकेश बोरा के घरों की पुलिस ने कुर्की की है।

मुकेश बोरा के ऊपर पूर्व में एक महिला ने दुग्ध संघ में स्थाई नौकरी देने का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने आरोप लगाया था। साथ ही महिला ने यह भी आरोप लगाया था कि आरोपी उसकी नाबालिग लड़की के साथ भी छेड़छाड़ करता है। हाईकोर्ट ने बीती 17 सितंबर को उसे गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था। तब से मुकेश फरार चल रहा है। इससे पहले हाईकोर्ट उसकी गिरफ्तारी पर एक बार स्टे भी दे चुका है लेकिन बोरा ने पुलिस जांच में कोई भी सहयोग नहीं किया था। शुक्रवार को पुलिस ने मुकेश बोरा के हल्द्वानी में ऊंचापुल स्थित किराये के मकान और विकासखंड ओखलकांडा के पैतृक मकान में कुर्की कर दी। पुलिस ने नोटिस चिपकाकर कुर्की को लेकर मुनादी भी कराई थी इसके बावजूद बोरा लगातार फरार ही चल रहा है। पुलिस अब कुर्क किए गए सामान का एक सप्ताह के अंदर मूल्यांकन करेगी। अब बचे हुए सामान की कुर्की पुलिस शनिवार को करेगी।

# त्रिवार्षिक समझौता कराने के दिए निर्देश

**लालकुआं, अमृत विचार:** सेंचुरी पल्प एंड पेपर वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष कैलाश चंद्र मेलकानी ने डीएम वंदना से मिल के स्थाई, अस्थाई तथा ठेकेदारी श्रमिकों की समस्याएं बताईं। इसमें 1 फरवरी 2024 से लंबित त्रिवार्षिक समझौता जल्द लागू करवाने की मांग प्रमुख रूप से की गई। इस पर डीएम ने उप श्रमायुक्त एवं लालकुआं एसडीएम को तत्काल यूनियन एवं प्रबंधकों को आपस में बैठाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में समझौता संपन्न कराने के निर्देश दिए। आश्वासन दिया कि जल्द ही मिल अधिकारियों से वार्ता कर श्रमिकों का त्रिवर्षीय समझौता संपन्न कर लिया जाएगा।

# वीकेंड के लिए डायवर्जन प्लान

संवाददाता, हल्द्वानी

**तैयारी**

▸▸ **जाम से बचने को दोपहर 12 से रात 11 बजे तक यात्रा रूट में भारी वाहनों का प्रवेश बंद, प्लान के तहत ही जाएंगे वाहन**

**अमृत विचार:** पुलिस ने वीकेंड को देखते हुए शनिवार और रविवार के लिए रूट डायवर्जन प्लान लागू किया है। शनिवार व रविवार को यात्रा रूट में भारी वाहनों का प्रवेश दोपहर12 बजे से 11 बजे तक बंद रहेगा।

कालाढूंगी रोड से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले सभी वाहन लामाचौड़ तिराहा से फतेहपुर/कठघरिया की ओर जाने वाली वाली रोड के बाई ओर रोके जायेंगे व शहर क्षेत्र से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले भारी वाहन ऊंचापुल तिराहा होते हुए चौफला चौराहा से चंबल पुल तिराहा के मध्य रोड के बाई ओर रोके जायेंगे। इसके अलावा बरेली रोड/रामपुर रोड से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले भारी वाहन क्रमशः बरेली रोड में तीनपानी के पास रोड के बाई ओर व रामपुर रोड में बेलबाबा के पास रोड के बाई ओर रोके जायेंगे। चोलगलिया रोड से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले समस्त प्रकार के भारी वाहन कुंवरपुर तिराहा से खेड़ा चौराहा के मध्य रोड के बाई ओर लगाये जायेंगे। अल्मोड़ा/बागेश्वर से हल्द्वानी की ओर आने वाले भारी वाहन भावाली से मस्जिद तिराहा होते हुए नम्बर एक बैंड ज्योलिकोट तक आ सकेंगे।

जहां उनको रात 11 बजे तक रोका जायेगा। मुक्तेश्वर रोड से शहर हल्द्वानी की ओर आने वाले समस्त प्रकार के भारी वाहन मुक्तेश्वर से रामगढ़ रोड होते हुए भवाली से मस्जिद तिराहा होते हुए नम्बर एं बैंड ज्योलीकोट तक आ सकेंगे। जहां उनको रात 11 बजे तक रोका जायेगा। भीमताल से हल्द्वानी की ओर आने वाले समस्त प्रकार के भारी वाहन दोपहर 12 बजे से रात 11 बजे तक सलड़ी चौकी/अमृतपुर में रहेंगे।

# बेस में 3 डॉक्टरों की ओपीडी रही बंद

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल में मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ी। शुक्रवार को तीन डॉक्टर नहीं थे, इनमें से दो विभागों की ओपीडी के मरीजों को बिना दिखाए ही वापस आना पड़ा।

अस्पताल में त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. किरन केसी अवकाश पर हैं। त्वचा रोग विभाग की ओपीडी से मरीजों को वापस आना पड़ा। इसके अलावा डॉ. एच. ऐरी ओटी में थे। दूसरे हड्डी रोग विशेषज्ञ अवकाश पर होने की वजह से हड्डी रोग विभाग की ओपीडी पूरी तरह से बंद हो गई। अस्पताल में मेडिसन विभाग के बाद सबसे ज्यादा मरीज हड्डी रोग विभाग की ओपीडी में ही आते हैं। इनके अलावा अस्पताल के एक अन्य फिजिशियन भी अवकाश पर हैं। उनकी ओपीडी अलग से बना दी गई है। अस्पताल में दो फिजिशियन होने से मरीजों को काफी लाभ हो रहा था। हालांकि फिजिशियन डॉ. विनीता निखुर्पा मरीजों को देख रहीं थीं लेकिन दूसरे फिजिशियन के अवकाश पर होने की वजह से मरीजों को लंबी कतार में लगना पड़ा। अस्पताल के पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि इसके अलावा अन्य डॉक्टर मरीज को देख रहे थे।

# विद्यार्थियों को करना होगा मैस का भुगतान

**हल्द्वानी :** राजकीय मेडिकल कॉलेज के छात्रावास के 40 विद्यार्थियों ने मैस में खाने का भुगतान नहीं किया है। इन विद्यार्थियों को करीब 20 लाख रुपये देने हैं। बार-बार इन विद्यार्थियों से कहने के बाद भी ये भुगतान नहीं कर रहे हैं। छात्रावास इंचार्ज डॉ. आरजी नौटियाल ने कहा कि यदि 30 सितंबर तक विद्यार्थी बकाया भुगतान नहीं करेंगे तो उन्हें हॉस्टल से निकाल दिया जाएगा। किसी भी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं होगी।

# बेटियों ने इको टाउन को बताया डेंजर जोन

संवाददाता हल्द्वानी

**14** स्थानों को असुरक्षित चिन्हित कराया

**अमृत विचार:** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से संवेदीकरण कार्यशाला में शुक्रवार को ऑरम द ग्लोबल स्कूल में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत "बालिकाओं द्वारा असुरक्षित स्थानों के चिन्हीकरण" विषय में कार्यशाला हुई। कार्यशाला में अपर निदेशक, प्रशिक्षण ॠचा सिंह और बाल विकास परियोजना अधिकारी शिल्पा जोशी को छात्राओं ने शहर में 14 स्थानों को असुरक्षित चिन्हित कराया। बालिकाओं ने कहा कि इको टाउन के पास ऑटो वाले ड्रग्स और शराब के नशे में ऑटो चलाते हैं और कुछ ऑटो वाले ड्रग्स भी बेचते हैं, आते जाते लड़कियों से छेड़खानी करते हैं, यह अप्रिय घटना की आशंका है। एमबीपीजी कॉलेज के पीछे, डीसी से मुखानी को लिंक करने वाली रोड, जवाहर ज्योति दमवाढूंगा, लालडांठ से सरस्वती विहार, रोडवेज बस स्टैंड, डीएसडी बैडमिंटन अकादमी के पास, ठंडी सड़क में स्कूलों के पास और पार्क में, देवालचौड़, उत्थान मंच के सामने, हीरानगर, तल्ली बमोरी में भट्ट कॉलोनी, पनचक्की चौराहा, आवास विकास से सुभाषनगर रोड, मुखानी से धनमिल रोड और जगदम्बा नगर पार्क को असुक्षित बताया। बालिकाओं ने बताया कि इन सड़कों पर नशेड़ी तेज रफ्तार वाहन चलाते हैं। इन स्थानों पर ड्रग्स और शराब का कारोबार भी चलता है, सुनसान रास्ते में लड़के पीछा करते हैं, ऑटो वाले जानबूझकर सुनसान रास्ते से ले जाते हैं, अंधेरे का फायदा उठाकर लड़के बाइक से आकर गलत तरीके से छूते हैं और भद्दे कमेंट्स करते हैं। अपर निदेशक, प्रशिक्षण ॠचा सिंह ने बताया कि पिछली कार्यशालाओं में चिन्हित स्थानों पर समस्त संबंधित विभागों की ओर से कार्रवाई की जा रही है। बाल विकास परियोजना अधिकारी शिल्पा जोशी ने कहा कि कार्यशालाआ का असर देखने को मिल रहा है।

**राजनीति** केंद्रीय सड़कराज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा, 100 दिन में सामाजिक विकास को 15 लाख करोड़ का निवेश

# केंद्रीय मंत्री ने गिनाईं केंद्र की 100 दिन की उपलब्धियां

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता करते केंद्रीय सड़क राज्य मंत्री अजय टम्टा।

**अमृत विचार :** केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने शुक्रवार को काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस काठगोदाम में सरकार के 100 दिन पूरे होने पर केंद्र की उपलब्धियां गिनाईं।

केंद्रीय राज्य मंत्री टम्टा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100 दिन पूरे होने पर सामाजिक ढांचा पूरा करने को 15 लाख करोड़ का निवेश किया है। उन्होंने कहा अल्मोड़ा-बागेश्वर में 4.50 करोड़ से काम शुरू किया है। काठगोदाम से नैनीताल को, ज्योलीकोट से भवाली कैंची बाइपास होते हुए अल्मोड़ा से रानीखेत-पांडुखोला होते हुए कर्णप्रयाग तक, अल्मोड़ा से पनार तक टू लेन किया जाएगा। धारचूला से गुंजी तक टू लेन समेत राज्य की सभी एनएच को टू लेन किया जाना है। उन्होंने कहा कि एनएच-09 के 58 किमी में एक लेन/इंटरमीडिएट लेन से टूलेन चौड़ीकरण का काम 384 करोड़ की लागत का सात सितंबर को अवार्ड कर दिया गया है जिससे लिपुलेख से माउंट कैलाश के दर्शन सुगम होंगे । चीन बॉर्डर की सीमावर्ती कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा इसके अलावा वहा सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा और इससे रोजगार में भी वृद्धि होगी। दो वर्ष में काम किया जाना है।

टम्टा ने बताया कि चारधाम प्रोजेक्ट के अंतर्गत केदारनाथ एवं यमुनोत्री को जोड़ने वाले एनएच के निर्माण को सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति से हरी झंडी मिल गयी है। इससे यमुनोत्री में 25.08 किमी में टू लेन चौड़ीकरण कराया जा सकेगा तथा केदारनाथ में शेष 13 किमी को टूलेन में चौड़ा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9.85 किमी चम्पावत बाइपास की टूलेन की 307 करोड़ की डीपीआर प्रगति में है। सुप्रीम कोर्ट की गठित ओवरसाइट समिति ने इसको स्वीकृति दी है।

इसी तरह ॠषिकेश बाइपास 10.88 किमी फोर लेन 1414 करोड लागत की डीपीआर प्रगति में है। बाइपास बनने से ॠषिकेश शहर एवं चारधाम यात्रियों को जाम से राहत मिलेगी। कार्य की स्वीकृति का लक्ष्य दिसंबर 2004 रखा गया है। इन 100 दिनों की उपलब्धियां देश को बेहतर भविष्य की ओर ले जाने की ओर बढ़ रही हैं।

### कांग्रेस देश भर में बैसाखी का सहारा लेकर लड़ रही चुनाव : तिवारी



**हल्द्वानी :** भाजपा की पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी सुरेश तिवारी ने कहा कि कांग्रेस व नेशनल कांफ्रेंस का जम्मू कश्मीर चुनाव के लिए गठबंधन हुआ है, दोनों दलों का कहना है कि यदि उनकी सरकार बनेगी तो अनुच्छेद 370 व 35 ए हटा देंगे। ऐसा बयान पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा हाफिज का भी आया। कांग्रेस को स्थिति स्पष्ट करना चाहिए कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री से सहमत या असहमत है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 व 35 ए को हटाने का अधिकार राज्य सरकार को नहीं है। आरोप लगाया कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति की है, कांग्रेस व नेशनल कांफ्रेंस भली-भांति जानती हैं कि वे इस कानून को किसी भी कीमत पर नहीं हटा सकते हैं। देश में कांग्रेस की स्थिति इस प्रकार हो गई है कि हर राज्य में बैसाखी के सहारे चुनाव लड़ रही है जम्मू कश्मीर के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिलेगा।

# मंडलायुक्त ने की दस करोड़ से अधिक की योजनाओं की समीक्षा

संवाददाता, हल्द्वानी



कैंप कार्यालय में सिंचाई विभाग की समीक्षा करते मंडलायुक्त दीपक रावत।

**अमृत विचार:** कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने सिंचाई विभाग की ओर से किए जा रहे 10 करोड़ की लागत से अधिक की विकास व सुरक्षात्मक योजनाओं की मंडल स्तरीय समीक्षा की।

सिंचाई विभाग की ओर से बताया गया कि पिथौरागढ़ के विकासखंड धारचूला में ग्वालगांव (ऐलधारा) व टनकपुर-तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग पर सक्रिय भूस्खलन के स्थाई समाधान, धारचूला के खौतिला के तटबंध सुदृढ़ीकरण, गुंजी की काली नदी से बाढ़ सुरक्षा कार्य व द्वाराहाट में ग्राम च्योली के समीप गगास बैराज का निर्माण कार्य किया जा रहा रहा है। इनके अलावा विकासखंड हवालबाग में अतिवृष्टि से भू-धसाव और भू-कटाव से आवासीय भवनों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के बचाव के लिए सुरक्षात्मक कार्य और नगर पालिका अल्मोड़ा में ड्रेनेज का काम चल रहा है। नैनीताल में बलिया नाला भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का उपचारात्मक कार्य, डीएसबी कॉलेज गर्ल्स हॉस्टल के भू-स्खलन से सुरक्षा के लिए उपचारात्मक कार्य हो रहे हैं। ठंडी सड़क पर किया जा रहे विकास कार्य के अलावा ऊधमसिंह नगर जिले में भी सुरक्षा के काम हो रहे हैं। इस मौके पर मुख्य अभियंता अल्मोड़ा चंद्र शेखर सिंह, अधीक्षण अभियंता उधम सिंह नगर पीके दीक्षित, अधीक्षण अभियंता अल्मोड़ा आरके तिवारी, अधीक्षण अभियंता हल्द्वानी एम कुमार, ईई दिनेश रावत मौजूद रहे।

# कनाडा के प्रोफेसर ने दिए कौशल निखारने के टिप्स

## कनाडा से आए प्रो. जोसफ लेविंटन ने जीआईसी करनपुर में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे कौशलम विकास कार्यों का जायजा लिया

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** राजकीय इंटर कॉलेज करनपुर में भारत सरकार द्वारा विषय के रूप में चलाए जा रहे कौशलम कार्यक्रम का निरीक्षण एवं परीक्षण करने कनाडा से आए विदेशी डीन, प्रोफेसर जोसफ लेविंटन (एसोसिएट डीन, मागील यूनिवर्सिटी, मॉन्ट्रियल, कनाडा) एवं तथा राष्ट्रीय स्तर के सदस्य कुणाल मिश्रा ने कौशल विकास के तहत हो रहे कार्यक्रमों की जानकारी ली।

इस दौरान डीन जोसेफ लेविंटन ने अपने अनुभव साजा करते हुए भविष्य के लिए छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में अपने कौशल से सफल होने के टिप्स दिए। विदेशी मेहमान को अपने बीच पाकर छात्र-छात्राओं में काफी उत्साह दिखाई दिया। उन्होंने साथ ही विद्यालय के मैदान में चल रहे संकुल स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहित किया गया। प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह नेगी, प्रवक्ता उमेश लाल, प्रवक्ता नवीन तिवारी, प्रवक्ता माहुल प्रसाद, अध्यापक जीतपाल सिंह कठैत एवं सियाराम वर्मा ने छात्र-छात्राओं को कौशलम की जानकारी दी गई।

साथ ही विदेशी अतिथि को विद्यालय में कौशल विकास कार्यक्रम की जानकारियों से अवगत कराया। इस दौरान विद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी नईम अहमद ने कार्यक्रम की सफलता पर आभार जताया। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में हरीश वर्मा, समीम रिजवी, प्रकाश बिष्ट, अपर्णा वर्मा, सुनीता बिष्ट, बंता सिंह, महेन्द्र सिंह, धीरेंद्र रावत, रेखा, पार्वती का योगदान रहा।



रामनगर में स्कूली बच्चों के साथ प्रो. जोसफ लेविंटन। ● अमृत विचार



आईआरबी बैलपड़ाव में कराटे प्रतियोगिता में शामिल स्कूली बच्चे।

# 18 बच्चों को मिली कराटे प्रतियोगिता में येलो बेल्ट

संवाददाता, रामनगर

**आयोजन**

- आईआरबी बैलपड़ाव में कराटे बेल्ट टेस्ट का आयोजन
- उप सेनानायक मनीषा जोशी ने आत्मरक्षा के लिए जरूरी बताया

**अमृत विचारः** आईआरबी बैलपड़ाव में कराटे बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें 18 खिलाड़ियों ने भाग लिया। ये सभी बच्चे आईआरबी परिसर के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करते हैं। यह बच्चे पिछले चार महीनों से कराटे का प्रशिक्षण ले रहे हैं। जिन्हें सेंसई अविरल सक्सेना द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कोच सेंसई अविरल सक्सेना ने बताया कि आईआरबी पुलिस ट्रेनिंग सेंटर बैलपड़ाव में कराटे ट्रेनिंग कैंप का शुभारम्भ उप सेनानायक मनीषा जोशी, शिविरपाल हरकेश सिंह ने फीता काट कर किया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर 18 खिलाड़ियों ने येलो बेल्ट प्राप्त की। सेंसई मिंटू कुमार सैनी ने बच्चों को कराटे के कई गुर सिखाए। उप सेनानायक मनीषा जोशी ने कहा कि आजकल बढ़ रहे अपराधों से निपटने के लिए हर बालक और बालिका को कराटे का प्रशिक्षण लेना चाहिए।

जिससे वह अपनी रक्षा स्वयं कर सके और अपने को सुरक्षित रख सके। शिविरपाल हरकेश सिंह ने बताया कि इस आयोजन से समाज को सन्देश देना है कि कराटे हमारे देश की प्राचीन कला में से एक है। हमें इस कला को आगे बढ़ाने के साथ साथ बच्चों में खेल की भावना को जगाना चाहिए। इस दौरान एपीसी दीपक लाल, योगेंद्र मेहता लक्ष्मण बिष्ट, तुषार कुमार, आनंद बल्लभ भट्ट, नरेंद्र उपाध्याय, राजेश उपाध्याय मौजूद रहे।

**सार-संक्षेप**




ढेला रेस्क्यू सेंटर का निरीक्षण करते केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के सदस्य।

## केंद्रीय चिड़ियाघर के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**रामनगर :** कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत ढेला स्थित रेस्क्यू सेन्टर का केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण (सीजेडए) की दो सदस्यीय विशेषज्ञ समिति ने निरीक्षण किया। उन्होंने वन्यजीवों के पुनर्वास, रेस्क्यू एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी व्यवस्थाओं में और बेहतर सुधार करने की जानकारियां सीटीआर के अधिकारियों को दी। साथ ही वन्य जीव संरक्षण के तहत उनको रेस्क्यू करने वाले उपायों पर गहन मंथन करते हुए एक दूसरे के साथ अपने सुझाव भी साझा किए। दो सदस्यीय दल ने निरीक्षण के दौरान सीटीआर द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करने के साथ ही कई नवीनतम जानकारियां भी दीं, जो वन्यजीव संरक्षण के लिए मददगार साबित हो सकती है। इस दौरान प्रमुख वन संरक्षक (वन्य जीव) एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक उत्तराखण्ड डॉ. समीर सिन्हा, कार्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला, उप निदेशक दिगन्ध नायक आदि मौजूद रहे।

## लोक जिम्मेदार पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन 28 को

**हल्दूचौड़ :** भारत की लोक जिम्मेदार पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन 28 सितंबर को लखनऊ में होगा। इसमें उत्तराखंड से भी बड़ी संख्या में लोग हिस्सा लेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दयाल सागर जोशी ने बताया कि उक्त अधिवेशन पार्टी के संस्थापक आईएएस स्वर्गीय धर्म सिंह रावत की जयंती पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लखनऊ के दारुलसफा बी ब्लॉक कामन हाल में होगा। उन्होंने कहा कि उक्त अधिवेशन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट डीएस रावल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जीवन चंद्र उप्रेती, राष्ट्रीय सचिव आनंद सिंह बिष्ट आदि रहेंगे।

## विधायक ने मुख्यमंत्री कोष के किए चेक वितरित

**रामनगर :** विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से क्षेत्र के तीन पात्र परिवारों को उपचार व अन्य सहायतार्थ 2,25000 रुपये की सहायता राशि के चेक वितरित किए। विधायक ने कहा कि सभी जरुरतमंद लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करवाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यो के प्रति भी सरकार सजग है। चेक वितरण में भाजपा नेता राजेंद्र सैनी, पुष्कर चौहान, घनश्याम शर्मा, राजस्व उपनिरीक्षक आरिफ हुसैन, देवेन्द्र मेहरा, कृपाल सिंह, प्रकाश थापा आदि उपस्थित रहे।



कालाढूंगी में चिकित्सकों का स्वागत करते सामाजिक कार्यकर्ता।

## बाल रोग विशेषज्ञ व महिला चिकित्सक का स्वागत किया

**कालाढूंगी :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बाल रोग विशेषज्ञ और महिला चिकित्सक की तैनाती से क्षेत्रीय लोगों को काफी राहत मिली है। बीते दिनों यहां निरीक्षण को पहुंचे मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरीश चंद्र पंत के सामने क्षेत्रवासियों ने चिकित्सकों की तैनाती की मांग की थी। जिसके बाद उन्होंने यहां महिला चिकित्सक और बाल रोग विशेषज्ञ की तैनाती कर दी है। शुक्रवार को सामाजिक कार्यकर्ता मयंक गुप्ता और उनकी टीम ने अस्पताल पहुंचकर महिला चिकत्सक डॉ. ऐश्वर्या एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश सिसोदिया को बाबा नीम करौली का चित्र भेंट कर उनका स्वागत किया। साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी डा. हरीश चंद्र पंत का आभार व्यक्त किया। कालाढूंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेश सिसोदिया बुधवार और शुक्रवार को अपनी सेवा दे रहे हैं। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अमित मिश्रा, डॉ. शमी खान आदि रहे।



राजकीय इंटर कॉलेज रौशिल में गणवेश वितरण कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी।

## जीआईसी रौशिल में गणवेश वितरित किए

**भीमताल :** भीमताल ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज रौशिल में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को गणवेश वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अभिवावक संघ के अध्यक्ष ग्राम प्रधान ललित मोहन ने सभी विद्यार्थियों को गणवेश का महत्व बताते हुए अनुशासन में रहने की सलाह दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र ने विभिन्न सरकारी और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर समग्र शिक्षा प्रभारी डॉ. कन्नू जोशी, डॉ. सुरेश राय, प्रेम कांडपाल, नित्यानंद कांडपाल, दिनेश प्रसाद, प्रताप कुल्याल, चंद्रशेखर जोशी, सावित्री पाण्डेय उपस्थित रहे।

# सरिता ताल से जिपलाइन हटाने की मांग

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** नैनीताल के सरिता ताल क्षेत्र में झील के ऊपर से पर्यटन गतिविधि जिपलाइन को हटाए जाने की मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग के कार्यालय में जमकर प्रदर्शन किया।

क्षेत्रीय लोगों का कहना है पूर्व में सिंचाई विभाग ने हरीश बिष्ट नामक व्यक्ति को झील के ऊपर जिपलाइन गतिविधि संचालित करने की अनुमति दी थी। आदेश में स्पष्ट लिखा है स्थानीय लोगों की आपत्ति होने पर अनुमति निरस्त हो जाएगी। वर्ष 2024 में स्थानीय लोगों ने झील के ऊपर संचालित हो रही पर्यटन गतिविधि पर रोक लगाई जाने की मांग की थी। लेकिन लेकिन इसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक बार फिर से झील किनारे रात को अवैध निर्माण कर अन्य पर्यटन गतिविधियां संचालित किए जाने के लिए निर्माण कार्य हो रहे हैं जिन पर रोक लगाई जाए। वहीं प्रदर्शन के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द क्षेत्र में संचालित हो रही जिपलाइन पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही अधिशासी अभियंता को चेतावनी दी है अगर जिप लाइन की अनुमति के आदेश को निरस्त नहीं किया गया तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।



सरिता ताल झील किनारे अवैध रूप से बनाई जा रही जिपलाइन। ● अमृत विचार

# युवाओं को किया स्वरोजगार के लिए प्रेरित

**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखंड सरकार द्वारा आयोजित दो दिवसीय देवभूमि उद्यमिता योजना शिविर का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे और विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया।

प्राचार्य प्रो. पांडे ने छात्रों को उद्यमिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए देवभूमि उद्यमिता योजना को भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। मुख्य अतिथि माया नेगी ने स्टार्टअप कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने दो सौ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान किया और वर्तमान में काश्तकार विकास समिति कोटाबाग की अध्यक्ष के रूप में समाज के उत्थान के लिए काम कर रही हैं। शिविर में जय शारदा जन कल्याण समिति की अध्यक्ष नीमा बिष्ट ने बूट कैंप के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों को स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण खण्ड, नैनीताल रोड, तिकोनिया हल्द्वानी (नैनीताल)-263139,
फोन एवं फैक्स: 05946-220172, E-mail: eddhld@yahoo.com

**विद्युत बाधित होने की सूचना**

हल्द्वानी (नगर) खण्ड के अन्तर्गत हल्द्वानी बाजार क्षेत्र के समस्त विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित करना है कि बाजार फीडर में HT केबल बदलने का कार्य किये जाने के साथ पेड़ों के वृक्षों के पातन कार्य किया जाना प्रस्तावित है, जिस कारण निम्न सूची के अनुसार शट डाउन प्रस्तावित है। उक्त कार्य के दौरान निम्न सूची के अनुसार सम्बन्धित पोषकों से पोषित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पूर्ण/आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

| क्र० सं० | दिनांक एवं दिन | उप–संस्थान का नाम | पोषक का नाम | प्रभावित क्षेत्र | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 21.09.2024 (शनिवार) | 33/11 के०वी० उपसंस्थान, के०डी० चौराहा, हल्द्वानी | बाजार पोषक | सरस मार्केट, खाम बंगला एवं बाजार क्षेत्र | प्रातः 09:00 से सायं 04:00 बजे तक |

अतः समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।
"विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जायें"
पत्रांक: 3436/वि०न०वि०ख०/ दिनांक : 20/09/2024 अधिशासी अभियन्ता
"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" कस्टमर केयर टोल फ्री नं0 1800–419–0405

# एनएसएस विद्यार्थियों ने ली स्वच्छता की शपथ

**जागरूकता**

- पीएनजी डिग्री कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा आयोजित
- छात्र-छात्राओं से की अपने आसपास के लोगों को जागरूक करने की अपील

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में "स्वच्छता ही सेवा" पखवाड़े के तहत आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरेश चन्द्रा ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम 2 अक्टूबर तक चलेगा।

प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने सभी स्वयंसेवियों को शपथ दिलाई गई और स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना जनपद नैनीताल के जिला समन्वयक प्रो. जगमोहन सिंह नेगी ने बताया कि स्वच्छता की शुरुआत हमें अपने घर से करनी होगी। तभी हम अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक और प्रेरित कर पाएंगे। कहा कि स्वच्छता का ध्यान रखना सभी नागरिकों का दायित्व है। सभी को अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममता भदोला जोशी ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रो. एसएस मौर्य, डॉ. ललित मोहन, डॉ. सिराज अहमद, डॉ. योगेश चन्द्र तथा मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गोविन्द सिंह जंगपांगी स्वयंसेवक कु. दीपा, प्रिया, आकांक्षा, गोपेश सिंह, अरुण आर्य, इंजिमाम प्रकाश चन्द्र तथा राकेश सिंह मौजूद रहे।



रामनगर में डिग्री कालेज में स्वच्छता की शपथ लेते एनएसएस के विद्यार्थी। ● अमृत विचार

# वेंडी स्कूल की जया और जय का नेशनल कैंप के लिए चयन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** वेंडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दौलतपुर में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

विद्यालय के छात्रों ने राज्य खो-खो प्रतियोगिता में नैनीताल जिले से प्रतिनिधित्व किया। नैनीताल जिले ने बालिका वर्ग में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में द्वितीय तथा बालक वर्ग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वेंडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल से बालिका वर्ग में जया, पूजा व परिधि ने भाग लिया।

वहीं बालक वर्ग में जय पचवाड़ी, अभिनव धमोला, प्रशांत पचवाड़ी ने प्रतिभाग किया था। विद्यालय प्रबंधक डॉ. विकल बवाड़ी ने बताया कि बालिका वर्ग में जया बेलवाल व बालक वर्ग में जय पचवाड़ी का राष्ट्रीय कैंप में चयन हुआ है। विद्यालय के कोच विवेक ने बताया कि 34वीं सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो कि झारखंड में 28 सितंबर से होने वाली है। उसके चयन के लिए 15 दिवसीय कैंप रुद्रपुर में लगाया गया है। उसके उपरांत सभी बच्चे 25 सितंबर को झारखंड के लिए रवाना हो जाएंगे।

अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. भावना बवाड़ी ने चयनित सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया व उनके उज्जवल उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य विजय जोशी व विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मंजू थापा व विद्यालय के सभी शिक्षक व खेल शिक्षक मौजूद थे।




वेंडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि।

# बेटी का जन्मदिन मनाकर नौनिहालों संग बांटी खुशियां

**गरमपानी, अमृत विचार :** बेतालघाट के भाजपा नेता ने अपनी बेटी का जन्मदिन स्कूली बच्चों के साथ मनाकर खुशियां बांटी। विद्यालय में जन्मदिन मनाए जाने पर स्कूली नौनिहाल भी खुश दिखे। केक काटकर सभी बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया। जन्मदिन कार्यक्रम के लिए बच्चों ने स्कूल को विशेष रुप से सजाया। बाद में बच्चों को स्कूली बैग व शिक्षण सामग्री वितरित की गई।

बेतालघाट क्षेत्र के युवा भाजपा नेता तारा भंडारी ने अपनी बेटी तनिष्का का जन्मदिन राजकीय प्राथमिक विद्यालय रोपा के नौनिहालों व अभिभावकों के साथ मनाकर खुशियां बांटी। प्रधानाचार्य से अनुमति मिलने के बाद विद्यालय में जन्मदिन मनाने की तैयारी शुरू की गई। बच्चों ने विद्यालय को विशेष रूप से सजाया। अभिभावकों व छात्रों के बीच केक काटकर तनिष्का को शुभकामनाएं दी गई। सभी को केक व मिष्ठान वितरित किया गया। भाजपा नेता तारा भंडारी व उनकी पत्नी नेहा ने स्कूली बच्चों को बैग व शिक्षण सामग्री वितरित की। शिक्षिका प्रेमा पांडे ने पुत्री का जन्मदिन विद्यालय में मनाने के निर्णय को सराहनीय पहल बताया। स्वजनों ने कहा कि स्कूली बच्चों के साथ जन्मदिन मनाकर बेहद खुशी मिली है। अभिभावकों ने भी सराहना की।

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
दिल्ली का जाना-माना IVF सैन्टर
RiSAA IVF
Creating life.... completing families.
अब अधूरे सपने होंगे पूरे
निःसन्तानता निवारण टेस्ट ट्यूब सैन्टर

निःशुल्क IVF कैम्प
निःसंतान दम्पत्तियों हेतु
दिनांक : 13 व 27 सितम्बर 2024
दिन शुक्रवार
समय : प्रातः 10:00 से 02 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
शिविर में उपलब्ध सुविधायें :-
★ निःसन्तानता सम्बन्धित जाँचें
★ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर
★ परामर्श मुफ्त ★ लैब टेस्ट भारी छूट पर
★ इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड मात्र 200/- में
विशेषतायें:-
★ 25 वर्षों के अनुभव के साथ।
★ ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
★ उच्चतम सफलता दर ★ विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
देश विदेश में हजारों दम्पत्ति हुए लाभान्वित आइये आप भी यह उम्मीद पाएं.....
शिविर स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं० 6398018900

## सार-संक्षेप


जेडीएम स्कूल के विजेता बच्चों के साथ प्रधानाचार्य, प्रबंधक एवं शिक्षिकाएं।

### जेडीएम स्कूल को बॉक्सिंग चैंपियनशिप में दूसरा स्थान

**हल्द्वानी :** देहरादून में आयोजित सीबीएसई नॉर्थजोन एवं नोएडा की बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कई विद्यालय के बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें अंडर-19 बालक वर्ग में जेडीएम स्कूल दमुआढूंगा के नीरज शर्मा ने स्वर्ण व शिवांश गोस्वामी ने रजत पदक जीता। वहीं अंडर-17 में पंकज नेगी ने रजत व नीरज सिंह व करण सिंह खाती ने कांस्य पदक जीता। बच्चों ने अपने शानदार प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रबंधक देवी दयाल उपाध्याय, निदेशिका तनुजा जोशी, प्रधानाचार्या मिनीता जोशी, प्रशासक प्रमोद कुमार जोशी व समस्त शिक्षकगण ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें तथा उनके परिजनों को बधाइयां दी।

### सड़क चौड़ीकरण के दौरान आठ घंटे बंद रही सप्लाई

**हल्द्वानी :** सड़क चौड़ीकरण कार्य के चलते शुक्रवार को रानीबाग उपसंस्थान से लगे शीशमहल फीडर में सप्लाई आठ घंटे तक बंद रही। इस दौरान विभाग की ओर से नए पोल स्थापित करने और तारों को खींचने का कार्य किया गया। विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहने से शुक्रवार को रानीबाग घाट, इंद्रानगर, काठगोदाम थाना, नरीमन चौराहा, बद्रीपुरा, नई बस्ती, रेलवे लाइन और ठोकर लाईन में आठ घंटे तक उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ी। विद्युत वितरण खंड के ईई प्रदीप कुमार बिष्ट ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान पोल लगाने और तार खींचने का कार्य होना था इसके लिए पूर्व में ही सूचना दे दी गई थी।

### 31 अक्टूबर तक करें छात्रवृत्ति के लिए आवेदन

**हल्द्वानी :** समाज कल्याण विभाग की ओर से दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना का लाभ लेने के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल को 31 अक्टूबर तक खोला गया है। छात्रवृत्ति का लाभ लेने के लिए सभी विद्यार्थियों को बैंक खाता आधार से जोड़ना अनिवार्य है। आवेदन करने वाले विद्यार्थियों का छात्रवृत्ति पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन नंबर जनरेट किया जाएगा। प्राथमिक शिक्षा के जिला शिक्षा अधिकारी एचबी चंद ने समस्त उप शिक्षा अधिकारियों को इस संबंध में निर्धारित समय में कार्यवाही के निर्देश देते हुए योजना का प्रचार-प्रसार करने को कहा है ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थियों को योजना का लाभ मिल सके।


रेलवे स्टेशन में गौरव सम्मान पत्र सौंपते मटर गली व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारी।

### ट्रेन के लोको व सह लोको पायलट का किया अभिनंदन

**हल्द्वानी :** मटर गली व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली व महामंत्री अतुल गुप्ता के नेतृत्व में व्यापारी शुक्रवार को काठगोदाम रेलवे स्टेशन पहुंचें। उन्होंने नैनी-दून जन शताब्दी एक्सप्रेस के लोको पायलट राजेश कुमार गौड़ एवं सहायक लोको पायलट अमित यादव के लिए गौरव सम्मान पत्र सौंपा। राजेश ने बीते गुरुवार को रुद्रपुर में ट्रैक पर रखा बिजली का पोल देख लिया था जिससे हादसा होने से बच गया था। घटना के समय ट्रेन में रेलवे स्टाफ समेत 600 यात्री सवार थे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से लोको व सहायक लोको पायलट ने सूझबूझ का परिचय देकर बड़ा हादसा होने से बचाया है, सराहनीय है। इस दौरान प्रेम चौधरी, मोइन बाबा, मनीष वर्मा, लक्ष्मी नारायण, आन सिंह पडियार, अजय गुप्ता, संदीप सक्सेना, जाकिर हुसैन सिद्दीकी, मुकुल गुप्ता, आरिफ हुसैन, परविंदर सिंह नागपाल, त्रिलोक गुप्ता, रोहित गौड़, विनोद अग्रवाल, नासिर हुसैन, सौरभ सिंघलआदि मौजूद रहे।

# नई लाइन बिछाने पर हंगामा, महिलाओं ने भर दिए गड्ढे

## वार्ड-14 में बन रहे नलकूप से वार्ड 12 तक के ओवरहेड टैंक को जोड़ने का विरोध, वारसी कॉलोनी को पहले पानी देने के वादे पर सुलझा मामला

संवाददाता हल्द्वानी


टनकपुर रोड में कई माह से पानी नहीं आने के विरोध में जल संस्थान अधिकारी का घेराव करते क्षेत्रवासी।


टनकपुर रोड में पानी की लाइन डालने के लिए खोदे गए गड्ढे को बंद करती क्षेत्र की महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गौला गेट वार्ड नंबर 14 में बन रहे पेयजल निगम के नए नलकूप से वार्ड नंबर 12 के ओवरहैड टैंक तक लिंक लाइन बिछाने को लेकर शुक्रवार को जमकर बवाल हुआ। वार्ड नंबर 14 में महिलाओं ने पेयजल निगम की ओर से बिछाई जा रही पेयजल लाइन को उखाड़ फेंका। विरोध में आए लोगों ने लाइनों को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसके बाद वारसी कॉलोनी और जवाहर नगर से भी भीड़ जुट गई। विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर अधिकारियों को घेराव किया। मौके पर लिंक लाइन से पहले नलकूप से वारसी कॉलोनी में लाइन बिछाने का आश्वासन मिलने के बाद मामला शांत हुआ।

वार्ड 14 टनकपुर रोड में पेयजल निगम की ओर से नए नलकूप का निर्माण किया जा रहा है। विभाग इससे वार्ड 12 के राजपुरा स्कूल में बने जल संस्थान के ओवरहैड टैंक में जोड़ने के लिए लिंक लाइन बिछा रहा है। वर्तमान में गौला गेट, वारसी कॉलोनी, नजाकत खां का बगीजा और जवाहर नगर में लगभग 10 लोगों को राजपुरा स्कूल के नलकूप और गौला से पानी की आपूर्ति होती है लेकिन अंतिम छोर पर होने के कारण यहां लोगों को साल भर पेयजल किल्लत झेलनी पड़ती है। ऐसे में टनकपुर रोड में बन रहे पेयजल निगम के नए नलकूप से लोगों को पानी मिलने की उम्मीद जगी तो यहां विभाग ने ओवरहेड टैंक की व्यवस्था नहीं होने के कारण जल संस्थान की लाइन और राजपुरा के 600 केएल के ओवरहेड से जोड़कर पानी बांटने की व्यवस्था करने के लिए लिंक लाइन बिछाने का कार्य शुरू लेकिन लंबे समय से पेयजल किल्लत से परेशान लोगों को यह व्यवस्था रास नहीं आई और प्रदर्शन शुरू कर दिया।

यहां लोगों ने कहा कि विभाग नलकूप से पहले गौला गेट, वारसी कॉलोनी और जवाहर नगर में पानी देने की व्यवस्था बनाए इसके बाद राजपुरा को लिंक लाइन से जोड़े। इस दौरान जल संस्थान के सहायक अभियंता रविंद्र कुमार, पेयजल निगम के जेई अनुज फत्र्याल और जेई इल्मा रहमान को घेरकर लोगों ने खूब हल्ला किया। इससे पहले महिलाओं ने लिंक लाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढों को भी भर दिया। इसके बाद लाइन से तीनों कॉलोनियों को पानी देने के आश्वासन पर लोग माने। हालांकि इसमें भी पहले विभाग ने कुछ दूर तक लाइन बिछाने के बाद कॉलोनियों को पानी देने की बात रखी जिसपर देर शाम तक भी लोगों की सहमति नहीं बन पाई। इस दौरान निवर्तमान पार्षद महेश चंद्र, गुड़िया, शबनम, मीना, अरबाज, महरून, हासीन, मो. रफी, आमीर जहां, सुल्ताना बाजी, मो.अहमद समेत कई लोग मौजूद रहे।

### पनियाली के बाद धोबीघाट का नलकूप खराब

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मानसून खत्म होने के साथ ही जल संस्थान के नलकूपों के खराब होने का सिलसिला शुरू हो गया है। गौला से कम पानी मिलने और नलकूपों पर पेयजल को लेकर दबाव बढ़ने के कारण हर सप्ताह विभाग के नलकूप खराब हो रहे हैं। शुक्रवार को उजाला नगर के नलकूप की मोटर खराब होने से सुबह से ही पेयजल संकट शुरू हो गया। परेशान हो रहे लोगों को पानी के लिए टैंकरों का सहारा लेना पड़ा। इस दौरान जल संस्थान की ओर से चार टैंकरों के माध्यम से लोगों तक पानी की सप्लाई कराई गई। इधर गौला से भी सिल्ट बढ़ने और कचरा फंसने के कारण दिन में दो बजे से दोपहर साढ़े चार बजे तक सप्लाई बंद रही इससे शीशमहल फिल्टर प्लांट को शाम की शिफ्ट का पानी छानने में समस्या आई। सहायक अभियंता रविंद्र कुमार ने बताया कि लोगों तक 18 टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाया गया।

# जेजेएम के कनेक्शन नहीं मिलने पर भड़के ग्रामीण

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार :** ब्लॉक कोटाबाग के दूरस्थ पर्वतीय ग्राम पंचायत बांसी में जल जीवन मिशन के अंतर्गत लगभग 2.5 करोड़ की लागत से जल संस्थान द्वारा पेयजल का कार्य शुरू किया गया। लेकिन ठेकेदार की लापरवाही से दो साल बाद भी ग्रामीणों को नये कनेक्शन तक नहीं मिल पाए हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि न तो लाइन का काम पूरा किया गया न ही कोई टैंक और स्रोत में निर्माण हुआ है। जो आधा कार्य हुआ वो भी गुणवत्ता विहीन है।

ग्रामीणों ने बताया कि अगर जल्द ही काम पूरा नहीं हुआ और पूर्व में हुए आधे काम को मानकों और गुणवत्ता के साथ दोबारा नहीं किया तो ग्रामीण जिला मुख्यालय में आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। बांसी में पेयजल योजना का काम डेढ़ साल से बंद है। सीएम पोर्टल, और विभाग में शिकायत के बाद भी आज तक काम शुरू नहीं हो पाया है। पूर्व विधायक प्रतिनिधि नैनीताल कृपाल बिष्ट व ग्राम प्रधान बांसी लाल सिंह का कहना है कि कई बार बीडीसी की बैठक में मामला उठाने के साथ जिलाधिकारी को शिकायत की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होंने शीघ्र काम पूरा करने व पूर्व में हुए कामों की जांच की मांग की है।

> कार्य में अनियमिता पाये जाने पर पुराने ठेकेदार का टेंडर निरस्त किया गया है। नया टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। जल्द ही ग्रामीणों को पेयजल लाइन बिछाने के साथ कनेक्शन दिये जाएंगे।
> **-धीरज मेहता**, जेई, जलसंस्थान

### एमबीपीजी में 6,308 प्रवेश हुए

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** एमबीपीजी कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया बीते गुरुवार को पूरी हो गई थी और शुक्रवार को फीस जमा करने की अवधि भी पूरी हो चुकी है। कॉलेज में इस शैक्षणिक सत्र में कुल 6308 प्रवेश हुए हैं जिसमें 2803 छात्र और 3505 छात्राएं हैं।

बीए प्रथम सेमेस्टर में 1215 छात्र और 1558 छात्राएं, बीएससी गणित में 315 छात्र और 158 छात्राएं, बीएससी बॉयोलॉजी में 167 छात्र और 396 छात्राएं, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में 638 छात्र और 314 छात्राओं ने प्रवेश लिया है। साथ ही पीजी में 439 छात्र और 1038 छात्रा, बीएससी बायोटेक्नोलॉजी में 20 छात्र और 36 छात्रा, इंटीरियर और एक्सटीरियर डेकोरेशन में 9 छात्र और 5 छात्राओं ने प्रवेश लिया है।

# शुरुआत घर से कार्यक्रम के तहत एकत्र किया आठ किलो प्लास्टिक

संवाददाता, हल्द्वानी


राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में सिंगल यूज प्लास्टिक दिखाती छात्राएं।

**अमृत विचार :** राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को नमामि गंगे और एनएसएस के अंतर्गत मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़े के तहत शुरुआत घर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं से घर में प्रयोग होने वाला सिंगल यूज प्लास्टिक मंगाकर एकत्र किया गया। अभियान के तहत लगभग 8 किग्रा प्लास्टिक एकत्रित किया गया।

नोडल अधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रितुराज पंत ने बताया कि नगर निगम के माध्यम से एकत्र सिंगल यूज प्लास्टिक को रिसाइकिल करने के लिए भेजा जाएगा। डॉ. रेखा जोशी ने कहा कि प्लास्टिक से कैंसर, अंतःस्रावी तंत्र में व्यवधान और हार्मोन असंतुलन सहित कई गंभीर बीमारियां होती हैं। डॉ. फकीर सिंह ने नमामि गंगे, एनएसएस, एनसीसी और रेंजर दल की छात्राओं के कार्य की सराहना की। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एके श्रीवास्तव और एनसीसी प्रभारी ले. रेखा जोशी ने नेशनल हेल्थ डिजिटल मिशन और प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी दी। साथ ही कैडेट्स को आभा कार्ड के लिए पंजीकरण के तरीके, इसके लाभ, प्रचार प्रसार में एनसीसी कैडेट्स की भूमिका पर चर्चा की। इस दौरान 50 कैडेटों ने अपने पोर्टल के माध्यम से आभा कार्ड बनाए।

# पैरामिलिट्री कमांडो पर किया हमला, भर्ती

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** छुट्टी पर आए पैरामिलिट्री के कमांडो और उसके चचेरे भाई को बिंदुखत्ता में नशेड़ियों ने जबरन कार से उतार कर मारपीट कर घायल कर दिया। जवान को एसटीएच में भर्ती कराया गया है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी है।

। कमांडो के पिता इंदर बिष्ट निवासी इंदिरा नगर प्रथम ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि उनका बेटा दीपक बिष्ट पैरामिलिट्री में कमांडो है। जो कि बीती शाम अपने चचेरे भाई दीपांकर सिंह के साथ कार से आईटीबीपी वाले रास्ते से घर को लौट रहा था। तभी नागेश्वर मंदिर के पास कुछ युवकों ने उसे कार से जबरन उतारते हुए बिना वजह धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जिससे उनका बेटा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उन्होंने बताया कि दीपक पर हमला करने वालों में राम सिंह दानू, कमल बिष्ट, रॉबिन दानू, कमल दानू और उमेश भंडारी शामिल हैं। इधर घटना से क्षुब्ध पूर्व सैनिक व महिलाएं लालकुआं कोतवाली पहुंचे और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। लालकुआं कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक डीएस फर्त्याल के अनुसार पुलिस जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर लेगी। इधर आरोपियों की ओर से राम सिंह दानू ने कमांडो दीपक बिष्ट पर आरोप लगाया कि कमांडो ने अपने कुछ साथियों के साथ उसके घर में घुसकर उससे मारपीट की।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने ब्लॉकों में स्वच्छता को रवाना किए कूड़ा वाहन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी


कैंप कार्यालय से कूड़ा वाहनों को रवाना करतीं जिपं अध्यक्ष बेला तोलिया।

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन (17 सितंबर) से गांधी जयंती (2 अक्टूबर) तक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया ने जिले के सभी आठ विकास खंडों में स्वच्छता अभियान चलाने के लिए कूड़ा वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

इसके अलावा जिले में डेंगू के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए विकासखंडों में दवा का छिड़काव करवाया गया। इस अवसर पर उन्होंने जिला पंचायत में पहली बार प्रयोग में लाई जा रही वैक्यूम बेस्ड गार्बेज सेक्शन वाहन को भी हरी झंडी दिखा कर जनता को समर्पित किया।

जिपं अध्यक्ष बेला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से जनता में स्वच्छता के प्रति देशवासियों में जागरूकता बढ़ी है। सभी के व्यवहार में आसपास के क्षेत्र को साफ सुथरा रखने का भाव पैदा हो गया है।

इस दौरान अपर मुख्य अधिकारी कमलेश बिष्ट, टीओ विजय बिष्ट, प्रमोद तोलिया, नन्हे कश्यप, खीम सामंत, यतेंद्र सुयाल, कमल पांडे, वीरेंद्र खाती आदि मौजूद रहे।

# दो माह के भीतर प्राथमिक शिक्षक संघ के होंगे चुनाव

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के चुनाव को लेकर हाईकोर्ट ने उप निबंधक चिट फर्म्स एवं सोसाइटी देहरादून को दो माह के भीतर निर्वाचन करवाने के निर्देश दिए हैं।

प्राथमिक शिक्षक संघ में संगठन के चुनाव को लेकर विगत में 3 वर्षों से लंबी खींचतान चल रही थी। इसके उपरांत अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली की मध्यस्थता में दोनों पक्षों के मध्य समझौते के पश्चात उप निबंधक ने संगठन के संविधान के अनुसार क्षेत्रीय स्तर से निर्वाचन प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए थे। जिसके क्रम में कई जिलों के क्षेत्रीय स्तर से निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू भी की जा चुकी थी। परंतु संगठन का एक धड़ा जो सीधे प्रांतीय स्तर का चुनाव करवाना चाह रहा था वह इस आदेश से संतुष्ट नहीं था। इसी क्रम में धन्नाथ गोस्वामी ने उप निबंधक के इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया कि क्योंकि प्रदेश के आठ जनपद पहले प्रांत का चुनाव चाहते हैं इसलिए चुनाव प्रक्रिया प्रदेश से शुरू होनी चाहिए। मामले की सुनवाई में विरोध करते हुए केविएटर मनोज तिवारी के अधिवक्ता संदीप तिवारीने कहा गया कि निर्वाचन संगठन के पंजीकृत संविधान के अनुरूप होनी है,उपनिबंधक ने भी पहले क्षेत्रीय स्तर से ही निर्वाचन कराए जाने को लेकर है। कोर्ट ने उप निबंधक के आदेश को सही माना है।

### तैनाती के आदेश में किया गया संशोधन

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** प्रशिक्षण एवं सेवायोजन विभाग के मिनिस्टीरियल कर्मचारियों की पदोन्नति के बाद तैनाती आदेश में संशोधन किया गया है।

पदोन्नति के बाद राजेंद्र पाल को प्रशिक्षण निदेशालय में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और धीरज लोहनी को काशीपुर में तैनाती मिली है। संशोधन के बाद दोनों कार्मिकों को परस्पर तैनाती के आदेश में संशोधन के लिए अनुरोध किया गया है। शमशेर सिंह को पिथौरागढ़ में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद पर तैनाती मिली है। इसी तरह प्रशासनिक अधिकारी गोपाल लाल को पोखरी, मुकेश रावत को श्रीनगर और महेंद्र सिंह बिष्ट को काशीपुर में तैनाती मिली है। इनके तैनाती स्थलों में भी संशोधन का अनुरोध किया गया है।

**योजना** | प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रथम वर्षगांठ पर एनएसटीआई हल्द्वानी सहित प्रदेश के 12 केंद्रों में हुआ कार्यक्रम

# पीएम विश्वकर्मा केंद्रों पर प्रसारित हुआ प्रधानमंत्री मोदी का उद्बोधन

संवाददाता, हल्द्वानी


कार्यक्रम में मौजूद निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला व अन्य।

**अमृत विचार :** पिछले साल सितंबर में लागू की गई प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर शुक्रवार को देश के विभिन्न पीएम विश्वकर्मा केंद्रों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सीधा संवाद प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों के 500 केंद्रों में वन वे कम्युनिकेशन और 50 सेंटर में टू वे कम्युनिकेशन आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के वर्धा जिले से देशभर के प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विश्वकर्माओं को संबोधित किया। इसके तहत राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) हल्द्वानी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा प्रशिक्षण योजना की प्रथम वर्षगांठ समारोह में सक्रिय रूप से भाग लिया। निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला ने कार्यक्रम की शुरुआत की।

उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके प्रशिक्षणार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान डीआरडीओ के वैज्ञानिक डॉ. अनफल अर्श ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए और उन्हें भविष्य के लिए तैयार रहने को कहा। एनएसटीआई हल्द्वानी के प्रधानाचार्य भगत सिंह ने भी प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरित किया और कार्यक्रम का समापन प्रशिक्षण अधिकारी राकेश कुमार गोस्वामी ने किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि सभी प्रशिक्षणार्थी योजना से बेहद संतुष्ट हैं।

एनएसटीआई हल्द्वानी कौशल विकास के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान है और युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा प्रशिक्षण योजना के तहत संस्थान ने लगभग 120 युवाओं को प्रशिक्षित किया है।

### हरिद्वार आईटीआई में भी हुआ कार्यक्रम

साथ ही प्रदेश के 12 अन्य केंद्रों जिसमें आईटीआई टिहरी, टनकपुर, विकास नगर, आईटीआई देहरादून, गोपेश्वर के साथ ही एनएसटीआई सेंटर देहरादून, जेएसएस पिथौरागढ़, बागेश्वर और एक आरसेटी केंद्र और एमएसएमई सेंटर सितारगंज में भी वन वे कम्युनिकेशन के आधार पर कार्यक्रम हुआ। एमएसएमई सितारगंज में 106 लाभार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 25 लाभार्थियों को पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर प्रतिनिधि सांसद हरिद्वार संदीप गोयल , निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन संजय कुमार खेतवाल, उप जिलाधिकारी हरिद्वार अजय वीर सिंह, , कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के संयुक्त निदेशक अनिल गोसाई, प्रभारी संयुक्त निदेशक मयंक अग्रवाल , एमएसएमई सितारगंज के उपमहा प्रबंधक गोपाल देवदास, निदेशालय हल्द्वानी से बीवी जोशी और एमएसएमई के ट्रेनर भारत सिंह आदि उपस्थित रहे।

### 18 व्यवसायों में दिया जा रहा है प्रशिक्षण

योजना के अंतर्गत 18 व्यवसायों में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है जिसमें बढ़ई, नाव निर्माता, कवचकार, लोहार, हथोड़ा और अन्य उपकरण निर्माता, ताले निर्माता, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, पत्थर कलाकार, मोची, जूता बनाने वाला, मिस्त्री, टोकरी, चटाई, झाड़ू, बुनाई करने वाला, गुड़िया और खिलौने निर्माता, नाई, माला बनाने वाला, धोबी, दर्जी, मछली जाल निर्माता।

# शैक्षिक विकास को यूओयू व यूटी के बीच होगा करार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) और इंडोनेशिया की यूनिवर्सिटी टेरबुका (यूटी) के बीच शैक्षिक, शोध व नवाचार के क्षेत्र में सहयोग के लिए एक करार होने जा रहा है। करार को लेकर शुक्रवार को यूटी और यूओयू के बीच एक वर्चुअल बैठक हुई।

बैठक में अकादमिक सहयोग के रास्ते तलाशने, एमओयू, संयुक्त अनुसंधान, संकाय और छात्र विनिमय कार्यक्रमों और ऑनलाइन शिक्षण संसाधनों के विकास पर चर्चा की गई। यूओयू में कंप्यूटर विज्ञान के निदेशक और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के प्रभारी डॉ. जीतेंद्र पांडे ने सहयोग के महत्व पर जोर दिया। यूओयू के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी ने यूनिवर्सिटी टेरबुका के साथ होने जा रहे करार पर खुशी व्यक्त की।

यूटी के रिसर्च, इनोवेशन, पार्टनरशिप और बिजनेस के उपनिदेशक डॉ. रहमत बुदिमन ने कहा कि यूओयू के साथ सार्थक साझेदारी स्थापित करने के लिए उनका विश्वविद्यालय उत्साहित है। दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र, विचारों, संसाधनों और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान से पारस्परिक रूप से लाभान्वित होने के बारे में चर्चा की। यूटी में साझेदारी और अंतर्राष्ट्रीय मामलों के उप निदेशालय के प्रमुख फौजी रहमान कोसासिह ने दूरस्थ शिक्षा में इसकी ताकत, शिक्षण और सीखने के लिए इसके अभिनव दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित किया।

## सार-संक्षेप



काशीपुर में टांडा तिराहे पर चेकिंग अभियान में जुटी टीम। ● अमृत विचार

### बिना टैक्स अदा किए ई रिक्शा चलाने वालों पर गिरी गाज

**काशीपुर :** बगैर टैक्स चुकता किए चल रही ई-रिक्शाओं की धरपकड़ के लिए उप संभागीय परिवहन टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 35 ई-रिक्शाओं के चालान काटे गये। ई-रिक्शाओं के टैक्स के लिए विभाग ने एकमुश्त टैक्स अदायगी की योजना घोषित की है, इसके तहत ई-रिक्शाओं के स्वामियों को टैक्स में 50 फीसद की छूट दी जा रही है। इसके बावजूद तमाम लोग टैक्स अदा नहीं कर रहे हैं। एआरटीओ विमल पांडे के निर्देश पर ई-रिक्शाओं की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया। शुक्रवार सुबह उपनिरीक्षक संजय कुमार के नेतृत्व में परिवहन टीम ने टांडा तिराहे पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना फिटनेस बिना लाइसेंस और बिना टैक्स के चल रही ई-रिक्शा पर चालानी कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 35 चालान काटे गए। टीम में कांस्टेबल मनोज कुमार, चालक अरविंद, कांस्टेबल रविंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

### नेपाल से तस्करी कर निर्माणाधीन मकान में छिपाए लाइटर

**खटीमा :** थाना झनकईया की पुलिस ने नेपाल से तस्करी कर सीमावर्ती गांव के एक निर्माणाधीन मकान में छिपाकर रखे गए 10 पेटी लाइटर बरामद किए हैं। पुलिस ने बरामद सामान को कस्टम विभाग के सुपुर्द कर दिया है। लाइटर की कीमत एक लाख रुपये आंकी जा रही है। झनकईया के थानाध्यक्ष को मुखबिर से सूचना मिली कि भारत नेपाल से लगे मेलाघाट के एक निर्माणाधीन मकान में तस्करी का सामान छिपाकर रखा गया है। थानाध्यक्ष अनिल जोशी ने टीम के साथ बताए गए निर्माणाधीन मकान में छिपाकर रखी हुईं 10 पेटियां बरामद कीं। पेटियों में नेपाल से लाए गए लाइटर रखे थे। 10 पेटियों में कुल 10 हजार लाइटर थे। जिनकी कीमत एक लाख रुपये बताई जा रही है। थानाध्यक्ष जोशी ने बताया कि नेपाल से माल की तस्करी करने में कुख्यात गगन सिंह के चालक अनिल निवासी मेलाघाट के निर्माणाधीन मकान के एक कमरे से नेपाली लाइटर बरामद हुए हैं। बरामद सामान को कस्टम विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है। टीम में थानाध्यक्ष जोशी, उपनिरीक्षक मनोज सिंह देव, इरफान शामिल रहे।



व्यापारी नेता का माला पहनाकर स्वागत करते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

### व्यापारी नेता हिमांशु भाजपा में शामिल

**रुद्रपुर :** भाजपा विधायक शिव अरोरा की कार्यशैली से प्रभावित होकर व्यापारी नेता व सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु मिड्ढा (आशु) भाजपा में शामिल हो गए हैं। विधायक शिव अरोरा ने मिड्ढा को सदस्यता ग्रहण करायी। हिमांशु मिड्ढा ने कहा कि वह पूरी निष्ठा के साथ विधायक शिव अरोरा व भाजपा पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। इस दौरान भाजपा नेता सोनू अनेजा, व्यापार मंडल महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, किरन विर्क, मनोज मदान, राजीव कामरा, सोनू खुराना आदि मौजूद रहे।




कार्यशाला का शुभारंभ करते संयुक्त निदेशक उद्योग डॉ. दीपक मुरारी व अन्य।

### विद्यार्थियों और नव उद्यमियों को दी स्टार्टअप की जानकारी

**रुद्रपुर :** महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र विपिन कुमार ने बताया कि उद्योग निदेशालय देहरादून के निर्देशों के क्रम में जिला उद्योग केंद्र सभागार में स्टार्टअप पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ उद्योग निदेशालय से आये संयुक्त निदेशक उद्योग डॉ. दीपक मुरारी ने किया। शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक जिला उद्योग ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्टार्ट अप पॉलिसी 2023 के बारे में विस्तृत जानकारी देने के लिए इकोसिस्टम से जुड़े विद्यार्थी, संस्थान एवं अन्य उद्यमियों को जागरूक करना है। कार्यशाला में स्टार्ट अप इंडिया से अपराजिता सैनी ने स्टार्ट अप योजना के संबंध में वर्चुअल के माध्यम से जानकारी दी। आईआईएम काशीपुर से आये इन्क्यूबेटर संजय पाल ने कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले संस्थान के विद्यार्थी एवं नव उद्यमियों को स्टार्टअप के बारे में बताया। इस अवसर पर अध्यक्ष सिडकुल इंटरप्रिन्योर वेलफेयर सोसायटी श्रीकर सिन्हा, अध्यक्ष केजीसीसीआई अशोक बंसल, इन्दूबेटर आईआईएम काशीपुर संजय पाल, एमएसएमई डेवलपमेंट फोरम आकाश सक्सेना समेत संस्थान से आये विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### निकाय चुनाव में शैक्षिक योग्यता 12वीं पास हो

**बाजपुर :** नगर निकाय चुनाव में शैक्षिक योग्यता कम से कम 12वीं पास रखने की मांग को लेकर राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा की बाजपुर शाखा ने एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है। कहा गया कि अगले कुछ माह के भीतर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव होने हैं। प्रत्याशी की शैक्षिक योग्यता न्यूनतम इंटरमीडिएट होनी चाहिए, क्योंकि महापौर एवं अध्यक्ष नगर के प्रथम नागरिक के रूप में चुना जाने वाला प्रतिनिधि है, जोकि विकास कार्यों को लेकर जनता के बीच में विभिन्न व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करता है। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश महामंत्री यशपाल राजहंस, रोहित कुमार, प्रदीप, सुनील कुमार शामिल रहे।



रुद्रपुर में गांधी पार्क में मंचासीन बंगाली नेता। ● अमृत विचार



सम्मेलन में मौजूद बंगाली समुदाय की महिलाएं। ● अमृत विचार

# संगठित हुआ समुदाय, मनाया बंगाली एकता दिवस

## गांधी पार्क में एकत्रित हुए समुदाय के हजारों लोग, सर्वसम्मति से निर्णय लिया-राजनेताओं से रहेंगे दूर, मुद्दों को लेकर होगा संघर्ष

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कई राजनीतिक दलों में बंटे बंगाली समाज ने संगठित होकर गांधी पार्क में प्रादेशित बंगाली एकता दिवस मनाया। इसमें प्रदेश स्तर के हजारों समुदाय के लोग पहुंचे और कार्यक्रम स्थल खचाखच भर गया। साथ ही यह भी ऐलान किया गया कि संगठित बंगाली समाज पर अब राजनेताओं का हक नहीं रहेगा, बल्कि समाज के नेता ही इसका नेतृत्व ही करेंगे।

शुक्रवार को राज्यव्यापी बंगाली सम्मेलन के साथ गांधी पार्क में प्रादेशिक बंगाली समाज एकता दिवस मनाया गया। सुबह से ही दूरदराज से बंगाली समुदाय के लोग जुलूस की शक्ल में गांधी पार्क में पहुंचे। जहां मंच पर सिर्फ बंगाली समाज के नेताओं को ही स्थान दिया गया। चाहे वो किसी भी राजनीतिक दल से जुड़ा हो, लेकिन एक ऐलान कर दिया गया था कि अब संगठित बंगाली समाज का नेतृत्व समाज के नेता ही करेंगे। सुबह 11 बजे तक हजारों की तादाद में समुदाय का हुजूम एकत्रित हो गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि देश विभाजन के बाद से ही बंगाली समाज अपनी कुछ मांगों को लेकर संघर्ष करता आ रहा है, लेकिन समुदाय को हमेशा वोट बैंक समझा गया, जबकि आठ प्रदेशों में बंगभाषा लोग रहते हैं।

वहीं उत्तराखंड में चार लाख लोग बंग समुदाय के हैं। बावजूद समाज लगातार पिछड़ता जा रहा है। 1953 में गठित काका कालेलकर आयोग की रिपोर्ट में समाज को अनुसूचित का दर्जा दिया गया, लेकिन अभी तक समुदाय को दर्जा नहीं मिला। जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बंगाली सम्मेलन यानि प्रादेशिक बंगाली एकता दिवस मनाने का कारण भी यही है कि अक्सर समुदाय के लोग राजनीतिक दलों में बंट कर छिटक चुके थे, लेकिन अब समुदाय का नेतृत्व समाज का ही नेता करेगा। इसका संकल्प सम्मेलन में हर समुदाय का व्यक्ति ले चुका है। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, दर्जा राज्यमंत्री उतम दत्ता, केके दास, शंकर चक्रवर्ती, राजकुमार साहा, त्रिनाथ विश्वास, चेयरमैन दिनेशपुर सीमा सरकार, मोनिका ढाली, प्रीति साना, सुकुमार विश्वास, सरोराय, सुनील विश्वास, रविंद्र नाथ राय, वृंचिपद राय, सुनील विश्वास आदि मौजूद रहे।

### नेताओं को रखा सम्मेलन से दूर

**रुद्रपुर :** गांधी पार्क में बंगाली एकता दिवस-सम्मेलन में भाजपा एवं कांग्रेस का कोई भी नेता नजर नहीं आया। इससे यह तो साफ हो गया है कि सम्मेलन में नेता-जनप्रतिनिधि को कोसों दूर रखा गया है। सम्मेलन में सत्ताधारी, न ही विपक्ष के किसी विधायक, पदाधिकारी या नेता को नहीं बुलाया गया। जबकि भाजपा व कांग्रेस से जुड़े बंगाली नेता जरूर मंच में देखने को मिले। जिन्होंने सिर्फ समाज के उत्थान की बात की। पार्टी की चर्चा नहीं की। नेताओं को नहीं बुलाना चर्चा का विषय बन गई।

### तीन सूत्रीय मांगों पर चर्चा

**रुद्रपुर :** बंगभाषा सम्मेलन में सिर्फ तीन सूत्रीय मुद्दों को लेकर समुदाय के नेताओं ने चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपते हुए नमोशूद्र, पेंड्रा व मांझी जाति को अनुसूचित जाति का पूर्ण दर्जा देने, बांग्ला भाषा को एक विषय के रूप में उत्तराखंड के शिक्षा में लागू करने और संत गुरु चांद छात्रवृत्ति कोष योजना के तहत प्रतिवर्ष निधि आवंटित करना व बंग भाषी विद्यार्थियां को विद्यालय में अन्य छात्रवृत्ति भी नियमित रूप में प्रदान करना। साथ ही निर्णय लिया कि अब इन्हीं तीनों मुद्दों को लेकर संगठन संघर्ष करेगा।



बंगाली समाज का प्रादेशिक सम्मेलन गैर राजनीतिक होगा। भाजपा सरकार का प्रतिनिधित्व करने के बाद भी वह समुदाय के हितों की बात करेंगे और प्रदेश सरकार के समक्ष तीन सूत्रीय को उठाएंगे। ताकि समुदाय का उत्थान व संघर्ष पूर्ण हो सके। यही कारण है कि भाजपा समर्थक होने के बाद भी समाज के हित की बात होगी। समाज पहले है, पार्टी बाद में होती है।
**-उत्तम दत्ता**, दर्जा राज्यमंत्री




दिनेशपुर में जिपं पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास के नेतृत्व में रुद्रपुर जाते युवा। ● अमृत विचार

### दिनेशपुर से हजारों लोग रुद्रपुर हुए रवाना

**दिनेशपुर :** बंगाली युवा छात्र एकता संगठन के आवाह्न पर क्षेत्र से हजारों लोग रुद्रपुर गांधी पार्क पहुंचे। आधा बाजार खुला रहने के बाद भी लोगों की आवाजाही कम रही। राजनीतिक दलों के बंगाली समाज के जनप्रतिनिधि टोलियों के साथ रुद्रपुर के लिए रवाना हुए। शुक्रवार को पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, जिला पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास, बंगाली समाज की वरिष्ठ नेत्री ममता हालदार, आम आदमी पार्टी बंगाली समाज मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सुभाष व्यापारी, बंगाली युवा नेता प्रसन्नजीत शाह एवं बंगाली कल्याण समिति, बंगाली कर्मचारी मंच व बंगाली युवा छात्र एकता संगठन के नेतृत्व में हजारों लोग बंगाली समुदाय की उप जातियों को अनुसूचित जाति का दर्जा देने की मुख्य मांग के साथ अन्य तीन मांगों के लिए बंगाली युवाओं व छात्रों के साथ गांधी पार्क रुद्रपुर पहुंचे। जबकि देवभूमि व्यापार मंडल ने बंगाली समुदाय की तीन मांगों को लेकर 8 सितंबर को पूर्ण बाजार बंद रखकर अपना समर्थन दिया था।



बंगाली समाज को हमेशा वोट बैंक समझकर इस्तेमाल किया गया, जब भी समुदाय ने अनुसूचित जाति का दर्जा मांगा। तभी उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। ऐसे में अब समाज एक मंच पर आया है और जो भी दल या सरकार समाज के हित की सोचेगी। समुदाय उसी का समर्थन करेगा। वह कांग्रेस समर्थित है। बावजूद इसके समाज का हित सर्वोपरि होगा और संघर्ष भी जारी रहेगा। **-प्रेमानंद महाजन**, पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता



आज वास्तव में संगठित बंगाली समाज का सर्वोदय हुआ है। दबा कुचला समाज हमेशा ईमानदारी से मेहनत-मजदूरी कर जीविका चलाता है। आज जिस प्रकार समुदाय का हुजूम उमड़ा है। वह वास्तव में ऐतिहासिक भीड़ है और अब समाज में परिवर्तन और अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सजग हो चुका है। समुदाय के हित के साथ चलना ही उनका उद्देश्य रहेगा। **-केके दास**, भाजपा एवं समुदाय नेता



किसी भी सरकार ने बंगाली समुदाय की भावनाओं पर कुठाराघात किया है, लेकिन तीन सूत्रीय मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए। जिसको लेकर समाज के लोग संघर्षरत भी हैं। हमेशा चुनाव में समाज की याद आती थी। इन सभी दुर्भावना से विवश होकर समाज के लोग एक मंच पर आए और संकल्प लिया है कि समाज का उत्थान ही सर्वोपरि रहेगा।
**-ममता हल्दार**

### मृतक पति के खाते से 50 हजार निकालने का आरोप

**खटीमा :** वनगवां निवासी विधवा ने गांव के ही एक व्यक्ति पर धोखाधड़ी से उसके मृतक पति के बैंक खाते से दो बार में 50 हजार रुपये निकाल लेने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस से इस मामले में कार्रवाई करने और पैसे वापस दिलाने की गुहार की है। वनगवां निवासी सुरजीत कौर ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उसके पति सुरजन सिंह का 5 सितंबर 2021 को निधन हो गया है। यह भी बताया है कि उनका बैंक ऑफ़ बड़ौदा भगचुरी में बैंक खाता है। पीड़िता ने बताया है कि दो सितंबर को गांव का ही एक युवक घर पर आया और कहने लगा कि सुरजन सिंह की बैंक पासबुक और आधार दे दो तो मैं बैंक ने तुम्हें वारिस बनवाकर पैसे निकलवा दूंगा। यह भी बताया कि शाम को वह यह कहते हुए पासबुक और आधार वापस कर गया कि अभी पैसे नहीं निकलेंगे। पीड़िता ने कहा कि जब वह बुधवार को बैंक में गई तो बताया गया कि उसके मृतक पति के खाते से दो सितंबर को दो बार में 25-25 हजार रुपये निकाले गए हैं। पीड़िता ने सत्रहमील पुलिस चौकी पर तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने और पैसे वापस दिलाने की गुहार की है।

# तीन वर्षों में हत्या, बलात्कार डकैती जैसे अपराधों में कमी

संवाददाता: काशीपुर

**आरटीआई**
- अपहरण, चोरी, वाहन चोरी, लूट अपराधों में हुई बढ़ोतरी
- सूचना के अधिकार के तहत मांगी जानकारी में हुआ खुलासा

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में पिछले तीन वर्षों में हत्या, बलात्कार, डकैती जैसे गंभीर अपराधों में भारी कमी हुई है, जबकि अपहरण, चोरी, वाहन चोरी, लूट आदि अपराधों में बढ़ोतरी हुई।

काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन (एडवोकेट) ने उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय से वर्ष 2023 में दर्ज अपराधों से संबंधी विवरणों की सूचना मांगी थी। नदीम को उपलब्ध 2021, 2022 तथा 2023 तीन वर्ष के तुलनात्मक अपराधों के विवरण के अनुसार उत्तराखंड में 2021 में 208 हत्या के अपराध हुए थे जो 2022 में 187 और 2023 में 12 प्रतिशत कम होकर 183 हो गये। दहेज हत्या के वर्ष 2021 में 72 अपराध हुए, जबकि 2022 में 70 व 2023 में 33 प्रतिशत कम होकर 48 हो गये। हत्या के लिये अपहरण के 2021 में 4 अपराध, 2022 में 2 व 2023 में 75 प्रतिशत कम होकर 1 रह गये। फिरौती के लिये अपहरण के 2021 में 6, वर्ष 2022 में 3 तथा 2023 में 66 प्रतिशत कम होकर 2 रह गये। बलात्कार के वर्ष 2021 में 534 अपराध हुए, जबकि 2022 में इसमें 62 प्रतिशत की भारी बढ़ोत्तरी होकर 867 हो गये, लेकिन 2023 में 2021 के मुकाबले 21 प्रतिशत कमी होकर 421 अपराध ही रह गये। डकैती के 2021 में 14 अपराध हुए जो 2022 में 35 प्रतिशत बढ़कर 19 हो गये लेकिन 2023 में 21 प्रतिशत कम होकर 11 रह गये। आईटीएक्ट के 2021 में 668 अपराध हुए जो 2022 में 495 तथा 2023 में 38 प्रतिशत कम होकर 417 रहे गये। अन्य आईपीसी अपराधों में भी भारी कमी हुई है।

वहीं अपहरण के 2021 में 819 अपराध हुए जो 2022 में 1169 हो गये तथा 2023 में 2021 की तुलना में 54 प्रतिशत बढ़कर 1264 हो गये। इसके साथ ही चोरी, वाहन चोरी, लूट अपराधों में बढ़ोतरी हुई है।

**विज्ञप्ति**

श्री महादेव गिरी संस्कृत उत्तरमध्यमा विद्यालय, देवलचौड़, हल्द्वानी नैनीताल की साधारण सभा में विशेष आजीवन सदस्य हेतु रू० 5100/- आजीवन सदस्य हेतु रू० 2100/- तथा साधारण सदस्य बनने हेतु रू० 501/-शुल्क देय पर इच्छुक व्यक्तियों जिनकी आयु 21 वर्ष से कम ना हो सदस्य बनाये जाने हेतु विज्ञापन जारी होने के 15 दिन के भीतर विद्यालय के नाम बैंक ड्राफ्ट सहित आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। उक्त अवधि के पश्चात आवेदन पत्र सहित शुल्क राशि स्वीकार नहीं की जायेगी।

पत्रांक : 35/प्र०सं०ग०/2024-25
दिनांक : 20-09-2024

प्रबन्धक
श्री महादेव गिरी संस्कृत उत्तरमध्यमा विद्यालय
देवलचौड़, हल्द्वानी, नैनीताल (उत्तराखण्ड)

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**विद्युत वितरण खण्ड**
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन रामनगर (नैनीताल)
फोन नं. (05947) 255221 E-Mail: eddrgr@yahoo.com

पत्रांक : 4373/वि.वि.ख. (रा.)/ A-1 दिनांक : 20-09-2024

**विद्युत उपभोक्ता कृपया ध्यान दें :-**
- क्या आपका खराब मीटर नहीं बदला जा रहा है
- क्या नया कनेक्शन मिलने में देरी हो रही है
- क्या गलत बिल बनकर आने से आप परेशान हैं
- क्या जमा करने के बावजूद पैसा बिल में जुड़ रहा है
- क्या खराब ट्रांसफार्मर तय समय में नहीं बदला जा रहा
- क्या समय से विद्युत बिल मिल रहा है या नहीं

या

आप बिजली से संबंधित किसी अन्य समस्या (विद्युत चोरी, अनधिकृत उपभोग एवं विद्युत दुर्घटना को छोड़कर) से परेशान हैं तो, शिकायतें दूर करने के लिए

**विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के "शिविर" में अपनी शिकायत दर्ज कराएं**

**स्थान:- 33/11 के०वी० उपसंस्थान परिसर, उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०, बैल पड़ाव जिला-नैनीताल।**
**दिनांक :- 27/09/2024 समय :- पूर्वाहन 11:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक**

अपनी शिकायत सफेद कागज में स्पष्ट रूप से लिखें तथा शिकायत से संबंधित सभी दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न करते हुए दो प्रतियों में लाएं। कृपया अपने आवेदन में अपना पूर्ण व स्पष्ट पता व दूरभाष नम्बर का उल्लेख अवश्य करें।

**सदस्य**
श्री टीका राम जोशी (न्यायिक, सदस्य)
श्री पी.सी. पाण्डेय (तकनीकी, सदस्य)
श्री हिमांशु बहुगुणा (उपभोक्ता, सदस्य)

**मंच कार्यालय का पता**
विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
उत्तराखंड पावर कारपोरेशन लिमिटेड
कुमाऊं क्षेत्र, हल्द्वानी
132 के.वी. उ०सं० परिसर
पो.ओ. काठगोदाम (जिला-नैनीताल)
दूरभाष : 05946-266223
ईमेल :- cgrf.kumaoun@gmail.com

**बैठक** विकास कार्यों को लेकर जिपं सदस्यों ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप-प्रत्यारोप, जिला पंचायत अध्यक्ष की अनुमति के बाद शुरू हुई बैठक

# हंगामे के बीच जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में कई प्रस्ताव पास

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में हंगामे के बीच कई प्रस्ताव पास हुए। इस दौरान बंगाली समाज (नमो शूद्र) का एससी का दर्जा, काशीपुर स्थित महुआखेड़ा गंज नगर पालिका का नाम बाबा भीमराव अंबेडकर रखने समेत कई प्रस्ताव पास हुए। विकास कार्यों को लेकर जिला पंचायत सदस्यों ने एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप भी लगाए।

शुक्रवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुबह 11 बजे जिला पंचायत की बोर्ड बैठक आयोजित हुई। जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार ने बोर्ड बैठक की अनुमति दी। बैठक के संचालन के लिए अपर मुख्य अधिकारी का चार्ज अभियंता मो. जफर अंसारी को दिया गया था। उन्होंने बैठक के एजेंडे को जिला पंचायत सदस्यों के समक्ष रखा। इस दौरान विकास कार्यों को लेकर जिला पंचायत सदस्यों ने एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप भी लगाए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने बैठक में बंगाली समाज (नमो शूद्र) का एससी का दर्जा देने का प्रस्ताव रखा। इसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया।

इसके अलावा जिला पंचायत सदस्य हरदेव सिंह ने काशीपुर महुआखेड़ागंज नगर पालिका का नाम बाबा भीमराव अंबेडकर रखने का प्रस्ताव रखा गया। सभी सदस्यों ने इसे सर्वसम्मति से पास किया। इसके अलावा गदरपुर खेमपुर में जिला पंचायत सदस्य के पिता पर अपंजीकृत ठेकेदार को 40 लाख का काम दिए जाने का मामला भी उठा। साथ ही सीडीओ मनीष कुमार से इस मामले में उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग भी उठी। इसके अलावा जिला पंचायत सदस्य विपिन कुमार सदस्यों के प्रस्ताव में मिलने वाले बजट का 25 फीसदी जिला पंचायत अध्यक्ष को नहीं देने का मुद्दा उठाया। इस पर काफी देर तक जिला पंचायत सदस्यों में आपस में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हुआ। बाद में इस पर सहमति बनी और मामला शांत हुआ। इसके अलावा बैठक में कई विकास कार्यों पर चर्चा हुई।




बैठक में मंचासीन जिपं अध्यक्ष रेनू गंगवार, सीडीओ मनीष कुमार। ● अमृत विचार

### वर्ष 2024-25 के लिए 16 करोड़ का प्रस्ताव पास

**रुद्रपुर :** वित्त परामर्शदाता उमेश सिंह डांगी ने बताया कि बैठक में वर्ष 2023-24 का सीसी रोड, नाली, हैंडपंप के लिए 10 करोड़ 36 लाख का प्रस्ताव पास हुआ। इसके अलावा वर्ष 2024-25 के लिए ग्राम पंचायतों में खड़ंजा, पेयजल लाइनों समेत कई कार्यों के लिए 16 करोड़ का प्रस्ताव पास हुआ।

### ये लोग रहे मौजूद

वित्त परामर्शदाता उमेश सिंह डांगी, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर मंडेला, गीता पांडे, अरविंद कुमार, अमर शंकर यादव, त्रिलोक सिंह, अनीमा, वीर सिंह, उदय सिंह, दुर्गेश कुमार, आशना बेगम, हरविंदर कौर, दीपा देवी, कमला देवी, परमित कौर, मोनिका, दीपा गंगा, विपिन कुमार, सुमन सिंह, हरदेव सिंह, मीना रानी, सतीश कुमार, सद्दाम, अफरोज जहां, जन्नतुल फिरदौस आदि मौजूद रहे।



गल्ला मंडी में बैठक करते सिख समुदाय सहित कई संगठनों के लोग। ● अमृत विचार



खटीमा में एसडीएम बिष्ट को ज्ञापन सौंपते गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारी।

### आदर्श कॉलोनी चौकी इंचार्ज को निलंबित करें

**खटीमा :** गुरुद्वारा गुरुनानक सत्संग सभा ने आदर्श कॉलोनी चौकी इंचार्ज द्वारा सिख युवक के साथ की गई अभद्रता की कड़ी निन्दा करते हुए चौकी इंचार्ज को निलंबित करने की मांग की है। एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट को सौंपे ज्ञापन में गुरुद्वारा कमेटी ने कहा है कि चली इंचार्ज द्वारा इससे पूर्व अन्य स्थानों पर भी पोस्टिंग के दौरान इस प्रकार की कारवाई करते रहे हैं जिससे लोगों को गुस्सा कम नहीं हुआ है। ज्ञापन देने वालों में गुरुद्वारा कमेटी अध्यक्ष हरभजन सिंह खिंडा, उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह गांधी, सचिव जगजीत सिंह मल्ली, कोषाध्यक्ष रणदीप सिंह सेठी, जनक सिंह, सुखविंदर सिंह, बलजीत सिंह, जगतार सिंह, गुरप्रीत सिंह, अमरजीत सिंह, गगनदीप सिंह, जितिन ग्रोवर आदि शामिल रहे।

# चौकी प्रभारी की दबंगई के खिलाफ गरजे सिख संगठन, निलंबन पर अड़े

## व्यापारी, किसान व धार्मिक संगठनों ने भी दिया समर्थन, बड़ी संख्या में एकत्रित हुए सिख समुदाय के लोग, सुबह 11 बजे से एक बजे तक की जनसभा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी की दबंगई की वीडियो वायरल होने के बाद लाइन हाजिर दरोगा के निलंबन की मांग को लेकर सिख संगठन के अलावा किसान, व्यापारी और राजनीतिक दलों ने जमकर भड़ास निकाली। सुबह से गल्ला मंडी में सिख समुदाय का जमावड़ा लगा रहा। कई घंटे की मशक्कत के बाद आखिरकार आंदोलित लोगों ने एसपी सिटी को 25 सितंबर तक जांच कर निलंबित करने का अल्टीमेटम दिया और 26 सितंबर को पुलिस कार्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन किए जाने का ऐलान किया।

18 सितंबर को वाहन चेकिंग के दौरान आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी संदीप पिलखवाल का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें चौकी प्रभारी एक सिख युवक से हाथापाई करते हुए दिखाई दे रहे थे। वीडियो वायरल होते ही जब बवाल होने की संभावना सामने आई तो एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने तत्काल चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया, लेकिन व्यापारी और सिख संगठन इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं थे और उन्होंने शुक्रवार को विशाल जनसभा व पुलिस कार्यालय कूच का ऐलान कर दिया।

शुक्रवार की सुबह किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, तराई किसान संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष तजिंदर सिंह विर्क, भारतीय किसान यूनियन के गुरसेवक सिंह, व्यापार नेता संजय जुनेजा, सुरेश कंबोज सहित बड़ी तादाद में सिख समुदाय के लोग गल्ला मंडी में एकत्रित हुए और जमकर चौकी प्रभारी के खिलाफ भड़ास निकाली। सुबह 11 बजे से चली जनसभा एक बजे तक चली और जब भीड़ ने पुलिस कार्यालय कूच का ऐलान किया तो सूचना मिलने पर एसपी सिटी कत्याल, सीओ सदर निहारिका तोमर, कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी, निरीक्षक नरेश चौहान, निरीक्षक विक्रम राठौड़ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां एसपी सिटी मनोज कत्याल व प्रोटेस्ट का नेतृत्व कर रही कमेटी की एक घंटे वार्ता हुई।

इस दौरान एसपी सिटी ने आश्वासन दिया कि विभागीय कार्रवाई बिना जांच के नहीं हो सकती है। ऐसे में 25 सितंबर तक जांच कर आरोपी युवक के साथ अमर्यादित व्यवहार के आरोपी चौकी प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कमेटी ने ऐलान किया कि यदि 25 सितंबर तक आरोपी चौकी प्रभारी निलंबित नहीं होता है तो 26 सितंबर को पुलिस कार्यालय के बाहर विशाल धरना प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर जगतार सिंह बाजवा, गुरसेवक सिंह, गूरवीर सिंह वकील, हरदीप सिंह, सलविंदर सिंह कलसी, परविंदर सिंह, हरप्रीत सिंह, प्रताप सिंह, अमन दीप सिंह ढिल्लो, जगरूप सिंह, जितेंद्र सिंह संधू, नवतेज पाल सिंह, विक्की रंधावा, मनोज छाबड़ा, संदीप राय, संदीप चीमा, सीपी शर्मा, संजय ठुकराल आदि मौजूद रहे।

**25** सितंबर तक जांच कर निलंबित करने का आंदोलित लोगों ने एसपी सिटी को दिया अल्टीमेटम और 26 सितंबर को पुलिस कार्यालय पर विशाल धरना प्रदर्शन किए जाने का ऐलान किया

**18** सितंबर को वाहन चेकिंग के दौरान आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी संदीप पिलखवाल का एक वीडियो वायरल हुआ था



जमीन पर बैठकर नेतृत्वकर्ताओं को समझाने की कोशिश करते एसपी सिटी। ● अमृत विचार

### एसपी सिटी ने पंजाबी बोलकर किया संबोधन

**रुद्रपुर :** गल्ला मंडी में एक घंटे की मशक्कत के बाद जब एसपी सिटी मनोज कत्याल को माइक पर बोलने का मौका दिया तो उन्होंने अपना संबोधन पंजाबी में दिया। उन्होंने पंजाबी भाषा में ही कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। जिसे देखकर हर कोई हैरान रह गया। एसपी सिटी इतनी बेहतरीन पंजाबी कैसे बोल रहे हैं। कहीं न कहीं एसपी सिटी को यह अंदाज पांच दिन की मोहलत देने में सफल रहा।

### युवक के पिता देंगे शिकायती पत्र

**रुद्रपुर :** युवक के साथ अमर्यादित व्यवहार को लेकर उसके पिता हरविंदर सिंह काफी खफा दिखे। उन्होंने घोषणा की कि यदि जल्द ही पुलिस के आला अधिकारियों ने न्याय नहीं किया तो आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी संदीप पिलखवाल के खिलाफ तहरीर देंगे। उनका कहना था कि जिस प्रकार जवान बेटे का अपमान हुआ और वीडियो में साफ तौर पर दरोगा धार्मिक कड़े को हथकड़ी के सामान प्रयोग कर रहा है। वहीं निंदनीय और क्षमा योग्य नहीं है।

### जनसभा में खूब देखी गई दरोगा की वीडियो

**रुद्रपुर :** गल्ला मंडी में आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी संदीप पिलखवाल के खिलाफ नेताओं ने जमकर भड़ास निकाली। वहीं दरोगा द्वारा खटीमा-बाजपुर में दिखाई दबंगई की वीडियो भी जनसभा में खूब चली। यहां तक कि खटीमा व बाजपुर के पीड़ित भी धरना स्थल पर पहुंचे और आपबीती बताई। इस दौरान खटीमा की रहने वाली एक मुस्लिम महिला ने रोते-रोते दरोगा की दबंगई की दास्तां बताई और पुलिस पर अभी भी प्रताड़ित करने का मुद्दा उठाया।

### अधीनस्थों के प्रति कप्तान में दिखा गुस्सा

**रुद्रपुर :** आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी के दुर्व्यवहार के खिलाफ गुरुवार की शाम से ही सोशल मीडिया में आंदोलन की सुगबुगाहट शुरू हो चुकी थी और कई बड़े किसान-सिख संगठनों के ग्रुपों में पुलिस कार्यालय कूच का ऐलान हो चुका था। बावजूद कोतवाल व एलआईयू की निष्क्रियता को लेकर कप्तान में नाराजगी दिखी। यही कारण था कि एसएसपी मणिकांत मिश्रा निचले अधिकारियों को फोन कर अपडेट ले रहे थे। चर्चा यह भी है कि एसएसपी ने नाराजगी जताई कि इतनी भीड़ एकत्रित हो गई और जिम्मेदार अधिकारियों ने रोकने का कोई प्रयास नहीं किया।

### जनसभा में उठीं तीन सूत्रीय मांगें

रुद्रपुर : जनसभा में वक्ताओं ने जहां प्रदेश की धामी सरकार की पुलिस के खिलाफ भड़ास निकाली। वहीं कमेटी ने पुलिस के सामने तीन सूत्रीय मांग भी रख दी। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस ने द्वेष भावना के चलते युवक पर कोई कार्रवाई की तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके अलावा आरोपी दरोगा के निलंबन में वादाखिलाफी हुई तो उग्र आंदोलन होगा और दरोगा के सभी प्रकरण की जांच का मुद्दा उठाया जाएगा।

## क्या बोले जनप्रतिनिधि

### धामी की पुलिस हो चुकी है बेलगामः बेहड़



**रुद्रपुर :** किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि प्रदेश में धामी सरकार बनते ही अफसरशाही हावी हो चुकी है। जिसमें ऊधमसिंह नगर जिला अव्वल है। पुलिस अपराधियों को पकड़ने के बजाय खनन माफियाओं को संरक्षण, अपराधियों से सांठगांठ, जमीन पर कब्जा और भ्रष्टाचार में लिप्त है। जल्द ही बेलगाम दबंग दरोगा पर कार्रवाई नहीं हुई तो आर पार की लड़ाई होगी।

### बेलगाम हो चुका था चौकी प्रभारी संदीपः जुनेजा



**रुद्रपुर :** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि महज दो से तीन माह के कार्यकाल में आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी संदीप पिलखवाल ने त्राहि-त्राहि मचा दी थी। आते ही सर्राफा व्यापारी से हाथापाई, व्यापारी नेताओं से अभद्रता के अलावा फरियादियों को हड़काने तक की शिकायती मिली। ऐसे पुलिस अधिकारी के खिलाफ व्यापारी संगठित होकर मोर्चा खोलेगा और निलंबन तक चुप नहीं बैठेगा।

### किसी का अपमान नहीं होगा बर्दाश्तः ठुकराल



**रुद्रपुर :** पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि किसी भी व्यक्ति का अपना मान सम्मान होता है। ऐसे में जिस प्रकार चौकी प्रभारी ने दबंगई दिखाकर युवक के अमर्यादित व्यवहार किया। वह बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। चेकिंग के दौरान एमवी एक्ट बनता तो चालानी कार्रवाई हो सकती थी, लेकिन हाथापाई करना गलत था।

### नहीं हुआ निलंबन तो बनेगा गाजीपुरः विर्क



**रुद्रपुर :** तराई किसान संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष तजिंदर सिंह विर्क ने कहा कि यदि एसपी सिटी ने वादाखिलाफी की तो 26 सितंबर को पुलिस कार्यालय का घेराव किया जाएगा और वहां टेंट डालकर गाजीपुर बना दिया जायेगा। कारण किसान हो या समाज मान सम्मान से समझौता नहीं कर सकता है। चौबीस घंटे के ऐलान में समाज एकत्रित हुआ है।

# सरकारी स्कूल के शिक्षक ने छात्रा को बुरी तरह पीटा

संवाददाता, गदरपुर

**कक्षा चार की 10 वर्षीय छात्रा का हाथ फैक्चर, रेफर किया**

**अमृत विचारः** क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल के शिक्षक पर कक्षा चार की एक 10 वर्षीय छात्रा के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि शिक्षक के पीटने से बच्ची का हाथ फैक्चर हो गया है।

गूलरभोज रोड स्थित एक प्राइमरी स्कूल में कीड़े मारने की दवाई खिलाने के दौरान कक्षा 4 में पढ़ने वाली 10 वर्षीय मासूम छात्रा से स्कूल के एक शिक्षक ने मारपीट की। इससे छात्रा का हाथ फैक्चर हो गया। चोट लगने पर छात्रा दर्द से कराह उठी और डर के मारे शिक्षक से कुछ न कह पाई। छात्रा जब छुट्टी के बाद घर पहुंची तो बच्ची ने अपनी पीड़ा परिजनों को बताई।

मारपीट की बात सुनकर परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और वह कानूनी कार्रवाई का मन बनाने लगे। वहीं जब शिक्षक को इसकी भनक लगी तो आरोपी शिक्षक गदरपुर के एक नेता को लेकर छात्रा के घर पहुंच गया और इलाज कराने के बहाने तहरीर न देने का दबाव बनाने लगा। उधर डॉक्टरों ने छात्रा को प्राथमिक उपचार के उपरांत जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# विद्युत लाइन पर काम कर रहे संविदा कर्मी की मौत, हंगामा

संवाददाता, नानकमत्ता

**अमृत विचारः** विद्युत विभाग की लापरवाही से लाइन पर काम कर रहे संविदा कर्मी की करंट से मौत हो गई। इससे भड़के परिजनों ने विद्युत कार्यालय में शव रखकर हंगामा काटा। मौके पर पहुंचे विभाग के एसडीओ आलोक सतान और विधायक के आश्वासन पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



नरेश सिंह राणा

शुक्रवार को सुनखड़ी गांव में विद्युत ट्रांसफार्मर पर चढ़कर लाइनमैन घनश्याम सिंह राणा के साथ संविदा कर्मी नरेश सिंह राणा निवासी हरैया नानकमत्ता काम कर रहा था। अचानक आए करंट से नरेश सिंह ट्रांसफार्मर पर ही लटक गया। आनन-फानन में उसे सुशीला तिवारी अस्पताल में ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों मे अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को परिजनों ने शव नहीं उठाने दिया। विद्युत विभाग को घटना का जिम्मेदार ठहराते हुए परिजन शव को लेकर ग्रामीणों के साथ विद्युत शव स्टेशन पहुंच गए। उन्होंने शव रखकर प्रदर्शन किया। उन्होंने दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने और संविदा कर्मी को उचित मुआवजा देने की मांग की।

घटनास्थल पहुंचे क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह राणा और विभाग के एसडीओ आलोक सतान ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि बजाज फाइनेंस कंपनी द्वारा दस लाख रुपये और विभाग की ओर से 4 लाख रुपये मृतक कर्मी के परिजनों को सहायता राशि के रूप में दिए जाएंगे। विधायक व एसडीओ के आश्वासन पर परिजनों ने शव को पुलिस को पोस्टमार्टम के लिए सौंप दिया।

विधायक गोपाल सिंह राणा ने बताया कि विद्युत विभाग से सम्बन्धित ठेकेदार मृतक के परिजनों में एक को नौकरी मुहैया कराएगा। फिलहाल विभागीय कर्मचारियों ने पचास हजार रुपये की अहेतुक सहायता राशि परिवार को सौंप दी है।



नानकमत्ता में विद्युत अधिकारियों का घेराव करते पीड़ित परिजन व ग्रामीण। ● अमृत विचार

### एक माह पहले हुआ था पिता का निधन

**नानकमत्ता :** मृतक नरेश सिंह राणा शादीशुदा था। उसकी एक लड़की 12 वर्ष, दूसरी लड़की 9 वर्ष व एक लड़का 6 वर्ष का है। पिता अमर सिंह राणा का एक माह पहले निधन हो गया था। दो भाइयों में मृतक नरेश सिंह बड़ा था। घर में पत्नी और वृद्ध मां का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार मेहनत मजदूरी कर अपना भरण पोषण करता है।

**तफ्तीश** रामपुर-मुरादाबाद की संयुक्त टीम ने कई संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया

# शताब्दी एक्सप्रेस के साजिशकर्ता की तलाश तेज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** नैनी दून शताब्दी एक्सप्रेस को नुकसान पहुंचाने के साजिशकर्ताओं की तलाश शुरू हो चुकी है। इसके लिए, जहां बरेली रेलवे मंडल ने एक सीसीटीवी फुटेज भी जारी की है। जिसमें कुछ संदिग्ध दिखाई दे रहे हैं। वहीं रामपुर-मुरादाबाद मंडल की जीआरपी, आरपीएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने कई संदिग्ध को हिरासत में लेकर पूछताछ भी शुरू कर दी है।

बुधवार की रात्रि पौने दस बजे किसी व्यक्ति ने रुद्रपुर सिटी स्टेशन होम सिग्नल के पास (12091) नैनी दून जनशताब्दी एक्सप्रेस को नुकसान पहुंचाने के मकसद से लोहे का पाइप रेलवे पटरी पर रख दिया था। पटरी पर रखा पाइप को देखकर यह प्रतीत हो रहा था कि मानों किसी व्यक्ति ने जानबूझकर शताब्दी एक्सप्रेस को नुकसान पहुंचाने का भरकस प्रयास किया हो, लेकिन गनीमत यह रही कि लोको पायलट की नजर पटरी के बीचों बीच रखे पाइप पर पड़ गई और पायलट ने बिना समय बिताए इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए। जिस वजह से तमाम यात्रियों की जान बच गई और साजिश नाकाम हो गई। प्रकरण की भनक लगते ही मुरादाबाद जीआरपी एसपी अशोक कुमार सहित खुफिया एजेंसियां सक्रिय हो गई और मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।शुक्रवार को मुरादाबाद रामपुर मंडल की जीआरपी, आरपीएफ व स्थानीय पुलिस की एक संयुक्त टीम ने अपनी तफ्तीश को आगे बढ़ाते हुए करीब सात से आठ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। वहीं चर्चा है कि बरेली मंडल ने घटनास्थल से कुछ ही दूरी का एक सीसीटीवी फुटेज भी जारी किया है। जिसमें कुछ संदिग्ध दिखाई भी दे रहे हैं। उधर, एसपी जीआरपी अशोक कुमार ने बताया कि फुटेज जारी किए जाने का मामला संज्ञान में नहीं है। फिलहाल जीआरपी की टीम सरगर्मी से प्रकरण की तफ्तीश कर रही है और कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की है, लेकिन अभी तक कोई भी ठोस सुराग व संदिग्ध की पहचान नहीं हो पाई है।



रेलवे ट्रैक पर रखा लोहे का पाइप। ● फाइल फोटो

### हादसे के आरोपी बस चालक पर मुकदमा

**काशीपुरः** एक युवक को घायल करने के मामले में पुलिस ने भाई की तहरीर पर बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस को दी तहरीर में जसपुर के मोहल्ला छिपीयान निवासी अनिल कुमार ने बताया कि उसका भाई अजय पूजा के निमंत्रण पत्र बांटने के लिए 8 सितंबर को यूपी रोडवेज की बस से काशीपुर को आ रहा था। रामनगर रोड स्थित चामुंडा चौराहे पर जब वह बस से उतर रहा था तभी चालक ने तेजी से बस चला दी। इससे वह बस के दरवाजे में अटक कर काफी दूर तक घिसटता गया। वहां मौजूद पुलिस कर्मियों को बस चालक ने अपना नाम भूषण त्यागी निवासी दादरी, हापुड़ उप्र- बताया। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# ई रिक्शा चालक का शव नर्सरी में मिला

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** ई रिक्शा स्वामी जगदीश सिंह (55) पुत्र खंडा सिंह निवासी अमरपुर कोतवाली रुद्रपुर का शव बक्सौरा गांव के निकट पॉपुलर की नर्सरी के खेत में मिलने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर आईपीएस एएसपी निहारिका तोमर व थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने हत्या की आशंका जताते हुए फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया।



जगदीश सिंह।

**कार्रवाई**

- **पुलिस ने हत्या की आशंका पर फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया**
- **परिजनों में मचा कोहराम अमरपुरी गांव में शोक**

गुरुवार दोपहर 3:30 बजे अमरपुरी निवासी जगदीश सिंह (55) ई रिक्शा से जाफरपुर से दिनेशपुर सवारी ढोने के लिए घर अमरपुरी से निकला। देर रात घर न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन की लेकिन उसका पता नहीं चला। शुक्रवार की प्रातः परिजनों ने जगदीश सिंह का शव बुक्सौरा गांव के निकट पॉपुलर की नर्सरी में देखा। टुकटुक 50 मीटर दूर खड़ा था। सूचना मिलने पर आईपीएस एएसपी निहारिका तोमर व थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। एसआई नवीन सुयाल ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र गुरमीत सिंह ने हत्या की आशंका जताते हुए थाने में अज्ञात के नाम से तहरीर दी। मृतक जगदीश सिंह अपने पीछे पत्नी रणजीत कौर, पुत्र गुरमीत सिंह व लखविंदर सिंह, पुत्री लक्ष्मी कौर को रोता बिलखता छोड़ गया है। जबकि उसने अपनी बड़ी पुत्रियों में चरनजीत कौर, सीमा कौर व गुरमेज कौर का विवाह करा दिया था। वह अपने परिवार का ई-रिक्शा चलाकर भरण पोषण करता था।

सर्वे क्षयान्ता निचया : पतनान्ता : समुच्छ्रया : ।
संयोगा विप्रयोगान्ता मरणान्तं च जीवितम् ॥

सभी प्रकार के संग्रह का अंत क्षय है। बहुत ऊंचे चढ़ने का अंत नीचे गिरना है। संयोग का अंत वियोग है और जीवन का अंत मरण है।

## संपादकीय

# जलवायु संकट का समाधान

दुनिया जलवायु परिवर्तन, प्रकृति और जैव विविधता की हानि, प्रदूषण और कचरे के संकट का सामना कर रही है। ग्रीनहाउस गैसों की सांद्रता से तापमान वृद्धि तेज होगी। असामान्य मौसम हमारे जीवन एवं अर्थव्यवस्था पर कहर बरपा रहा है। जलवायु परिवर्तन के समाधान के लिए केवल प्रौद्योगिकी का उपयोग पर्याप्त नहीं होगा। जलवायु संकट से निपटने के लिए उपग्रहों एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का सहारा लेना होगा। संयुक्त राष्ट्र मौसम विज्ञान संगठन ने यह बात इस सदी में वैश्विक तापमान के पूर्व-औद्योगिक स्तर से तीन सेंटीग्रेड ऊपर पहुंचने की प्रमुख जलवायु वैज्ञानिकों की नवीन चेतावनियों के बीच कही है। एआई पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने में भूमिका निभा सकता है, जिसमें अधिक ऊर्जा कुशल इमारतों के डिजाइन से लेकर वनों की कटाई की निगरानी और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को अनुकूलित करना शामिल है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के डेविड जेन्सन कहते हैं कि एआई से तात्पर्य उन प्रणालियों या मशीनों से है, जो ऐसे कार्य करते हैं जिनके लिए आमतौर पर मानवीय बुद्धि की आवश्यकता होती है। एआई का उपयोग जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध लड़ाई में योगदान दे सकता है। एआई और मशीन लर्निंग के जरिए, पहले से ही मौसम पूर्वानुमान के विज्ञान में तेज, किफ़ायती व सुलभ क्रांति आ रही है। मौजूदा एआई प्रणालियों में ऐसे उपकरण शामिल हैं जो मौसम की भविष्यवाणी करते हैं। हिमखंडों पर नजर रखते हैं और प्रदूषण की पहचान करते हैं। विश्व आर्थिक मंच का कहना है कि एआई का उपयोग कृषि को बेहतर बनाने और इसके पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए भी किया जा सकता है। एआई जलवायु परिवर्तन से लड़ने में प्रणालियों में मदद कर रहा है, जिनमें समुद्र में प्लास्टिक प्रदूषण की पहचान करने वाली प्रणालियां भी शामिल हैं।

दुनिया की सबसे कठिन चुनौतियों में से एक जलवायु परिवर्तन से निपटना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार लगभग 4 अरब लोग पहले ही जलवायु परिवर्तन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्रों में रह रहे हैं। ऐसे में जलवायु परिवर्तन की निगरानी के लिए उपग्रह प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कई तरह से किया जाता है। उपग्रहों से मिलने वाले डेटा का इस्तेमाल जलवायु मॉडल को बेहतर बनाने, चरम मौसम की घटनाओं का पूर्वानुमान लगाने में किया जाता है। डेटा से पता चलता है कि समुद्र का स्तर बढ़ रहा है। पृथ्वी पर बर्फ़ की चादरों में तेज़ बदलाव हो रहे हैं। सतत विकास, जलवायु कार्रवाई व आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए आज लिए गए निर्णय बेहतर विश्व के निर्माण का मार्ग तय करेंगे। इसलिए जरूरी है कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के लाभ सभी को सुलभ हों।

# इंदिरा गांधी ने नकार दिया था वन नेशन वन इलेक्शन



महेश शर्मा
कानपुर

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महाराष्ट्र के बसंत साठे ने अध्यक्षीय शासन प्रणाली की बात अपने एक लेख में उठाई थी,जो इंदिरा गांधी को नागवार गुजरी। साठे का कांग्रेस की राजनीति में कद इतना बौना कर दिया गया था कि वह फिर उठ नहीं सके थे।

वन नेशन, वन इलेक्शन पर बनी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी मिल गई। चुनाव सुधार की दिशा में इसे क्रांतिकारी कदम के रूप में बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि इसे क्रियान्वित करने के लिए संविधान में दो बड़े संशोधनों की जरूरत पड़ेगी। अनुच्छेद 83 और 172 में संशोधन करना होगा।

यहां पर पहली दिक्कत तो यह आएगी कि मोदी सरकार की बैसाखी बनी जनता दल (यू) और तेलगू देशम को भी विश्वास में लेना पड़ेगा। लोकसभा में भाजपा के पास 240 सदस्य हैं। क्षेत्रीय दल अपना नफा-नुकसान देखकर निर्णय लेंगे। कहा जाता है कि मोदी सरकार को इस मुद्दे पर सहयोगी दलों का समर्थन हासिल है,लेकिन प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के साथ ही कई विपक्षी दल विरोध में हैं। भाजपा 2014 में वन नेशन,वन इलेक्शन को अपने चुनाव घोषणा पत्र में शामिल किया था। साल 2014 में स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाषण में इसका जिक्र किया था।

विधि विशेषज्ञ कहते हैं कि यदि संविधान संशोधन पारित भी हो जाता है तो इसे सुप्रीमकोर्ट में चुनौती भी दी जा सकती है। इसकी खास वजह यह है कि संविधान के मूलभूत ढांचे में परिवर्तन किया जा रहा है। वन नेशन, वन इलेक्शन से चुनाव खर्चा कम होने, काला धन का उपयोग कम होने की बड़ी बात कही जा रही है। यह भी कहा जा रहा है कि इससे इससे लोकतंत्र शासन का अध्यक्षीय स्वरूप सामने आ सकता है। विधि विशेषज्ञ एक बड़ी अड़चन और बताते हैं कि राज्य विधानसभा का चुनाव संविधान की सातवीं अनुसूची में स्टेट लिस्ट में आता है। राज्य विधानसभा को भंग करने का अधिकार राज्य सरकार के पास होता है। वन नेशन वन इलेक्शन लागू होने पर राज्यों से यह अधिकार छिन जाएगा। केंद्र व राज्यों में एक साथ चुनाव कराना है तो उन सरकारों को भी भंग कर दिया जाएगा,जिनका कार्यकाल पूरा नहीं हुआ है। यह संविधान के मूल ढांचे के विरुद्ध कहा जा रहा है। ऐसे में क्षेत्रीय दलों को घोर आपत्ति हो सकती है,पर कोविंद की सिफारिशों में यह स्पष्ट है कि अनुच्छेद 83 और 172 में संशोधन के लिए राज्यों के समर्थन की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। वन नेशन वन इलेक्शन की अवधारणा कोई नई नहीं है। इस पर चर्चा इंदिरा गांधी के शासनकाल में 1983 में हुई थी,पर श्रीमती गांधी ने अस्वीकार कर दिया था।



आचार संहिता को लेकर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। यह दलील दी जा रही है कि चुनाव खर्च कम होने के साथ सरकारी कर्मचारियों को बार-बार ड्यूटी पर लगाने की जहमत से भी बचा जा सकता है। सौ करोड़ मतदाता हैं,जिन पर 84 रुपया प्रति मतदाता खर्चा आता है। दुनिया के बाकी देशों से यह सस्ता है। एक ईवीएम और एक वीवीपैट की कीमत लगभग 35 हजार है, ऐसे में लोकल बॉडीज के चुनाव भी साथ कराए गए तो वर्तमान संख्या से तीन गुना वोटिंग मशीन की जरूरत पड़ेगी। इस प्रकार वन नेशन वन इलेक्शन लागू होने पर 15 लाख नई मशीनें खरीदनी पड़ सकती है। यह मामला अब मोदी सरकार की राजनीतिक इच्छाशक्ति पर निर्भर है। वन नेशन वन इलेक्शन पर राष्ट्रीय बहस फिलहाल शुरू हो चुकी है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महाराष्ट्र के बसंत साठे ने अध्यक्षीय शासन प्रणाली की बात अपने एक लेख में उठाई थी,जो इंदिरा गांधी को नागवार गुजरी। साठे का कांग्रेस की राजनीति में कद इतना बौना कर दिया गया था कि वह फिर उठ नहीं सके थे। देश के संविधान की सातवीं अनुसूची पृथक मुद्दों पर राज्य और केंद्र के बीच अधिकार के बंटवारे की बात करता है। इसमें केंद्रीय सूची के विषयों पर कानून बनाने का अधिकार केंद्र के पास है। राज्य सूची शामिल विषय राज्य के पास हैं। समवर्ती सूची के विषयों पर केंद्र और राज्य दोनों को अधिकार दिए गए हैं। विधि विशेषज्ञ कहते हैं कि केशवानंद भारती के प्रकरण में सुप्रीमकोर्ट ने साफ कहा था कि संविधान में कोई भी संशोधन तो किया जा सकता है,पर इसके मूलभूत ढांचे में फेरबदल नहीं किया जा सकता है। देश में विधायिका और कार्यपालिका के बाद न्यायपालिका का नंबर आता है।

पूर्व चीफ इलेक्शन कमिश्नर एसवाई कुरैशी के हवाले से कहा गया है कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति को 47 राजनीतिक पार्टियों ने अपनी प्रतिक्रिया भेजी थी,जिनमें 15 पार्टियों ने वन नेशन वन इलेक्शन को लोकतंत्र और संविधान के ढांचे के विपरीत बताया था। एख और दिक्कत लोकल बॉडीज के इलेक्शन से जुड़ी है। कैबिनेट ने जिन प्रस्तावों को स्वीकृति दी है,उनमें ग्राम पंचायत और नगर पंचायत के चुनाव लोकसभा, विधानसभा चुनावों के सौ दिनों के भीतर कराने की बात कही गई है। इसके अलावा जिस राज्य की सरकार कार्यकाल की अवधि पूरी करने से पहले ही गिर जाती है तो वहां पर बचे हुए कार्यकाल के लिए विधानसभा चुनाव होंगे।

देश में संविधान लागू होने के बाद पहले चुनाव 1951-52 में हुआ था। तब केंद्र व 22 राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और कई राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ हुए थे। यह भी तथ्य है कि तब भी 1955 में आंध्र राष्ट्रम (जो बाद में आंध्र प्रदेश बना), 1960-65 में केरल और 1961 में ओडिशा में अलग से चुनाव हुए थे। 1967 में कुछ राज्यों की विधानसभा कार्यकाल पूरा होने से पहले ही भंग हो गई थी। वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया था। यही नहीं 1972 में होने वाले चुनाव भी समय से पहले कराए गए थे। इसके बाद 1983 में चुनाव आयोग ने एक साथ चुनाव कराए जाने का प्रस्ताव तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार को दिया था,जो कि खारिज कर दिया गया था।

आचार संहिता को लेकर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं। यह दलील दी जा रही है कि चुनाव खर्च कम होने के साथ सरकारी कर्मचारियों को बार-बार ड्यूटी पर लगाने की जहमत से भी बचा जा सकता है। सौ करोड़ मतदाता हैं,जिन पर 84 रुपया प्रति मतदाता खर्चा आता है। दुनिया के बाकी देशों से यह सस्ता है। एक ईवीएम और एक वीवीपैट की कीमत लगभग 35 हजार है, ऐसे में लोकल बॉडीज के चुनाव भी साथ कराए गए तो वर्तमान संख्या से तीन गुना वोटिंग मशीन की जरूरत पड़ेगी। इस प्रकार वन नेशन वन इलेक्शन लागू होने पर 15 लाख नई मशीनें खरीदनी पड़ सकती है। यह मामला अब मोदी सरकार की राजनीतिक इच्छाशक्ति पर निर्भर है। वन नेशन वन इलेक्शन पर राष्ट्रीय बहस फिलहाल शुरू हो चुकी है।

## प्रसंगवश

# स्वीकृति के पूर्व त्यागपत्र

सेवा में रहते हुए ऐसी भी विपरीत परिस्थिति बनती है जब कर्मचारी त्यागपत्र का विकल्प चुन लेता है, लेकिन बाद में क्षणिक आवेश में त्यागपत्र का निर्णय खटकता है, उस पर पछतावा होता है। न्यायिक व्यवस्था से ऐसे कार्मिकों को त्यागपत्र वापस लेने के लिए एक 'कूलिंग पीरियड' मिल जाता है। सुप्रीम कोर्ट का सुविचारित मंतव्य है कि स्वीकृति की सूचना से पूर्व कार्मिक त्यागपत्र वापस ले सकता है। कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कमर्चारी एसडी मनोहर ने 5 दिसंबर 2013 को नियोक्ता को त्यागपत्र दे दिया और अनुरोध किया कि इसे एक माह की अवधि के बाद प्रभावी माना जाए। वह अपनी ड्यूटी करता रहा। उसने 26 मई 2014 को त्यागपत्र वापस लेने का पत्र लिखा। नियोक्ता कोंकण रेलवे ने त्यागपत्र वापस करने के बजाय एसडी मनोहर को एक जुलाई 2014 को कार्यमुक्त कर दिया। अभिलेखों में 15 अप्रैल 2014 की तिथि में सात अप्रैल 2014 से त्याग पत्र स्वीकार कर लिया। एसडी मनोहर ने सेवामुक्त आदेश को कर्नाटक उच्च न्यायालय में चुनौती दी और तर्क दिया कि उसके त्यागपत्र दिनांक पांच दिसंबर 2013 पर कभी अंतिम निर्णय नहीं हुआ है, इसलिए उसे सेवामुक्त नहीं किया जा सकता। उच्च न्यायालय की एकलपीठ ने कार्मिक एसडी मनोहर के पक्ष में निर्णय दिया। नियोक्ता की अपील पर खंडपीठ ने एकल पीठ के निर्णय को उलट दिया। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने याची कार्मिक मनोहर के तर्कों के साथ-साथ सुमन जैन बनाम मारवाड़ी सम्मेलन, 2024 एससीसी ऑनलाइन एससी 161 और एयर इंडिया एक्सप्रेस लिमिटेड बनाम कैप्टन गुरु दर्शन कौर संधू (2019) 17 एससीसी 129 व कई अन्य निर्णयों में शीर्ष न्यायालय के विनिश्चय पर भी विचार किया। कानून का यह स्थापित सिद्धांत है कि स्वीकृति के पूर्व त्यागपत्र वापस लिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अपीलकर्ता ड्यूटी पर रहकर लगातार नियोक्ता के संपर्क में था,उसे त्यागपत्र स्वीकृति की कोई सूचना नहीं दी गई। कोर्ट ने प्रश्नगत मामले में पाया कि त्यागपत्र स्वीकृत होने के पूर्व वापस लेने का अनुरोध हुआ है, इसलिए त्यागपत्र स्वीकार किया जाना कानूनी दृष्टि से सही नहीं है।



डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

# चुनाव का वर्ष जो है



महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

मैंने अपने सेवाकाल के दौरान यह भी देखा है कि सेवा के पायदान में जैसे-जैसे पद उच्चतर होता जाता है,अनुचित कार्य का विरोध उतना ही कठिन होता जाता है।

अंग्रेजी में कहावत है कि प्रेम और युद्ध में सब जायज है। अगर यह कहावत आज के हिंदुस्तान में बनी होती तो इस तरह न होकर ऐसी होती 'चुनाव में घूस और अपराध दोनों जायज हैं'। हमारे देश में प्रेम में तो सब जायज हो ही नहीं सकता,क्योंकि प्रेम तो स्वयं ही नाजायज समझा जाता है और प्रेमियों का प्रेमिका के भाई, बाप, पति या गांव की पंचायत द्वारा सरेआम कत्ल कर देने में बड़ी शान समझी जाती है,जहां तक युद्ध की बात है सो हम सदैव 'धर्मयुद्ध' लड़ते रहे हैं।

हमने युद्ध में कभी नाजायज तरीकों का इस्तेमाल नहीं किया है, जिसके कारण विदेशी आक्रमणकारियों से सदैव वीरता से लड़ते हुए हारते रहे हैं। अब पृथ्वीराज चौहान को ही ले लें, जिन्होंने मोहम्मद गौरी को 16 बार हराकर मुक्त कर दिया था। 'वीर' पृथ्वीराज चौहान तब तक मोहम्मद गौरी की हत्या की कैसे सोच सकता था, जब तक मोहम्मद गौरी उसे बंदी बनाकर उसकी आंखें न फोड़ देता? हां, जहां तक चुनाव का सवाल है, हमारे नेताओं की बात ही अलग है। उन पर यह आक्षेप कोई नहीं लगा सकता है कि वे चुनाव लड़ते वक्त जायज-नाजायज के प्रति कोई भेदभाव रखते हैं।

पुलिस और प्रशासनिक कर्मचारियों की पसंदीदा पोस्टिंग कराने, वोटरों को नोटों से जीतने, उन्हें गंगा में डुबकियां लगवाकर अपने पक्ष में वोट डालने की कसम दिलवाने, गुंडों को प्रश्रय देने और फिर डंडे के बल पर बूथ कैप्चरिंग कराने, वोटों की पेटी को लुटवाने और आश्यक हो तो प्रतिद्वंद्वी का काम तमाम कराने को नाजायज कितने नेता मानते हैं? स्वतंत्रता के पश्चात 20-25 वर्षों तक तो देश के अधिकतर नेता जायज और नाजायज का द्वंद्व उपस्थित होने पर जायज को ही तरजीह देते थे। अगर मन से नाजायज कार्य कराना भी चाहते थे तो भी अधिकारियों द्वारा तथ्य एवं नियम प्रस्तुत करने पर नाजायज कार्य करने हेतु दबाव डालने का साहस नहीं करते थे,पर धीरे-धीरे हर एक क्षेत्र में आंख का लिहाज समाप्त होने लगा और हमारे नेताओं ने भी सभी प्रकार की शर्म-लिहाज छोड़कर हर नाजायज काम के लिए खुला खेल फरक्काबादी खेलना आरंभ कर दिया। बस क्या था-भ्रष्ट नेताओं, भ्रष्ट प्रशासनिक अधिकारियों एवं बदमाशों की ऐसी तिकड़ी बन गई कि शरीफ आदमी अपने आप को हाशिए पर बनाए रखने में ही अपनी खैरियत समझने लगे।

आज किसी अधिकारी द्वारा सिद्धांत की अथवा जायज-नाजायज की बात कहने पर नेताओं के हाथ में एक हथियार आ गया है- 'क्या करें चुनाव का वर्ष जो है?',जिसका सीधा अर्थ होता है कि जायज-नाजायज का फर्क भूल जाओ और सीधी तरह जो हम कह रहे हैं वह करो। भारत में गणतंत्र व्यवस्था लागू होने के बाद आरंभिक वर्षों में केवल लोकसभा एवं विधानसभा के चुनाव का महत्व था और वह पांच वर्ष के अंतराल पर एक साथ होते थे। आज तो लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद, नगर परिषद, पंचायत आदि सभी के चुनाव महत्वपूर्ण (कमाऊ) हो गए हैं और प्रत्येक वर्ष किसी न किसी के चुनाव का चुनावी वर्ष होता है। इस कारण 'बेचारे' नेता सदैव अनुचित नियुक्तियां कराने और जायज-नाजायज का फ़र्क भूलकर अधिकारियों से काम कराने को 'मजबूर' रहते हैं।

मैंने अपने सेवाकाल के दौरान यह भी देखा है कि सेवा के पायदान में जैसे-जैसे पद उच्चतर होता जाता है,अनुचित कार्य का विरोध उतना ही कठिन होता जाता है। उच्च स्तर पर आते-आते अधिकारियों की समझ में यह बात भी आ जाती है कि मुख्यमंत्री अथवा उनके निकटतम व्यक्तियों का बहुत विरोध कर स्वयं को महत्वहीन स्थान पर स्थानांतरित तो कराया जा सकता है,परंतु अनुचित कार्य होने से नहीं रोका जा सकता है। यदि कोई अधिकारी अनुचित कार्य नहीं करेगा तो आने वाला अधिकारी चुनकर ऐसा नियुक्त किया जाएगा कि वह कार्य और उस जैसे अन्य कार्य खुशी-खुशी करता रहे। "क्या करें, चुनाव का वर्ष जो है" नामक हथियार का दंश उच्च अधिकारियों सहित मुख्यमंत्री को स्वयं भी झेलना पड़ता है। अतः मैं समझता हूं कि 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' लागू हो जाए तो प्रशासन की शुचिता में वृद्धि हो सकती है। तब अनुचित कार्य कराने हेतु नेताओं का यह तर्क पांच वर्ष की अवधि में केवल एक वर्ष ही प्रभावी रहेगा।

## सोशल फोरम

# मोहब्बत बेची नहीं जाती

एक दोस्त ने मुझसे कहा कि तुममें बिल्कुल भी मार्केटिंग स्किल नहीं है और जरा भी प्रोफेशनल नहीं हो। मैंने उसे घूरकर देखा और हंसी निकल गई,बताओ, इन्हें कितना पता है मेरे बारे में,मेरे स्किल के बारे में। मैं दुनिया का वह बंदा हूं,जो कुछ भी किसी को बेच नही सकता। जब मुझे कोई अपनी किताब, अपने प्रोडक्ट या अपने आपको ही बेचता हुआ दिखाई देता है तो मैं शर्म से गहरे गड्ढे में गड़ जाता हूं।

मुझे मार्केटिंग में उस्ताद इन बंदों को देखकर बेहद खुशी होती है। यह तो छोड़ों, कबाड़ी वाला हमें देख चहक उठता है। उसे पता है कि जो मैं बेचूंगा,वह ही खरीदेगा। मैं होशियारी दिखाता हूं कि इस बार खूब मोल भाव करना है, फिर वह सलाम करके बातें छेड़ देता है और मैं उकता के कहता हूं,अच्छा बिना तौले ही भर लो,जो समझ आए, उधर रख जाओ। यह होता है स्किल, उन दोस्त को क्या पता इसके लिए कितना बड़ा उल्लू बनना पड़ता है। मार्केटिंग, इसकी जय बोलो,जिसे न आई, उसे कौन जाना, जिसे आई, उसके सिवा भला किसे जाना गया। मैं एक यह गुर सीखना तो चाहता हूं, मगर अपनी कंचे से भी छोटी बुद्धि देख रुक जाता हूं, एक गुरु का इंतेजार है,जो हमे बेचना सिखा दे। वरना हम बांटते ही रहेंगे,क्योंकि बांटना ही आया है। रेवड़ी, खुटिया, जलेबी और विचार सब बांट देंगे, बिना झगड़े और पक्षपात के,बस बेच नहीं पाते, न खुद को, न खुद को।

बेचना एक महत्वपूर्ण, महान गुण है,जिस दिन आ गया, उस दिन हम हम नही रहेंगे। बेचना और बांटना में मेरी सुई बांटने पर अटक जाती है। बचपन में पढ़ा था कि गुरु नानक भी बाजार में कुछ खाने-पीने की चीजें बेचने गए थे,व्यापार करने और बेचने की जगह सब बांट आए। कोई दोस्त उन्हें भी मिल गया होता और कह देते गुरु मार्केटिंग और प्रोफेशनलिज्म सीख लो,वरना पिछड़ जाओगे। तब गुरु उसके कंधे पर हाथ धरकर कहते, दोस्त, यहां दौड़ ही कौन रहा है, जिसे जीतना या पिछड़ना है। मोहब्बत बांटी जाती है,बेची नहीं,बेची जाने वाली मोहब्बत बड़ी फूहड़ लगती है।

**-फेसबुक वॉल से**



हफीज किदवई
लेखक

# धर्म, ईश्वर और संस्कृति



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

इस विषय पर हमारे शास्त्रों की, हमारे ऋषियों और चिंतकों की राय क्या है? वेदों में हमें ईश्वरीय धारणा के विविध रूप बहुदेववाद, एकाधिदेववाद, एकेश्वरवाद एवं अद्वैतवाद मिलते हैं। वैदिक मंत्रों में विभिन्न देवताओं की स्तुति की गई है।

दार्शनिक/चिंतक केवल ईश्वर पर आस्था या विश्वास पर नहीं चलता। वह इसके लिए तार्किक आधार चाहता है। तमाम दार्शनिक चिंतक मानते हैं कि सृष्टि का अस्तित्व स्वशासित है। न कोई आज्ञा देता है, न कोई अनुकरण करता। यह महानतम रहस्य है। सृष्टि के आंतरिक कारणों से मौसम बदलता है और बादल वर्षा करने आ जाते हैं। यह अनादि काल से चला आ रहा है। सृष्टि अपने भीतर से संचालित है और ईश्वर एक कल्पना है। दुनिया के तमाम चिंतक मानते हैं कि सृष्टि की प्रत्येक चीज अन्य हर चीज से जुड़ी है,जैसा कि फिराक ने कहा है-विश्व एक है,ये नियम ऐ मन कभी न भूल/एक तारा थर्रा उठा,जब तोड़ा इक।

इस विषय पर हमारे शास्त्रों की,हमारे ऋषियों और चिंतकों की राय क्या है? वेदों में हमें ईश्वरीय धारणा के विविध रूप बहुदेववाद, एकाधिदेववाद, एकेश्वरवाद एवं अद्वैतवाद मिलते हैं। वैदिक मंत्रों में विभिन्न देवताओं की स्तुति की गई है। ये देवगण विभिन्न प्राकृतिक शक्तियों के स्वामी तथा नियंता माने गए हैं और अलौकिक शक्तियों से संपन्न एवं कल्याणकारी है। ऋग्वेद संहिता में इनकी स्तुतियां अग्नि, वरुण, इन्द्र, सूर्य, उषा, योस्, पूषन्, मिना, मरुत, वायु, सोम आदि देवों के नाम से मिलते हैं। देवताओं की संख्या 3 से 33 करोड़ तक हैं। वेद में कहीं-कहीं एक देव को 'सभी देवों का देव' कहा गया है।

इस प्रवृत्ति को प्रो. मैक्समूलर ने 'एकाधिदेववाद' (हेनोथीइज्म) या कैथेनोथीइज्म के नाम से प्रतिपादित किया है। जैसे-जैसे समय बीतता गया,ऋषियों ने यह अनुभव किया कि विभिन्न देवों की पृथक सत्ता में केवल नाम एवं रूप का ही अंतर है। इन्द्र, वरुण, यम, अग्नि आदि सभी एक ही सत्ता के विविध रूप हैं,जिन्हें विद्वान लोग अनेक नामों से पुकारते हैं- "एकं सद्विप्रा बहुधा वदंति"। पुरुषसूक्त में कहा गया है कि वह हजार सिर, हजार नेत्र, पाद एवं बाहुवाला है। भूत, भविष्य तथा वर्तमान में जो कुछ भी है, सब वही है। उससे ही सबकी उत्पत्ति होती है। इसे ही कभी प्रजापति,कभी विश्वकर्मा तथा कभी हिरण्यगर्भ कहा गया है। एकेश्वरवादी चिंतन की परिणति ऋग्वेद के ही अंतिम भागों में अद्वैतवाद में होती है। ऋषि कहते हैं वह एक अद्वैत है (तदेकं)। वह न तो स्त्री है न पुरुष। नासदीय सूक्त में इस अद्भुत की स्थापना और भी स्पष्ट हो जाती है। यह एक परमतत्व ही आगे चलकर उपनिषदों में आत्मा या ब्रह्म के साथ तादात्म हो जाता है। मैक्समूलर लिखते है- "ऋग्वेद संहिता के समाप्ति का चाहे जो भी काल रहा हो,उस काल से पहले इस विचार की जड़ जम गई थी कि एक ही अद्वितीय सत्ता है।"

उपनिषदों का प्रमुख प्रतिपाद्य विषय ब्रह्म है। यह परम सत्/तत्व है। तैत्तरीय उपनिषद्,छान्दोग्य उपनिषद् आदि में उसे विश्व का उत्पत्तिकर्ता,पालनकर्ता तथा संहारकर्ता माना गया है। उससे ही समस्त चराचर जगत की उत्पत्ति होती है तथा अंततोगत्वा उसी में सबका लय होता है।' यह बह्म ही आत्मा है। आत्मा एवं ब्रह्म अभिन्न हैं। "आत्मा वै ब्रह्म", "अयमात्मा ब्रह्म", "अहं ब्रह्मास्मि" आदि महावाक्यों से ब्रह्म से आत्मा की अभिन्नता बतलाई गई है। भगवद्गीता महाभारत का एक अंश तथा उपनिषदों का सार है। गीता में निर्गुण एवं सगुण ब्रह्म का सुंदर समन्वय है। ईश्वर मायाधीश है। उसके ही निर्देश से प्रकृति समस्त विश्व की रचना करती है। वह सबका अवलंबन है। धर्म की रक्षा करने तथा दुष्टों का संहार करने के लिए वह अवतार धारण करता है। जब नास्तिक एवं निरीश्वरवादियों ने तर्क का आश्रय लेकर ईश्वर का खंडन किया,जनसामान्य की आस्था वेद और ईश्वर से डांवाडोल होने लगी तो आस्तिक तथा ईश्वरवादी चिंतकों के लिए यह आवश्यक हो गया कि वे भी श्रद्धा एवं विश्वास के स्थान पर तर्क के ही द्वारा वेद तथा ईश्वर की प्रामाणिकता सिद्ध करें।

न्याय दर्शन के प्रवर्तक महर्षि गौतम ने अपने 'न्यायसूत्र' में ईश्वर की सत्ता स्वीकार की गई। महर्षि कणाद ने वैशेषिक सूत्र में ईश्वर का उल्लेख नहीं किया है,परंतु कणाद के व्याख्याकार उन्हें ईश्वरवादी मानते हैं। न्याय वैशेषिक दर्शन के अनुसार ईश्वर नित्य, सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान, कर्मफलदाता तथा सृष्टि का रचयिता है। वह विश्वकर्मा है। परमाणु जो सृष्टि के पूर्व निष्क्रिय रहते हैं,उन्हें वह सक्रिय कर सृष्टि उत्पत्ति में प्रवृत्त कराता है। अतः वह संसार का निमित्त कारण है। मनुस्मृति के अनुसार "नास्तिकों वेद निंदकः" वेद निंदक नास्तिक है। इस सिद्धांत के अनुसार यद्यपि सांख्य एवं मीमांसा आस्तिक दर्शन हैं तथापि चार्वाक,जैन एवं बौद्ध के समान ये भी किसी एक सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान पूर्ण सृष्टि के उत्पन्नकर्ता के रूप में ईश्वर को नहीं स्वीकार करते हैं। अतः ये सब अनीश्वरवादी कहे जा सकते है।

# उत्तराखंड का टिहरी बांध

कुछ समय पहले टिहरी बांध और इससे संबंधित संग्रहालय देखने का और बांध से संबंधित जानकारियां जुटाने का अवसर मिला। टिहरी में भिलंगाना और भागीरथी के संगम पर जल प्रवाह को रोककर बनाया गया टिहरी डैम दुनिया के उच्चतम बांधों में से एक है। यह भारत का सबसे ऊंचा और विश्व का 13 वां ऊंचा बांध है। बांध निर्माण हेतु आरंभिक जांच सन् 1961 में पूर्ण हो गई थी। जांच से तात्पर्य स्थान की जांच। इसका डिजाइन वाला कार्य 1972 में पूरा हुआ था।

1978 में निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ,मगर आर्थिक,पर्यावरणीय और सामाजिक कारणों की वजह से इसमें विलंब हो गया। 1986 में सोवियत संघ द्वारा तकनीकी एवं आर्थिक सहायता दी गई,लेकिन जो बाद में राजनीतिक वजहों से बाधित हो गई। टिहरी से लगभग 22 किलोमीटर डाउनस्ट्रीम यानी प्रवाह की ओर कोटेश्वर में भागीरथी पर बांध बनाकर 400 मेगावाट क्षमता का जल विद्युत उत्पादक केंद्र बनाया गया है,जो कार्यशील है। टिहरी पंप स्टोरेज प्लांट 1000 मेगावाट,जिसका कार्य अंतिम चरण पर है। अंतिम चरण का कार्य पूरा करने के लिए लगभग 45 दिन तक टिहरी झील से पानी नहीं छोड़ने की अनुमति हेतु कंपनी ने भारत सरकार से अनुमति मांगी थी ताकि काम पूरा किया जा सके। इस दौरान बिजली उत्पादन भी बंद रहा। इस दौरान भागीरथी नदी में जल स्तर काफी कम हो जाने और जल सप्लाई के संकट की संभावना स्वाभाविक है। हालांकि भागीरथी में अविरल धारा बनाए रखने की आवश्यकता को देखते हुए एक न्यूनतम मात्रा में जल प्रवाह बना रहता है। इस तरह तीनों पावर प्लांट की कुल क्षमता 2400 मेगावाट हो गई। 1994 में भारत सरकार द्वारा प्रथम चरण में कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई थी और मुख्य बांध का कार्य प्रारंभ हुआ और मार्च 1997 में पावर हाउस का सिविल निर्माण शुरू हुआ। फरवरी 2005 में बांध अपनी पूरी ऊंचाई तक बना। इससे पहले 1994 में भारत सरकार द्वारा प्रथम चरण में कार्य को स्वीकृति मिलने के बाद पूरे उत्तराखंड में छात्र आंदोलन हुए।



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

पर्यावरणविद सुंदरलाल बहुगुणा भी परियोजना के विरोध में थे। आंदोलन के परिणाम स्वरूप भारत सरकार ने सितंबर 1995 में प्रोफेसर हनुमंत राव की अध्यक्षता में पर्यावरण एवं विस्थापन के प्रकरणों को देखने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित की और 1996 में सरकार ने पुरानी टिहरी से लोगों के विस्थापन पर प्रतिबंध लगाया,जब तक कि पुनर्वास का निर्णय नहीं हो जाता। विशेषज्ञ समिति ने नवंबर 1997 को अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी। कुल मिलाकर 85,000 लोग प्रभावित हुए तथा इनका पुनर्वास किया गया और लगभग 1605 करोड़ रुपये पुनर्वास कार्यों में व्यय हुए,जो प्रथम चरण की लागत का 20 प्रतिशत है। इसके बाद भी पुनर्वास जारी रहा।

इस प्रोजेक्ट का लाभ यह हुआ कि दिल्ली और उत्तर प्रदेश के लिए पेयजल की आपूर्ति और सिंचाई सुविधा बढ़ी। भारी बारिश होने पर भागीरथी और भिलंगाना के जलस्तर में बढ़ोतरी होने पर मैदानी क्षेत्र में होने वाले बाढ़ के खतरे पर नियंत्रण हुआ। जैसे जून 2013 की केदारनाथ आपदा और 2021 में ऋषि गंगा आपदा के समय ऋषिकेश और हरिद्वार में बहुत अधिक बाढ़ की संभावना थी,पर नियंत्रित कर ली गई।

# रुद्रपुर में 5वीं राज्य स्तरीय ओलंपिक प्रतियोगिता का आगाज

## मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने किया शुभारंभ, कहा-धामी सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए



स्पोर्ट्स स्टेडियम में खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट। ● अमृत विचार


रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में पारंपरिक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ 5वें राज्य ओलंपिक खेलों का आगाज हो गया है। इस दौरान मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट, विशिष्ट अतिथि विधायक शिव अरोरा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। साथ ही टॉस कर एवं फुटबॉल पर किक मारकर मैच का शुभारंभ किया।

शुक्रवार को प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद भट्ट ने कहा कि खेलो इंडिया खेलो योजना के तहत खिलाड़ियों के लिए नये इन्फ्रास्टक्चर बनाकर खेल सुविधाएं दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रदेश सरकार बच्चों व प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए न्याय पंचायत, ब्लॉक जिला स्तर व राज्य स्तरीय खेलों का आयोजन कर उदीयमान खिलाड़ियों को मंच देकर उनकी प्रतिभा को निखारने का कार्य कर रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने कहा कि शीघ्र ही प्रदेश में राष्ट्रीय खेलों का अयोजन होना है। इसलिए राज्य स्तरीय खेलों से हमारे खिलाड़ियों को अवश्यक लाभ मिलेगा। प्रभारी अध्यक्ष राज्य ओलंपिक संघ महेश नेगी ने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से खेलों का आयोजन किया जा रहा है। राज्य से आने वाले सभी खिलाड़ियां, कोच, रेफरी की सभी सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है। इससे पूर्व विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों एवं सूचना विभाग के सांस्कृतिक दलों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी उदय राज सिंह, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पांडे, महासचिव राज्य ओलंपिक संघ डॉ.डीके सिंह, जिलाध्यक्ष ओलंपिक संघ डॉ.नागेंद्र शर्मा, निवर्तमान मेयर रामपाल, सुरेश चंद्र पांडे, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा विवेक सक्सेना, उपेंद्र चौधरी, दोर्णाचार्य अवार्ड प्राप्त हंसा मनराल, पवन शर्मा, मुखर्जी निर्वाण, जिलाध्यक्ष बॉक्सिंग एसोसिएशन घनश्याम श्यामपुरिया, गोपाल सिंह, दीवान खत्री, महेश जोशी, गुरमीत सिंह जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत सहित अनेक अधिकारी, कोच इंस्टेक्टर, रेफरी आदि मौजूद रहे।

### ताइक्वांडो के सीनियर पुरुष वर्ग में अल्मोड़ा के ओमलाल ने जीता स्वर्ण

**रुद्रपुर :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित ओपेन बालक वर्ग की बास्केट बॉल प्रतियोगिता के पहले मैच में ऊधमसिंह नगर ने पौड़ी गढ़वाल को 46-34 के अंतर से पराजित किया। इसके अलावा दूसरे मैच में हरिद्वार ने चमोली को 36-15, तीसरे मैच में देहरादून ने नैनीताल को 36-26 के अंतर से हराया। इसी तरह ताइक्वांडो की सीनियर पुरुष वर्ग की 54 किग्रा. भार वर्ग की प्रतियोगिता में अल्मोड़ा के ओमलाल शाह ने स्वर्ण पदक जीता। इसी तरह बागेश्वर के विवेक शाह ने रजत पदक, देहरादून के रोहित बोरा और पिथौरागढ़ के दर्शन कार्की ने कांस्य पदक जीते। खो-खो प्रतियोगिता के पहले मैच में पौड़ी ने चम्पावत को हराया, दूसरे मैच में टिहरी ने पिथौरागढ़ और तीसरे मैच में बागेश्वर ने अल्मोड़ा को हराया।

### मुख्यमंत्री धामी आज रुद्रपुर में

**रुद्रपुर :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री देहरादून से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर 1.10 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड रुद्रपुर पहुंचेंगे। यहां से कार द्वारा प्रस्थान कर 1.30 बजे मनोज सरकार स्पोर्ट स्टेडियम पहुंचकर राज्य ओलंपिक कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। 2.30 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर से कार द्वारा प्रस्थान कर 2.35 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड पहुंचेंगे। इसके बाद 2.45 बजे पुलिस लाइन से हेलीकॉप्टर में चंपावत के लिए प्रस्थान करेंगे।

# वन व नजूल भूमि पर अतिक्रमण पर रोक लगाने के निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जनपद में राजस्व, वन, नजूल, सड़क किनारों भूमि पर अतिक्रमण एवं कब्जे पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रकार की भूमि पर अवैध कब्जे व बसावट से हो रहे जननांकीय बदलाव पर पैनी नजर रखते हुए तुरंत कार्रवाई करें।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में अवैध अतिक्रमण, कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था, जननांकीय बदलाव एवं महिला सुरक्षा की बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जमीनों में अवैध कब्जे एवं जमीनों की हेरा-फेरी करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। समय-समय पर न्यायालयों व शासन के निर्देशों का अनुपालन सख्ती से कराया जाएगा। वन भूमि पर अतिक्रमण को सख्ताई से रोकने के निर्देश वनाधिकारियों को दिए।

उन्होंने जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस व प्रशासन संयुक्त रूप से त्वरित कार्रवाई करें। उन्होंने परगना स्तर पर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में पुलिस उपाधीक्षक सहित तीन महिला अधिकारियों को रखते हुए समिति गठित करने के निर्देश दिए। गठित समिति समय-समय पर अपने क्षेत्र में कार्यालयों, उद्योगों एवं निजी संस्थानों का भ्रमण कर महिला कर्मचारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं से वाकिफ हो। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, एसपी सिटी मनोज कत्याल, मुख्य कोषाधिकारी डॉ. पंकज शुक्ल, उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, ओसी कलक्ट्रेट गौरव पांडे, डॉ. अमृता शर्मा, तहसीलदार दिनेश कुटोला, गिरीश जोशी उपस्थित थे। जबकि प्रभागीय वनाधिकारी व उपजिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।


नादेही चीनी मिल के पेराई सत्र की तैयारी का जायजा लेते जिलाधिकारी सिंह।

### डीएम ने नादेही चीनी मिल में पेराई की तैयारियां देखीं

**जसपुर :** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने तहसील दिवस में क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनने के बाद नादेही, जसपुर चीनी मिल की गन्ना पेराई तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने चीनी मिल अधिकारियों को गन्ना पेराई सत्र की तैयारी जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। नादेही चीनी मिल के मुख्य अभियंता अभिषेक कुमार ने बताया कि चीनी मिल का बॉयलर और मशीनों का मेंटीनेंस व सफाई कार्य चल रहा है जो 30 अक्टूबर से पहले पूर्ण कर लिया जाएगा ताकि गन्ना पेराई समय से प्रारम्भ की जा सके। जिलाधिकारी ने चीनी मिल में धीमी गति से चल रहे मेंटीनेंस कार्य पर नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान किसान नेताओं व जनप्रतिनिधियों ने मांग की कि मिल में स्थायी महाप्रबन्धक की नियुक्ति की जाए। उन्होंने मिल का पेराई सत्र 1 नवंबर से शुरू करने की मांग की। जिलाधिकारी ने शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक आदेश सिंह चौहान, उपजिलाधिकारी गौरव चटवाल, भाकियू वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम सिंह सहोता, चौधरी किशन सिंह, दर्शन सिंह देओल आदि रहे।

### भारी वाहनों पर रात 10 बजे तक रोक लगाने की मांग

**शक्तिफार्म :** शक्तिफार्म के लोगों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर सिडकुल सितारगंज से शक्तिफार्म होकर जाने वाले भारी वाहनों को प्रातः 5 बजे रात 10 बजे तक रोक लगाने की मांग की है। शक्तिफार्म निवासी रमेश राय सहित कई लोगों ने एसएसपी को ज्ञापन देकर बताया कि सिडकुल सितारगंज से शक्ति फार्म होकर जाने वाली भारी वाहन से पूर्व में एक छात्र की मौत के बाद तत्कालीन सीओ की मौजूदगी में शक्ति फार्म पुलिस चौकी में क्षेत्र के गणमान्य लोगों की पुलिस के साथ हुई बैठक हुई थी। जिसमें सिडकुल से शक्तिफार्म होकर जाने वाले भारी वाहनों पर प्रातः 5 बजे से रात 10 बजे तक प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया था। तीन महीने तक पुलिस द्वारा नो एंट्री की गई, लेकिन अब फिर से सिडकुल से भारी वाहनों का शक्ति फार्म बाजार होकर गुजरना शुरू हो गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में रमेश राय, विश्वजीत विश्वास, रंजीत सरदार, समीर शील, दिलीप राय, मनोज महंत आदि शामिल थे।



गदरपुर के मुख्य बाजार में आयोजित शोभा यात्रा में हाथों में निशान थामे महिलाएं। ● अमृत विचार

### खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा में उमड़े श्रद्धालु

**गदरपुर :** श्री श्याम बाबा खाटू वाले को समर्पित एक भव्य निशान यात्रा का आयोजन श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा किया गया। निशान यात्रा का जयकारों और पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा आयोजित भव्य निशान यात्रा का शुभारंभ पंडित विजय शास्त्री द्वारा श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में मंत्र उच्चारण के साथ किया गया। निशान यात्रा में सैकड़ो महिला पुरुष रंग-बिरंगे परिधानों में सजे हुए और श्री श्याम बाबा के निशान पताकाओं के साथ सुसज्जित होकर शामिल हुए। श्रद्धालुओं द्वारा जगह जगह निशान यात्रा में शामिल संगत का प्रसाद ,पुष्प वर्षा एवं जयकारों से जोरदार स्वागत किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा अनाज मंडी में रात्रि विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सतीश अनेजा ने बताया कि 21 सितंबर सायंकाल अनाज मंडी में श्री श्याम बाबा खाटू वाले का भव्य दरबार सजाया जा रहा है। इस दौरान अभिषेक गुंबर मुनि भुसरी, जीतू गंगवार, सनी गांधी, वेदराज बजाज, अजय खेड़ा, सोमनाथ छाबड़ा, सीताराम चौहान, प्रवीण गुंबर, देवेंद्र चौधरी, समन मुंजल, राहुल चंद्र, सार्थक सुखीजा, नितिन छाबड़ा, राजीव पापनेजा, संतोष गुप्ता, सतपाल गुंबर, राजेश गुंबर, राजकुमार भुड्डी, राकेश भुड्डी, राजू सिंधी आदि शामिल रहे।

# आज नव जागरण का स्वर हूं मैं...

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** हिन्दी पखवाड़े के उपलक्ष्य में चंद्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत मां सरस्वती एवं महाविद्यालय के संस्थापक स्व. एसएसी गुड़िया के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर हुई।

शुक्रवार को हुए कवि सम्मेलन में डॉ. मनोज आर्या ने कहा-'वक्त को दे रहा टक्कर हूं मैं, आज नव जागरण का स्वर हूं मैं' गीत गाकर मंच संचालन किया। जन कवि बल्ली सिंह चीमा ने 'ले मशाल चल पड़े हैं लोग मेरे गांव के'के माध्यम से जन चेतना जागृत की। युवा कवि विवेक प्रजापति ने कहा -'बाधाओं से लड़ना है तो हिम्मत करनी होगी'। कवि शेष कुमार सितारा ने 'सांस का हर सुमन है वतन के लिए' और शायर इकबाल अदीब ने 'हिन्दी प्यारी भाषा है, हिन्दी एक समन्दर है' पर गजल गाकर हिन्दी का महत्व बताया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. दीपिका आत्रेय ने हिन्दी भाषा की महत्ता बताई। इस मौके पर डॉ. मंजू सिंह, डॉ. वन्दना सिंह, डॉ. रमा अरोरा, डॉ.अंजलि गोस्वामी, डॉ. गीता मेहरा, डॉ. रंजना, प्राची धौलाखण्डी, डॉ. दीपा चनियाल, डॉ. ज्योति रावत, डॉ. पुष्पा धामा, शीतल अरोरा, डॉ. ज्योति गोयल, डॉ. मंगला, डॉ. मीनाक्षी पन्त, कृति टण्डन, विजेन्द्र कुमार, किरन फर्त्याल, सृष्टि सिंह आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में कवि सम्मेलन में प्रस्तुति देते जनकवि बल्ली सिंह चीमा। ● अमृत विचार

आयोजन | कई कॉलोनियों में लोगों को दिलाई स्वच्छता की शपथ, छात्र-छात्राओं, निगम कर्मियों व महिलाओं ने लिया भाग

# स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत नगर निगम ने जागरूकता रैली निकाली।

शुक्रवार को नगर आयुक्त विवेक राय के नेतृत्व में हुई रैली में छात्र-छात्राओं, निगम के कर्मचारियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और सफाई कर्मचारियों ने भाग लिया। रैली स्व. एससी गुड़िया मार्ग, एमपी चौक तहसील होते हुए वापस निगम परिसर में आकर समाप्त हुई। रैली में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता, सिंगल-यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध और स्वच्छता से संबंधित नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। पर्यावरण मित्रों ने भी इस अभियान में भाग लिया और उनके सम्मान और पहचान की मांग को लेकर छात्रों ने विचार साझा किये। इसके अलावा पार्कों में विशेष सफाई अभियान भी चलाया गया। काशीपुर की महिला स्वयं सहायता समूहों और नगर निगम के कर्मचारियों ने रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और सोसाइटी स्तर पर भी जागरूकता फैलाई। इस दौरान पद्मावती कॉलोनी, पैराडाइज सोसाइटी, प्रकाश सिटी, वीर भूमि सोसाइटी, आईजीएल कॉलोनी और अन्य कई सोसाइटी में भी स्वच्छता शपथ दिलाई गई।


काशीपुर में श्रृखंला बनाकर नारे लगाते स्कूली बच्चे व निगम कर्मी। ● अमृत विचार

### स्वयं सेवियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**काशीपुर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत चंद्रावती कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को शपथ ग्रहण कराई गई। चंद्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों, प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं स्वच्छक कर्मचारियों को महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय की उपस्थिति में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वन्दना सिंह ने स्वच्छता शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें काजल कश्यप और रीना ने स्वच्छता की आवश्यकता और पॉलिथीन के दुष्प्रभावों पर चर्चा की।

### पर्यावरण मित्रों को दिया गया प्रशिक्षण

**गदरपुर :** नगर पालिका कार्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत पर्यावरण मित्रों को स्वच्छता संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। नगरपालिका कार्यालय में ब्रांड एंबेसडर सुबोध कुमार शर्मा और ईओ संजीव महरोत्रा की मौजूदगी में स्वच्छता संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। दक्ष एसोसिएट की ओर से पहुंचे प्रशिक्षक अंकुर शर्मा ने पर्यावरण मित्रों को सफाई कार्य के दौरान जरूरी सुरक्षात्मक उपायों के बारे में जानकारी दी। ईओ संजीव मेहरोत्रा ने कहा पर्यावरण मित्रों को सफाई से पहले स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना आवश्यक है। इस दौरान जयपाल शर्मा, मुकेश भंडारी, विजेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, सुनील कुमार, उमेश कुमार, उर्मिला देवी, रति देवी, माया देवी आदि मौजूद थे।

### रासलीला में अंतिम दिन खेली फूलों की होली

**काशीपुर :** प्राचीन श्री गंगे बाबा मंदिर में 7 सितंबर से आयोजित बरसाने वाली रासलीला के आखिरी दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं वृंदावन से आए कलाकारों ने मंच पर बृज की प्रसिद्ध होली फाग महोत्सव का मनमोहक मंचन किया। इस अवसर पर कलाकारों ने बृज की प्रसिद्ध लट्ठमार होली खेली और सभी ने मिलकर राधा कृष्ण बने कलाकारों को फूलों की होली खिलाई। श्री गंगे बाबा मंदिर उदासीन आश्रम के महंत बाबा लखन दास महाराज के सानिध्य में वृंदावन से आये कलाकारों ने विगत 7 सितंबर से 19 सितंबर तक बृज की रासलीला का मंचन किया। श्री कृष्ण लीला में नगरवासी पूरी तरह भक्ति भाव में डूबे रहे। वहीं रोजाना रासलीला देखने को हजारों लोगों की भीड़ लगी रही। गुरुवार को विशाल भंडारे के साथ साथ-रात को वृंदावन के कलाकारों ने लट्ठमार होली खेली। इस दौरान वेद प्रकाश विद्यार्थी भैया, अभिषेक गोयल, कृष्ण गोपाल सक्सेना, अमित कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


बंडिया में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण में मरीजों की जांच करती चिकित्सकों की टीम।

### बंडिया के विद्यालय में किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**खटीमा :** राजकीय प्राथमिक विद्यालय बंडिया में आयोजित एनीमिया मुक्त भारत कैंप के अन्तर्गत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम के डॉ. संदीप, डॉ. शैलजा पांडे, नर्सिंग ऑफीसर निर्मला, राष्ट्रीय किशोरी कार्यक्रम से विजेता पाण्डे, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम से संजीव जोशी ने उपस्थितजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और निशुल्क दवा दी। सीएचओ अंजली ने निःशुल्क बीपी, शुगर की जांच की। इस अवसर पर एएनएम पूजा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री किरन, मीरा, सहायिका सुनीता, गीता, सोनू आदि मौजूद थे।


शांतिपुरी में प्रगतिशील किसानों से मिलते पंतनगर कृषि महाविद्यालय के छात्र।

### छात्रों ने किया किसानों का आर्थिक सर्वेक्षण

**शांतिपुरी :** पंतनगर कृषि महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की एक टीम ने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को शांतिपुरी के कई गांवों में जाकर खेती किसानी पर सर्वे किया। सर्वेक्षण में छात्र-छात्राओं ने ग्रामीण कृषि तकनीक, किसानों की कृषि से होने वाली आमदनी, किसानों की जीवन शैली तथा उनकी विभिन्न चुनौतियों की जानकारी अलग-अलग किसानों से मिलकर ली। शांतिपुरी नंबर दो सत्यपुर गांव में छात्र-छात्राओं ने प्रगतिशील किसान डॉ. गणेश उपाध्याय, प्रभुदत्त जोशी, कुन्दन सिंह देउपा, विनोद जोशी आदि से चर्चा कर उनके अनुभव जाने। सर्वेक्षण में छात्र-छात्राओं की टीम ने गांव के कई प्राथमिक विद्यालयों में जाकर किसानों के बच्चों के प्राथमिक शिक्षा स्तर की जानकारी ली और उनके मनोरंजन हेतु क्रीड़ा प्रतियोगिताएं भी कराई। टीम में कीट विशेषज्ञ डा. रूचिरा तिवारी, रोग विशेषज्ञ डॉ. दीप शिखा, डॉ. विजेन्द्र कुमार, डॉ. अर्पिता शर्मा, डॉ. सलिल तिवारी आदि मौजूद रहे।


बाजपुर में एसडीएम आरसी तिवारी को ज्ञापन सौंपते विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ता।

### हलाल सर्टिफिकेट लेने वाली कंपनियों पर लगे प्रतिबंध

**बाजपुर :** हलाल सर्टिफिकेट लेने वाली कंपनियों पर कम से कम दस वर्ष का प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया है। शुक्रवार को एसडीएम दफ्तर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। साथ ही राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम आरसी तिवारी को सौंपा। उनका कहना था कि देशभर में विभिन्न जगहों पर इस प्रकार का विषय देखने को मिल रहा है कि समुदाय विशेष की ओर से सामाजिक नाम (भारत होटल, अपना होटल, हिंदुस्तान होटल, स्वाद होटल आदि) पर बने प्रतिष्ठानों पर हलाल का मांस परोसने का काम किया जा रहा है। वहीं दैनिक उपभोक्ता की वस्तुएं एवं खाद्य सामग्रियों (नमक, चीनी, दाल, चायपत्ती, बेसन आदि) के लिए भी हलाल सर्टिफिकेट का एक प्रचलन सा चल रहा है। मांग की गई है कि हलाल सर्टिफिकेट लेने वाली ऐसी कंपनियों को भारत में कम से कम दस साल के लिए प्रतिबंधित किया जाए। इस मौके पर विहिप गौरक्षा विभाग के प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस, विहिप जिलाध्यक्ष तेजप्रकाश शर्मा, कमल, वरुण वशिष्ठ, योगेश सिंह, बंटी आदि मौजूद रहे।

### ढाबे के पास बमनुमा वस्तु मिलने से हड़कंप

**बाजपुर :** नेशनल हाइवे-74 के किनारे एक ढाबे के पास बमनुमा वस्तु मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने विस्फोटक सामग्री से भरे गोलाकार वस्तु को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि जंगली मवेशियों से फसलों के बचाव के लिए खेतों में लगाई जाने वाली विस्फोटक सामग्री हो सकती है। शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे ग्राम महेशपुरा निवासी संजय कश्यप व मारूफ बाइक पर कहीं जा रहे थे। बताया जाता है कि गांव के नजदीक कनौरा की तरफ स्थित एक ढाबे के पास पहुंचे तो राष्ट्रीय राजमार्ग-74 किनारे उन्होंने एक बमनुमा गोलाकार वस्तु को पड़ा देखा। उन्होंने इसकी जानकारी दोराहा चौकी की पुलिस को दे दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा विस्फोटक सामग्री से भरे गोलाकार वस्तु को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी। बताया जाता है कि उसके अंदर पटाखों में भरा जाने वाला बारूद, बहुत छोटी गोलियां आदि भरी हुई हैं। माना जा रहा है कि जंगली मवेशियों से फसल को बचाने के लिए खेतों में लगाई जाने वाली विस्फोटक सामग्री हो सकती है।


किच्छा में कलश यात्रा के दौरान उपस्थित महिलाएं एवं अतिथि। ● अमृत विचार

### श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

**किच्छा :** वार्ड नंबर 3 बालाजीपुरम कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजन से पूर्व विशाल कलश यात्रा निकाली गई। कॉलोनी स्थित बालाजी मंदिर से प्रारंभ हुई कलश यात्रा क्षेत्र की तमाम गलियों से गुजरने के बाद कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। वृंदावन धाम से आए कथावाचक आचार्य योगेशानंद जी महाराज एवं भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि 20 सितंबर से प्रारंभ श्रीमद् भागवत कथा का समापन 27 सितंबर को पूर्ण आहुति एवं प्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा। इस मौके पर मधु अग्रवाल, नीरजा देवी, संगीता देवी, शीला देवी, शशि शर्मा, प्रीति शर्मा, सुशीला देवी, पूनम देवी मौजूद रहे।

### पचौरिया कुटरी में ऊर्ध्व जलाशय की सीपेज दुरुस्त

**खटीमा :** जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पचौरिया कुटरी में पेयजल योजना के तहत 150 केएल क्षमता का ऊर्ध्व जलाशय का निर्माण कराया गया था। ग्राउटिंग कार्य के जांच हेतु जलाशय में पानी भरकर सीपेज को चिन्हित करते हुए उनकी तत्काल वाटर प्रूफिंग एवं प्लास्टर कोटिंग का कार्य किया जा रहा है। उत्तराखंड जल संस्थान के अधिशासी अभियंता अजय कुमार ने बताया कि ग्राउटिंग कार्य की जांच के दौरान ऊर्ध्व जलाशय की निचली सतह पर सीपेज से धब्बे दिखाई दे रहे थे। इस संबंध में शिकायत की गई थी। ईई ने बताया कि वर्तमान में सभी सीपेजों की वॉटर प्रूफिंग और प्लास्टर कोटिंग कर ठीक कर दी गई है। स्थिति सामान्य रहने के बाद ही रंगाई -पुताई कर जल भंडारण किया जाएगा तथा ग्राम पचौरिया को शुद्ध जलापूर्ति सुचारू की जाएगी।

# सीमा से लगी वन भूमि पर बना पोल्ट्री फार्म किया ध्वस्त

## वन, पुलिस, राजस्व, एसएसबी की टीमों की संयुक्त रूप से कार्रवाई

संवाददाता, खटीमा



अतिक्रमण हटाती जेसीबी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी के आदेशानुसार वन विभाग की टीम ने उपजिलाधिकारी की मौजूदगी में वनभूमि पर अतिक्रमण कर बनाए गए पोल्ट्री फार्म को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान जमा हुए ग्रामीणों से टीम की नोकझोंक भी हुई और टीम ने उन्हें वहां से खदेड़ दिया।

उपप्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा, खटीमा रेंज प्रशिक्षु आईएफएस राहुल मिश्रा के निर्देशन में शुक्रवार देर शाम उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट के मौके पर पहुंचने के बाद देर रात तक अतिक्रमण हटाने का कार्य जारी रहा।

खटीमा रेंज के आरक्षित वन क्षेत्र दक्षिणी बनबसा कंपाट सात मेलाघाट में इंडो नेपाल सीमा के करीब आरक्षित वन भूमि पर अतिक्रमण कर पोल्ट्री फार्म बनाया गया था जिसे ध्वस्त कर दिया गया है। अतिक्रमण हटने पहुंची वन विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस और एसएसबी के जवानों की भारी मौजूदगी के बीच कुछ ग्रामीणों ने इसका विरोध करने का प्रयास किया लेकिन उनकी एक नहीं चली बल्कि पुलिस और वनकर्मियों ने उन्हें खदेड़ दिया।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



**गदरपुर :** निकटवर्ती ग्राम में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर ससुराल पक्ष पर जहर देकर मारने का आरोप लगाया। शुक्रवार को मनोरंजन बैरागी निवासी चितरंजनपुर अपने कई नाते रिश्तेदारों के साथ थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उन्होने क़रीब दो साल पूर्व अपनी पुत्री ममता बैरागी का विवाह ग्राम पिपलिया 01 निवासी गौतम से किया था। उन्होंने बताया कि गुरुवार की देर रात दामाद गौतम ने उन्हें फ़ोन कर ममता की ज़िला चिकित्सालय में मौत होने की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद जब वह जिला अस्पताल पहुंचे तो उनकी पुत्री ममता के मुंह से झाग निकल रहा था और जहरीली दवा की दुर्गंध आ रही थी।

# क्रिप्टो ट्रेडिंग का लालच देकर 54.62 लाख ठगे

संवाददाता, रुद्रपुर

- जनपद नैनीताल का रहने वाला है पीड़ित, साइबर थाना पुलिस ने शुरू की तफ्तीश

**अमृत विचार:** साइबर क्राइम का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। साइबर ठगों ने नैनीताल के रहने वाले व्यक्ति को क्रिप्टो ट्रेडिंग का झांसा देकर लाखों की ठगी कर ली। तहरीर के आधार पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

थाना तल्लीताल नैनीताल निवासी गिरीश तिवारी ने बताया कि दो जनवरी को उसके व्हाट्सएप पर एक अज्ञात नंबर से लिंक आया। लिंक पर क्लिक करते ही वह एक ग्रुप से जुड गया और शेयर मार्केट व क्रिप्टो ट्रेडिंग की जानकारी मिलनी शुरू हो गई। इसी दौरान ग्रुप एडमिन ने कम निवेश पर ज्यादा मुनाफा देने का प्रलोभन दिया। इसके बाद 18 अप्रैल से एक जुलाई 2024 तक ग्रुप एडमिन कहने पर उसने खाते में 54.62 लाख रुपये का भुगतान कर दिया और जब रकम निकालने को कहा, तो एक कुलदीप नाम के व्यक्ति की कॉल आती है। जो खुद को चार्टर्ड एकाउंटेंट बता रहा था। आरोप था कि जब रकम देने का दबाव बनाया, तो संपर्क करना बंद कर दिया। ठगी का एहसास होने पर शिकायतकर्ता ने मामले की तहरीर साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है। उधर,साइबर क्राइम थाना प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि तहरीर आते ही मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामला क्रिप्टो ट्रेडिंग का है।

## सार-संक्षेप


ग्राम कुंदन नगर पांच में श्री रामलीला मंचन का शुभारंभ करते अमित नारंग।

### ग्राम कुंदन नगर में श्री रामलीला मंचन का शुभारंभ

**गदरपुर :** निकतवर्ती ग्राम कुंदन नगर नम्बर पांच में श्री रामलीला का मंचन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग ने फीता काट कर किया। अमित नारंग ने कहा कि प्रभु श्री राम की लीला हमारे लिए आदर्श है। प्रभु राम की प्रेरणा हमें सत्य मार्ग पर चलाती है। इससे पूर्व पंडित चौधरी राम शर्मा ने पूजा अर्चना करवाई। राम लीला मंचन के प्रथम दिन नारद मोह की लीला का अद्भुत मंचन किया गया। इस अवसर पर स. सुरजीत सिंह कालड़ा, कमेटी अध्यक्ष नितिन बजाज, ग्राम प्रधान महेंद्र सैनी, विजय बजाज, तिलक राज खुराना, अशोक शर्मा, सुनील पाहवा, सतपाल चावला आदि मौजूद थे।

### बच्चों के अपहरण के प्रयास के आरोपी को पकड़ा

**सुल्तानपुर पट्टी :** स्कूल की छुट्टी के बाद घर जा रहे बच्चों के अपहरण के प्रयास के आरोपी को अभिभावकों ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। मोहल्ला आदर्श निवासी बब्लू के बच्चे ज्योति, अजीत, काजल व राजकुमार का बच्चा विकास और लक्ष्मी मोहल्ला टांडा बंजारा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में पढ़ते हैं। शुक्रवार को विद्यालय की छुट्टी के बाद वह अपने घर जा रहे थे। रास्ते में एक व्यक्ति ने बच्चों को चॉकलेट, टॉफी का लालच देकर अपने साथ चलने को कहा लेकिन बच्चों ने उसे मना कर दिया, तब भी उसने अजीत को अपने कंधे पर उठा लिया। इस पर अजीत की बहन ने उसके हाथ में काट लिया। जिससे उसने अजीत छोड़ दिया। इसके बाद बच्चे डरकर अपने विद्यालय की ओर भागे। उन्होंने अपनी आपबीती अध्यापक को बताई फिर अध्यापक ने बच्चो को घर छोड़ा। बच्चों ने घर पहुंचकर अपने माता पिता को घटना के बारे में बताया। इससे गुस्साए माता पिता उस व्यक्ति को खोजने के लिए विद्यालय के पास पहुंचे जहां रास्ते में जा रहे व्यक्ति को बच्चों ने पहचान लिया। लोगों ने कोसी नदी के पास उसको पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया।

### धर्मांतरण की अफवाह ने पुलिस को छकाया

**काशीपुर :** मानपुर स्थित एक घर में धर्मांतरण कराने की अफवाह से प्रशासन में हड़कंप मच गया। शिकायत पर पुलिस ने मकान मालिक को कोतवाली बुलाकर पूछताछ की तो मामला जन्मदिन के आयोजन का निकला। एक हिंदूवादी संगठन के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को कोतवाली पहुंचकर आरोप लगाया था कि मानपुर के एक घर में बाहर से आए लोगों द्वारा धर्मांतरण कराया जा रहा है।

### सुपरवाइजर्स एसोसिएशन की जानकी जिलाध्यक्ष बनीं

**काशीपुर :** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से सुपरवाइजर्स एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें जानकी कश्यप जिला अध्यक्ष बनीं। शुक्रवार को कुंडेश्वरी रोड स्थित एक होटल में निर्वाचन अधिकारी राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय संयुक्त मंत्री जगदीश बिष्ट व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरजेश कांडपाल की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। इस दौरान जानकी कश्यप जिला अध्यक्ष, शुचि शर्मा जिला मंत्री, सुनीता जोशी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अमरजीत गहतोड़ी कोषाध्यक्ष और अनीता गुप्ता संगठन मंत्री निर्वाचित की गई। मुख्य अतिथि जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी ने शपथ दिलाई।

## सार-संक्षेप


जसपुर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व जिला अध्यक्षका स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

### भाजपा के सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई

**जसपुर :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष ने पार्टी के सदस्यता अभियान की समीक्षा की। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन सिंघल नर्सिंग होम में किया गया। इसमें पार्टी के सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने संगठन को मजबूत बनाने पर बल दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने भी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जिम्मेदारी के साथ सदस्यता अभियान चलाए जाने पर सराहना की। भाजपा नेता पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल ने कहा कि उनके द्वारा अब तक 2100 सदस्य बनाए जा चुके हैं। जसपुर क्षेत्र से 43 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस मौके पर नगर प्रभारी लवीश अरोड़ा, सदस्यता प्रमुख सुधीर बिश्नोई, कमल चौहान, गिरीश तिवारी, भाजपा नगर अध्यक्ष राजकुमार चौहान, खड़क सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।


नवनियुक्त स्वच्छकार कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### स्वच्छकार कर्मचारी संघ के चंद्रजीत बने अध्यक्ष

**बाजपुर :** नगरपालिका सभागार में शुक्रवार को हुई बैठक के दौरान स्वच्छकार कर्मचारी संघ की स्थानीय इकाई का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से चंद्रजीत प्रेमी को अध्यक्ष, अभिषेक को उपाध्यक्ष, विनोद वाल्मीकि को महामंत्री, इंद्रजीत चुनारा को कोषाध्यक्ष एवं पूर्व बीडीसी राजू वाल्मीकि एवं व्यापार मंडल वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रमोद राजहंस को संरक्षक नियुक्त किया गया है। कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। पदाधिकारियों ने स्वच्छकारों के हितों की रक्षा के लिए संगठित होकर काम करने की बात कही है। इस मौके पर उमेश कुमार, बिजेंद्र कुमार, रमेश ठेकेदार, बबूल चौधरी, संजय चीता, पप्पू वाल्मीकि, रितिक, विशेष, अमित, मुकेश, आकाश, सुंदर आदि मौजूद रहे।

### निर्माणाधीन कब्रिस्तान से सरिया व लोहे के एंगल चोरी

**बाजपुर :** निर्माणाधीन कब्रिस्तान की दीवार तोड़कर अंदर रखा करीब दो क्विंटल सरिया एवं लोहे के 17 एंगल चोरी हो गया। ग्रामीणों ने गांव के ही दो सगे भाइयों पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगा कोतवाली में तहरीर दी है। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि गांव में कब्रिस्तान की टूटी दीवार का कार्य चल रहा है। आरोप है कि 18 सितंबर की रात गांव के ही दो सगे भाई दीवार तोड़कर अंदर घुस गए और वहां रखा डेढ़ से दो क्विंटल सरिया व लोहे के 17 एंगल चोरी करके ले गए। सुबह इन लोगों से पूछताछ की गई तो वह गाली-गलौज करने लगे एवं जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। दोनों आरोपी शातिर चोर हैं, जो पहले भी कई बार चोरी में जेल जा चुके हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है, जोकि अभी फरार बताए जा रहे हैं। शिकायत करने वालों में नदीम, अब्दुल हसन, मुस्तयाक, शोएब, सुभान अली, तजमीर आदि शामिल रहे।

### हर वर्ग को पार्टी से जोड़ें कार्यकर्ता: भट्ट

**काशीपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह सदस्यता अभियान के माध्यम से जनता के बीच पहुंचकर विपक्ष के मंसूबों को बेनकाब करें। बताया कि उत्तराखंड में अभी तक भाजपा के 6 लाख सदस्य बन चुके हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भट्ट शुक्रवार को कुंडेश्वरी रोड स्थित शिवाय रिसोर्ट्स में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र और उत्तराखंड राज्य की सरकारें राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से काम कर रही हैं। देशभर में रेल व सड़कों का नेटवर्क विकसित हुआ है। तमाम जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। लेकिन विपक्ष लोगों के बीच कई तरह के भ्रम पैदा कर रहा है। कहा कि देश की मजबूती के लिए पार्टी का मजबूत होना आवश्यक है। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष खिलेंद्र चौधरी, जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, राम मेहरोत्रा, आशीष गुप्ता, गिरीश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# महिला को आत्महत्या करने से रोका

संवाददाता, जसपुर

- पुलिस की तत्परता से एक विवाहिता की बची जान
- पति के नहीं आने पर रिश्तेदारों को बुलाकर महिला को सौंपा

**अमृत विचार:** पुलिस की तत्परता से आत्महत्या करने जा रही महिला की जान बच गई। जसपुर की ठाकुर द्वारा चुंगी पर नियुक्त कांस्टेबल महेंद्र सिंह द्वारा मोबाइल से कोतवाली को सूचना दी कि एक महिला अकेले ठाकुरद्वारा चुंगी से अफजलगढ़ रोड की तरफ जा रही है जो अपना नाम चांदनी चौहान पत्नी भूपेंद्र कुमार निवासी जिकरी वाला भवानीपुर थाना अफजलगढ़ जिला बिजनौर (उम्र 28 वर्ष) हाल निकट गांधी पार्क जसपुर बता रही है तथा अकेले जाने के कारण स्पष्ट नहीं बता रही है।

इस सूचना पर रात्रि अधिकारी उपनिरीक्षक हरीश आर्य मय वाहन सरकारी मय चालक के मौके पर पहुंचे तथा उक्त महिला से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह गांधी पार्क के पास किराए पर लगभग 9 माह से रह रही है। उसका मायका नसीरपुर कैलाली नहटौर का है। उसके दो बच्चे हैं जो मारिया स्कूल में पढ़ रहे हैं। वह यहां पर पार्लर का काम करती है। उसके पति भूपेंद्र कुमार ड्राइवर हैं तथा अपने माता के साथ अफजलगढ़ रहते हैं। कभी-कभी यहां आते हैं और शराब पीकर उसके साथ मारपीट करते हैं। आज भी वह शाम 9:30 बजे घर आए थे और उन्होंने शराब पीकर उसके साथ झगड़ा किया। उन्हीं की लड़ाई झगड़े से तंग आकर वह आज घर से मरने को जा रही थी। उक्त महिला को पुलिस ने समझाया तथा पति भूपेंद्र कुमार से मोबाइल पर बात की और उसे बुलाया तो उसने बताया कि वह अभी नहीं आ सकता।

तत्पश्चात चांदनी चौहान के नजदीकी परिजन, रिश्तेदार मौसी राधारानी की बहू ज्योति पत्नी कपिल कुमार निवासी निकट गांधी पार्क जसपुर तथा रवि कुमार पुत्र राजपाल सिंह निवासी रायपुर, जसपुर को मौके पर बुलाकर उक्त महिला को उनके साथ सुरक्षित घर भिजवाया।

# आठ महिलाओं के बेहोश होने के मामले में जांच शुरू

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** दवा फैक्ट्री में केमिकल के दुष्प्रभाव से आठ महिलाओं के बेहोश होने के मामले में तहसीलदार, पीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी व औषधि नियंत्रक की टीम ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई। टीम अपनी रिपोर्ट एसडीएम को सौंपेगी।

मुरादाबाद रोड स्थित दवा फैक्ट्री के सीरप प्लांट में गुरुवार को केमिकल से भरा जार गिरने से तीव्र दुर्गंध के चलते आठ महिलाएं बेहोश हो गईं थीं। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने जांच समिति गठित की। टीम में शामिल तहसीलदार पंकज चंदोला, औषधि नियंत्रक नीरज कुमार व पीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी नरेश गिरी गोस्वामी ने फैक्ट्री पहुंचकर जांच की। टीम ने फैक्ट्री के स्टाफ से जानकारी जुटाई। बताया कि जार गिरकर फूट जाने से केमिकल बिखर गया। जिससे यह हादसा हो गया। तहसीलदार पंकज चंदोला ने बताया कि संयुक्त जांच रिपोर्ट एसडीएम को प्रस्तुत की जाएगी।

## स्कूल बस की चपेट में आकर बच्चा घायल

**बाजपुर :** नेशनल हाइवे पर स्कूल बस की चपेट में आकर आठ वर्षीय बालक घायल हो गया।

शुक्रवार को ग्राम महेशपुरा निवासी हर्ष (8) पुत्र विपिन गांव से होकर गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर सड़क किनारे खड़ा था। बताया जाता है कि इसी बीच तेज रफ्तार स्कूल बस ने बालक को चपेट में ले लिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद दौड़कर पहुंचे स्वजन ने ग्रामीणों की मदद से बालक को उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

# पांच एकड़ भूमि महाविद्यालय को आवंटित

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** किराए के भवन में चल रहे महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय नानकमत्ता के लिए भूमि की व्यवस्था हो चुकी है। ग्राम सुनखरी कला में 5 एकड़ से अधिक की भूमि महाविद्यालय को आवंटित हो चुकी है। बजट मिलते ही भवन निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र में वहां की आवश्यकता के अनुसार महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय की घोषणा की थी। नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा ने बताया कि विगत तीन वर्षों से कुमाऊं मंडल विकास निगम के नानकमत्ता स्थित भवन में किराए में महाविद्यालय खोला गया था। किराए के भवन में पठन-पाठन कार्य सुव्यवस्थित नहीं था। इसके लिए ग्राम सभा सुनखरी कला में पांच एकड़ से अधिक भूमि का चयन किया गया है। राजस्व विभाग के प्रयास से यह भूमि महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय के नाम आवंटित हो चुकी है। विधायक गोपाल सिंह राणा ने बताया कि महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय के लिए भूमि तलाशने में खासी मशक्कत करनी पड़ी।

## वर्ग पहेली-198

**बाएं से दाएं**

1.1. प्रकाशमान, चमकीला 2. सुंदर, ख़ूबसूरत, मनोहर।
4.1. पिनकने की क्रिया 2. अफ़ीम के नशे में धुत्त।
5.1. दिन का आठवां पहर 2. कुश 3. एक प्रकार का बाजा 4. श्राद्ध में उपयोग की जाने वाली चीज़ें।
7.1. कोई बात कहने की क्रिया या भाव, कहना, बोलना 2. वह जो कहा गया हो, कही गई बात, उक्ति, वचन, वाक्य 3. वर्णन 4. उपन्यास का एक भेद।
8. योग्यता, विद्वत्ता, काबिलियत।

**ऊपर से नीचे**

2. आने-जाने का रास्ता या पथ।
3.1. बिना हाथ-पैर का, लंगड़ा-लूला 2. बिना पत्तेवाला, ढूंठ (पेड़) 3. जो हाथ-पैर न हिलाता-डुलाता हो, कुछ काम न करने वाला, निकम्मा।
4.1. हरताल 2. पीतल 3. पीला चंदन 4. हल्दी 5. सोनापाठा 6. अंडे की जर्दी 7. केसर 8. अगर 9. विजयसार।
6.1. रखैली, प्रेमिका 2. वह स्त्री जो बिना विवाह के साथ रहती है।




### वर्ग पहेली -197 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 दी | ■ | 2 मे |
| 3 लो | क | 4 से | वा | ■ | गा |
| क | ■ | 5 फ़ | र | शी | ■ |
| मं | ■ | ■ | गी | ■ | 6 ग |
| ग | ■ | 7 इ | र | शा | द |
| ल | ■ | ■ | ■ | ■ | ब |
| ■ | ■ | 8 अ | व | मृ | दा |

## सुडोकू -111

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 4 | | | 1 | |
| 8 | 4 | | 1 | 9 | | 3 | | |
| | 2 | 7 | | 5 | 6 | | | |
| | 3 | | 9 | | 7 | | 5 | |
| | | | | | | | | |
| | 1 | | 2 | | 5 | | 4 | |
| | | | 6 | 7 | | 8 | 2 | |
| | | 6 | | 2 | 3 | | 9 | 7 |
| | 9 | | | 1 | | 5 | | |

### सुडोकू - 110 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 |
| 7 | 5 | 2 | 8 | 6 | 3 | 4 | 1 | 9 |
| 1 | 8 | 6 | 2 | 9 | 4 | 5 | 7 | 3 |
| 6 | 3 | 9 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 4 |
| 2 | 1 | 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 5 | 7 |
| 5 | 4 | 7 | 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 8 | 6 | 3 | 9 | 5 | 2 | 7 | 4 | 1 |
| 4 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 सितंबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 18.13 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 22 सितंबर 00.36 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

**मेष** – आज घर के लोग आपको काफी सम्मान देंगे। दोस्तों का साथ मिलने से प्रसन्न और संतुष्ट रहेंगे। पुराने मतभेदों को दूर करने के लिए दिन अच्छा है। आपके नए मित्र बन सकते हैं। आपके सभी रुके काम आसानी से बन जाएंगे।

**वृष** – आज जॉब में थोड़ी बहुत परेशानियां रहेंगी, लेकिन धीरे-धीरे उन पर नियंत्रण प्राप्त कर लेंगे। आपको वित्तीय लेन-देन को लेकर सावधान रहना चाहिए। आपके लिए दिन की शुरुआत कुछ परेशानी युक्त हो सकती है।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में आपकी सुविधाए और पद दोनों बढ़ाए जा सकते हैं। आपकी योजनाओं और प्रबंधन को जबरदस्त सफलता मिलती हुई दिख रही है। विवादित मामलों का मध्यस्थता से हल निकल सकता है। परिजन आपसे बहुत प्रसन्न रहेंगे।

**कर्क** – आज व्यापार में बड़ा आर्थिक लाभ होगा। आय के नए विकल्प ढूंढ सकते हैं। परिवार के लिए अलग से समय निकालेंगे, जिससे परिजन आपसे बहुत प्रसन्न रहेंगे। बच्चों की किसी बड़ी समस्या का समाधान मिलने की संभावना है।

**सिंह** – आज संतान की उन्नति से मन में संतोष रहेगा। अपनी प्रतिभा को सिद्ध करने के अवसर मिलेंगे। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। इंटरव्यू आदि में सफलता मिलने के अच्छे योग हैं। धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं।

**कन्या** – आज अपने लक्ष्य के प्रति एकाग्र बने रहें। लोग आपको धोखा देकर अपने स्वार्थ के काम निकलवाने का प्रयास करेंगे। आपका मन दूसरे कार्यों में बंटा रहेगा। आपके निकटस्थ सहयोगी भी पीठ पीछे आपकी बुराई कर सकते हैं।

**तुला** – आज कारोबार में उत्पादन और गुणवत्ता में वृद्धि होगी। उच्च शिक्षा को लेकर महत्वपूर्ण अवसर मिल सकते हैं। अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूर्ण करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। अधिकारियों के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे,जिसका लाभ आपको करियर में अवश्य मिलेगा।

**वृश्चिक** – आज आप विवादों से दूर शांतिपूर्वक अपना काम करने की कोशिश करें। नया प्रोजेक्ट शुरू करना चाह रहे हैं तो दिन अनुकूल है। प्रेम संबंधों में अपनत्व और आत्मीयता बढ़ेगी। समाज में आपकी प्रसिद्धि बढ़ेगी। नई जॉब में मिलने की अच्छी संभावना है।

**धनु** – आज कारोबार की सुस्ती दूर होगी। पिछले दिनों से चला आ रहा तनाव कम होगा। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। विद्वान लोगों से सलाह अवश्य लें इससे आपको लाभ प्राप्त होगा। जीवनसाथी के साथ मैत्री और आपसी सामंजस्य भाव बढ़ेगा।

**मकर** – आज शंकालु स्वभाव के कारण दांपत्य संबंधों में अनबन हो सकती है। अपनी योजनाओं को जल्दबाजी में क्रियान्वित न करें। अपनी रुचि के अनुसार काम करें तो उत्तम होगा। कारोबार में इच्छित लाभ न मिलने से थोड़े निराश हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज आपके घर में रिश्तेदार आ सकते हैं। आप काफी व्यस्त रहेंगे, लेकिन उसका परिणाम सार्थक रहेगा। आपके ऊपर काम का दबाव कम होगा। प्रेमीजन के साथ रोमांटिक दिन का भरपूर आनंद उठाएंगे। बच्चों के करियर को लेकर समस्या दूर होगी।

**मीन** – आज कारोबारियों को कर्ज लेना पड़ सकता है। एलर्जी और खांसी की समस्या होने की आशंका है। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। युवा लड़के गलत संगति में फंस सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- देवता – सुबह : 09.00
- भीष्मा – शाम : 06.00

&pictures
- सूर्या 3 – सुबह : 09.14
- खो गए हम कहां – रात : 09.00

Sony Pix
- व्हाइट हाउस डाउन – सुबह : 09.54
- द रेड 2 – रात : 07.00

Zee Cinema
- धमाल – दोपहर : 02.50
- मिशन रानीगंज – रात : 08.00

Colors Cineplex
- बारूद – सुबह : 10.43
- ब्रूस ली द फाइटर – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

महिला – सेठ जी लाल मिर्च देना..
सेठ (नौकर से) – हरी मिर्च दे जल्दी
महिला – सेठ जी, लाल मिर्च चाहिए
सेठ – हरी मिर्च देना जल्दी
महिला (गुस्से में) – अबे पागल हो गया है क्या सेठ। लाल मिर्च मांग रही हूं लाल..
सेठ– बहन जी, ठंड रखो ठंड। लाल मिर्च ही दूंगा, हरी तो मेरे नौकर का नाम है।

पप्पू – पता सगाई और शादी के बीच में थोड़ा समय क्यों रखा जाता है?
गप्पू – क्यों?
पप्पू – ताकि कोई ये न कह सके कि मुझे दुर्घटना से बचने का मौका नहीं दिया गया।

# कांग्रेसियों ने लोनिवि के ईई को घेरा

## लोनिवि दफ्तर के बाहर धरने पर बैठे कार्यकर्ता, जनता के पैसों की बंदरबांट का लगाया आरोप

संवाददाता, अल्मोड़ा



अल्मोड़ा में शुक्रवार को लोनिवि दफ्तर में धरने पर बैठे विधायक और कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर की बदहाल सड़कों का सुधारीकरण नहीं होने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश है। शुक्रवार को विधायक मनोज तिवारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने लोनिवि दफ्तर के बाहर धरना देकर अधिशाशी अभियंता का घेराव किया। वहीं, विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए जनता के धन की बंदरबांट का आरोप लगाया।

धरना स्थल पर विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि नगर की कोई सड़क चलने लायक नहीं रह गई है। भाजपा नेता और अधिकारी इन सड़कों से गुजरते हैं। इसके बाद भी गड्ढों को भरने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। खानापूर्ति कर बजट को खपाया जा रहा है। वहीं, लोनिवि ईई विभोर गुप्ता ने बताया कि बीते दिनों ठेकेदार हड़ताल पर थे। साथ ही मानसून का सीजन चल रहा था। इसके कारण पेच वर्क का काम नहीं हो पाया। अब टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अक्टूबर समाप्ति तक सभी सड़कों पर गड्ढे भर लिए जाएंगे। इधर, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जल्द बदहाल सड़कें दुरस्थ नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, निर्वतमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष पीतांबर पांडे, राजेंद्र बारकोटी, पूर्व पालिकाध्यक्ष शोभा जोशी, जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस राधा बिष्ट, गीता मेहरा, दीपक कुमार, निर्मल रावत, तारा चन्द्र जोशी, किशन लाल, दीप सिंह डांगी, हर्ष कनवाल, महेश आर्य, अख्तर हुसैन, संजय दुर्गापाल, अमन अंसारी, पूरन रौतेला, रमेश भाकुनी, आनंद बगडवाल, लक्ष्मण सिंह ऐठानी, दानिश खान, दीपा साह, नरेन्द्र कुमार, आशु कुमार, परितोष जोशी, दिनेश पिलख्वाल, मदन डांगी, देव सिंह कनवाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसडीएम ने अतिवृष्टि से हुई क्षति का जायजा लिया

संवाददाता, टनकपुर



आपदा पीड़ितों को राहत सामग्री देते एसडीएम।

**अमृत विचार :** नेपाल सीमा से लगे तल्लादेश के विभिन्न गांवों में एसडीएम सौरभ असवाल ने जाकर विगत दिनों हुई अतिवृष्टि से हुए नुकसान का आंकलन किया। उन्होंने बसौटी, मौनपोखरी, चतुरकोट, दुबड़ जैनल, मिट्टी खाल, हरम, सिमियाऊरी, कारी, सौराई आदि आपदा प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर लोगों से मुलाकात की। उन्होंने आपदा पीडि़तों की मदद के लिए प्रशासन द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी।

ग्रामीणों ने एसडीएम को आपदा से हुए नुकसान की जानकारी दी। एसडीएम ने मौके पर मौजूद राजस्व विभाग के अधिकारियों को पीडि़तों को सरकारी मदद जल्द से जल्द देने के निर्देश दिए। बाद में एसडीएम हरम से नौ किमी दूर पैदल चलकर 13 सितंबर से लापता रमेला गागरी गांव निवासी 52 वर्षीय चंद्र सिंह पुत्र दान सिंह के घर पहुंचे और घटना के संबंध में परिवारजनों से जानकारी ली। साथ ही चंद्र सिंह की खोजबीन के लिए चलाए जा रहे रेस्क्यू अभियान की जानकारी दी। एसडीएम ने एसडीआरएफ के जवानों को जल्द से जल्द लापता व्यक्ति को खोजने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके से ही लोनिवि, पीएमजीएसवाई, विद्युत, जल संस्थान, पेयजल निगम, उरेडा, सिंचाई सहित संबंधित विभागों के अभियंताओं को यथाशीघ्र सड़क, पानी, विद्युत आदि की व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक पुष्कर नाथ गोस्वामी, राजस्व उप निरीक्षक हरीश गहतोड़ी, शेर सिंह महर, नीरज सिंह, दीपक कुमार, नारायण राम, सुनील, कृष्णानंद जोशी, नवीन राम आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### कुमाऊं रेजीमेंट की ओर से क्रॉस कंट्री दौड़ 2 को

**रानीखेत :** कुमाऊं रेजीमेंट केंद्र द्वारा आगामी 2 अक्टूबर को क्रॉस कंट्री का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता सेना के नर सिंह मैदान मैदान से प्रारंभ होगी। केआरसी के सीएसओ लेफ्टिनेंट कर्नल बीबी थापा ने बताया कि क्रॉस कंट्री दौड़ नरसिंह मैदान से प्रात: 7 बजे प्रारंभ होगी। बताया कि धावकों के लिए 10 किलोमीटर की रेस के लिए 500, 5 किलोमीटर के लिए 400 व 2 किलोमीटर के लिए 300 रुपया प्रवेश शुल्क रखा गया है। 10 किलोमीटर क्रॉस कंट्री में 18 वर्ष से ऊपर की आयु, 5 किलोमीटर के लिए 12 से 18 वर्ष के लड़के और लड़कियां, 5 किलोमीटर के लिए 18 से अधिक महिलाओं के लिए, 2 किलोमीटर क्रॉस कंट्री के लिए 12 वर्ष से अधिक आयु के लड़के व लड़कियों के लिए यह क्रॉस कंट्री आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि सभी श्रेणी के प्रथम तीन विजेताओं को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। ऑनलाइन पंजीकरण 25 सितंबर तक किया जाएगा।

### करारीछीना में छिलका गुलिया से भरा गोदाम पकड़ा



अवैध रूप से रखा चीड़ प्रकाष्ठ।

**अल्मोड़ा :** करारीछीना वन रेंज ने शुक्रवार को क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान वन विभाग की टीम ने अवैध चीड़ के छीलका गुलिया से भरा एक गोदाम पकड़ा। गोदाम को सील कर विभाग ने जांच टीम गठित कर दी है। वन क्षेत्राधिकारी आशुतोष जोशी ने बताया कि डीएफओ प्रदीप धौलाखड़ी के निर्देश पर क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान करारीछीना वन रेंज के पास एक गोदाम की तलाशी ली गई। जहां बारह घन मीटर चीड़ प्रकाष्ठ (छिलका गुलिया) पकड़ा गया। बताया कि चीड़ प्रकाष्ठ को सील कर रिपोर्ट डीएफओ कार्यालय को भेज दी गई है। यहां छापेमारी अभियान में वन दरोगा भीम सिंह बोरा आदि मौजूद रहे।

### वन विभाग ने चलाया बंदरों को पकड़ने का अभियान

**रानीखेत :** रानीखेत तहसील के अंतर्गत बंदरों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। जिससे परेशान होकर बंदरों को पकड़ने के लिए ग्रामीणों ने वन विभाग से गुहार लगाई थी। वन विभाग की टीम ने क्षेत्र 150 बंदरों को पड़कर रेस्क्यू सेंटर अल्मोड़ा भेजा। वन क्षेत्र अधिकारी तापेश मिश्रा ने बताया कि वन विभाग द्वारा मथुरा से बंदरों को पकड़ने की टीम बुलाई गई है। जिसके तहत टीम ने भतरोजखान, टानी, नवोदय विद्यालय चोनलिया, मजखाली,एरोड, खनिया, बिष्ट कोटली व चिलियानौला क्षेत्र में 150 बंदरों को पड़कर अल्मोड़ा रेस्क्यू सेंटर में भेजा गया है। जहां उनकी नसबंदी के बाद उन्हें घने जंगलों में छोड़ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान अन्य जगह भी जारी रहेगा।

### स्वास्थ्य शिविर में दर्जनों लोगों को किया परीक्षण



शिविर का शुभारंभ करते पावर स्टेशन प्रमुख राजिल व्यास और संगीता व्यास।

**बनबसा :** टनकपुर पावर स्टेशन में दो दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में सैकड़ों लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई। शुक्रवार को टनकपुर पावर स्टेशन एनएचपीसी में स्वच्छता सेवा पखवाड़े के तहत इन्द्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल दिल्ली के सौजन्य से दो दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। चिकित्सा शिविर का शुभारंभ पावर स्टेशन प्रमुख राजिल व्यास एवं संगीता व्यास ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में अपोलो से आए विशषज्ञ चिकित्सक डॉ. अमित चौहान, डॉ. निशांत राणा, डॉ. रवि शर्मा व उनकी सहायक टीम के द्वारा एनएचपीसी कर्मचारी, संविदा कर्मचारी, औद्योगिक सुरक्षा बल व स्थानीय लोगों सहित लगभग एक सौ पच्चीस लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। इस अवसर पर पावर स्टेशन प्रमुख राजिल व्यास ने कहा कि हर इन्सान की दिनचर्या में स्वच्छता शामिल होनी चाहिए, स्वच्छता एक अच्छी आदत एवं सुखी जीवन की आधारशिला है।

# कब्र से शव निकाल दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** विष्णुपुरी कालोनी निवासी नाबालिग छात्र अमोस मैसी की मौत के असली कारणों से अभी तक पर्दा नहीं उठ पाया है। पुलिस की प्राथमिक जांच में मौत का कारण सड़क दुर्घटना बताया गया है, जबकि मृतक के परिजन इसे हत्या बता रहे हैं। उनका कहना है कि पुलिस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कर रही है।

अमोस के पिता जेम्स मैसी ने अपने अधिवक्ता प्रियंक खर्कवाल के साथ शुक्रवार को कोतवाली पहुंचकर मृतक बेटे के शव को कब्र से निकाल कर दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि पुलिस के पास घटना स्थल के आसपास के एक दिन पूर्व और घटना के दिन के सीसीटीवी फुटेज मौजूद हैं, जिन्हें उनके वकील को दिखाया जाए। उन्होंने कहा कि अमोस के शरीर में मारपीट के गहरे चोट के निशान थे। उन्होंने पोस्टमार्टम रिपोर्ट को भी गलत करार दिया। मृतक के पिता ने कहा कि उनके बेटे के शव को कब्र से निकाल दोबारा मेडिकल बोर्ड और अन्य डाक्टरों की मौजूदगी में पीएम करवाया जाए, ताकि दूध का दूध पानी का पानी हो सके।

# गनियादयोली में पानी का संकट

संवाददाता, रानीखेत



गनियादयोली क्षेत्र में संयुक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते लोग।

**अमृत विचार:** गनियाघोली क्षेत्र में कई माह से पेयजल का गंभीर संकट बना हुआ है। जिसको लेकर क्षेत्रवासी में भारी रोष व्याप्त है। क्षेत्रवासियों ने संयुक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौपकर जल्द समस्या का समाधान नहीं किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

संयुक्त मजिस्ट्रेट को दिए गए ज्ञापन में क्षेत्रवासी ने कहा कि जल संस्थान द्वारा गगास पंपिग योजना द्वारा पेयजल वितरण किया जाता है। पिछले कई महीनों से जल संस्थान द्वारा क्षेत्र में पेयजल की समस्या का समाधान सम्बन्धित अधिकारियों को बताने के बाद भी नहीं किया जा रहा है। जिससे क्षेत्रवासियों में काफी आक्रोश है। वर्तमान में सम्बन्धित विभाग द्वारा जल-कर मूल्य में भी वृद्धि की जा चुकी है। किन्तु पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार का समाधान क्षेत्रीय जनता को नहीं मिल रहा है। इस सम्बन्ध में विभाग के अधिकारियों को समाधान हेतु निर्देशित करें अन्यथा क्षेत्रीय जनता धरना प्रर्दशन व चक्काजाम हेतु बाध्य होगी। ज्ञापन देने वालों में क्षेत्र पंचायत सदस्य अमित पांडेय, हेमंत रौतेला, प्रताप सिंह रावत, प्रकाश सिंह रावत, महेंद्र सिंह, चंदन सिंह रावत, मंजू बिष्ट, सरस्वती देवी, नीम रावत, रेखा रावत, राज कुमार पांडेय, दीपा पांडेय आदि रहे।

# सीएम धामी आज आपदा प्रभावित क्षेत्रों का करेंगे दौरा

**टनकपुर।** शनिवार (आज) मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चम्पावत जिले के एक दिवसीय भ्रमण पर पहुंचेंगे। जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने बताया कि मुख्यमंत्री 21 सितंबर को अपराह्न 2:45 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड, रुद्रपुर उधमसिंह नगर से प्रस्थान कर जनपद चम्पावत के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे तथा अपराह्न 3:30 बजे एनएचपीसी हेलीपैड बनबसा पहुंचेंगे। इसके बाद सीएम एनएचपीसी गेस्ट हाउस में अधिकारियों के साथ आपदा प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे राहत कार्यों की स्थिति की जानकारी लेंगे।

## सार-संक्षेप



लोकगायक बीके सामंत को सम्मानित करते आयोजक।

### कुमाऊनी गीतों पर जमकर थिरके छात्र-छात्राएं

**अल्मोड़ा :** डॉ. लीलाधर भट्ट श्री राम विद्या मंदिर इंटर कॉलेज डोटियाल गांव ताकुला में सांस्कृतिक समारोह आयोजित किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। छात्र-छात्राएं लोक गायक बीके सामंत के गीतों पर खूब थिरके। लोक गायक बीके सामंत ने कार्यक्रम की शुरुआत यो मेरो पहाड़..., गीत के साथ की। उन्होंने बिंदुली, ओ बांज झुप राली बांज, मेरी बिमू..., तू ऐ जाओ पहाड़, सातों जनम, डोर तेरी जैसे मनमोहक गीतों से समां बांध दिया। वहीं, थल की बजारा... गीत से वहां उपस्थित सभी उम्र के लोगों को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया। विद्यालय की छात्रा अंजलि गुसांई ने भी अपने स्वर देने का सफल प्रयास किया। इस मौके पर लोकगायक बीके सामंत को सम्मानित किया गया।

### दुग्ध उत्पादकों को दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के टिप्स दिए

**अल्मोड़ा :** हवालबाग विकासखंड सभागार में शुक्रवार को उन्नत हरा चारा उत्पादन और पशु पोषण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुए। कार्यशाला में दुग्ध उत्पादकों को हरे चारे के उत्पादन समेत दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के टिप्स दिए गए। कार्यशाला में पशु पोषण प्रभारी उत्तराखंड सहकारी डेरी फैडरेशन एचएस कुटौला ने कहा कि भारत में हरे एवं सूखे चारे की बहुत कमी है। जिससे विश्व में सबसे अधिक पशु संख्या के होते हुए भी हमारा औसत दुग्ध उत्पादन बहुत कम है। बताया कि पशुओं की अधिक संख्या को देखते हुए पशुओं की संख्या बढ़ाने से प्रदूषण सहित अनेक समस्याएं पैदा हो सकती हैं। कहा कि पशु पोषण को व्यवस्थित करके ही दुग्ध उत्पादन बढ़ाना एक मात्र विकल्प है। इसके अलावा उन्होंने उत्पादकों को चारा संबंधी अन्य जानकारियां दी। यहां प्रबंध कमेटी सदस्य ब्रह्मानंद डालाकोटी, गंगा शरण राणा, हरीश उपाध्याय, शोभा डालाकोटी, राधा आर्या, किरन पांडे, बलवंत सिंह, मोहन सिंह, भूपाल सिंह, हरेंद्र सिंह, नवीन डालाकोटी, प्रकाश जोशी, किरन, नीलम बोरा, तारा अधिकारी, हिमानी अधिकारी, प्रेमा भंडारी, महेंद्र सिंह, विक्रम सिंह रहे।



अल्मोड़ा विकास भवन में सेतु आयोग उपाध्यक्ष ने विभागों की समीक्षा बैठक ली।

### जिले की योजनाओं को तय समय पर पूरा करे अधिकारी

**अल्मोड़ा :** स्टेट इंस्टीट्यूशन फॉर एंपावरिंग उत्तराखंड (सेतु) आयोग उपाध्यक्ष राजशेखर जोशी ने शुक्रवार को विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने संचालित योजनाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को तय समय में योजनाओं पूरा करने के निर्देश दिए। विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक में उपाध्यक्ष जोशी ने कहा कि आयोग का कार्य उत्तराखंड के विकास में प्रैक्टिकल बदलाव कैसे लाया जाएं इन सभी मुद्दों पर कार्य करना है। उन्होंने विभागीय समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि विभागीय अधिकारी लक्ष्यों को तय कर उनको प्राप्त करने की दिशा में कार्य करें। जिले में आजीविका बढ़ाए जाने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ दिवेश शाशनी, डीडीओ एसके पंत, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीतांबर प्रसाद, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश अग्रवाल समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# टनकपुर आईटीआई में विश्वकर्मा योजना की पहली वर्षगांठ मनाई

संवाददाता, टनकपुर



टनकपुर आईटीआई में वीसी के जरिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुनते लोग।

**अमृत विचार :** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पूर्णानंद जोशी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, टनकपुर में भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजना विश्वकर्मा योजना की प्रथम वर्षगांठ मनाई गई। प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी द्वारा विश्वकर्मा योजना से लाभान्वित अभ्यर्थियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बोधित किया गया।

मोदी द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना में चल रहे विभिन्न व्यवसायों के प्रशिक्षण एवं लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिसमें अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण, मानदेय, टूल किट एवं 5 प्रतिशत ब्याज पर लोन के बारे में बताया। इस अवसर पर संस्थान मे उपस्थित लगभग 300 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये। इस दौरान प्रधानाचार्य कविन्द्र सिंह कन्याल, आईटीआई सितारगंज की प्रधानाचार्य इतिका त्यागी, एनएसटीआई हल्द्वानी के प्रशिक्षण अधिकारी अनिल कुमार सिंह, यूको बैंक प्रबन्धक आशु धीमान, एसबीआई उप प्रबन्धक चन्द्र प्रकाश, जन सुविधा केन्द्र के अनुज कुमार सिंह, प्रशासनिक अधिकारी उमा रावत, गिरीश चन्द्र जोशी, शान्ति मेहरा, राजेन्द्र कौर, प्रशासनिक अधिकारी विजय नेगी, किरन तिवारी, प्रकाश चन्द्र जोशी, मंजू आर्या, शुभम कुमार भारती, दीपा खर्कवाल आदि मौजूद रहे।

# त्योहारों को लेकर पुलिस बल को दिए अलर्ट रहने के निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा



अपराध गोष्ठी में मौजूद पुलिस अधिकारी और कार्मिक।

**अमृत विचार:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय अल्मोड़ा सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी के तहत अपराधों पर कार्रवाई की समीक्षा की। एसएसपी ने आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस बल को अलर्ट रहने और सभी थाना प्रभारियों को भीड़-भाड़ वाले इलाकों में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त करने के निर्देश दिए।

एसएसपी ने लंबित विवेचनाओं, मुकदमों, शिकायतों, वारंट, नोटिस आदि का समय पर निस्तारण करने और वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने स्कूल, कॉलेज व अन्य शिक्षण संस्थानों के खुलने व बंद होने के समय पुलिस मोबाईल पार्टियों को सतर्क दृष्टि रखने, व्यक्तियों की धर-पकड़ करने, नशे के विरुद्ध जीरो टालरेन्स नीति अपनाकर मादक पदार्थों की बरामदगी व नशा तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने, बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन करने व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटने के निर्देश दिए। यहां सीओ विमल प्रसाद, सीओ संचार राजीव कुमार टम्टा, निरीक्षक नारायण सिंह, निरीक्षक एलआईयू मनोज भारद्वाज, प्रभारी निरीक्षक अशोक धनकड़, निरीक्षक उमाशंकर पांडे, दरबान सिंह मेहता आदि रहे।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित

अपराध गोष्ठी के दौरान एसएसपी देवेंद्र पींचा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कार्मिकों को सम्मानित किया। कोतवाली अल्मोड़ा क्षेत्र में हुई सिलसिलेवार चोरियों का सफल अनावरण कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कांस्टेबल खुशाल राम को पुलिस ऑफिसर ऑफ द मंथ चुना गया। वहीं, प्रभावी पुलिसिंग, मानवीय कार्य एवं गुड वर्क एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस ऑफिसर ऑफ द मंथ सहित 10 अधिकारी, कर्मचारी गणों की कार्यो की सराहना कर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन किया गया।

## उत्तर प्रदेश

# गोलीकांड के आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तीन महीने बाद भी 19 आरोपियों को नहीं गिरफ्तार कर पाई पुलिस
- अब अदालत से वारंट लेकर कुर्की कराने का किया दावा

**अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास पर करोड़ों के प्लॉट पर कब्जे के लिए दिनदहाड़े सौ राउंड से ज्यादा गोलियां चलाने के मामले में इज्जतनगर पुलिस ने राजीव राणा और आदित्य उपाध्याय समेत 35 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। इस घटना के 19 आरोपियों को फरार बताया गया है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही उनके खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी कराकर कुर्की की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

पीलीभीत बाईपास पर 22 जून को बजरंग ढाबे के पास एक प्लॉट पर कब्जे के लिए संजयनगर निवासी बिल्डर राजीव राणा के गुर्गों ने जबर्दस्त गोलीबारी की थी। प्लॉट आदित्य उपाध्याय के कब्जे में था, उसने भी जवाब में जमकर गोलियां चलाई थीं। इस बीच हाईवे पर यातायात बंद हो गया, कई राहगीरों को भी पीटा गया था। इज्जतनगर पुलिस ने हत्या की कोशिश और बलवे समेत कई धाराओं में दोनों पक्षों के 50 से 60 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी और 35 को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

इस गोली कांड के कई वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए थे। दोनों पक्षों के बदमाश एक-दूसरे पर बंदूक और पिस्टल से लगातार फायरिंग करते दिखाई दिए थे। इस दौरान छत पर टहल रहे एक व्यक्ति को भी गोली लगी थी। बदमाशों ने प्लॉट में खड़ी दो जेसीबी को आग के हवाले कर दिया था। पुलिस ने आरोपियों की कई गाड़ियां भी मौके से बरामद की थीं।

# अवैध संबंधों का विरोध किया तो पत्नी को मार डाला

**मानपुर, सीतापुर, अमृत विचार:** अवैध संबंधों का विरोध करना एक महिला को भारी पड़ा। पति ने चाकू और पत्थर से वार कर अपनी पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। मानपुर थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव में हुई वारदात के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मानपुर थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव में 28 वर्षीय शांति देवी अपने घर पर थी। महिला के चार वर्षीय पुत्र लविश के मुताबिक, देर रात उसके पिता रामपाल कश्यप उर्फ छोटू आ गए। उस समय उसकी मां खाना बना रही थीं। इसी दौरान विवाद होने पर रामपाल ने सिर पर पहले लाठी से कई प्रहार किये। जब शांति तड़पने लगी तो उस पर ईंट और चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिये। जिससे मौके पर ही महिला की मौत हो गई। पुलिस ने प्रत्यक्षदर्शी चार वर्षीय पुत्र लविश के पुलिस ने बयान दर्ज किये।

# मौलाना ने छात्रा से की किया दुष्कर्म की कोशिश

**बाराबंकी, अमृत विचार:** नगर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में एक मौलाना ने पांचवीं की छात्रा से दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़ित पक्ष की तहरीर मिलने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

क्षेत्र के एक मोहल्ले में मौलाना के पास बालिका अपने बीमार भाई की तबीयत में सुधार के लिए पानी में फूंक डलवाने गई थी। इस बीच मौलाना ने उससे अश्लील हरकतें कीं और उससे दुष्कर्म का प्रयास किया। किसी तरह बालिका उसके घर से बाहर भागी और शोर मचाया। इस पर मौलाना भाग निकला। आक्रोशित मोहल्ले वालों ने मौलाना के घर पर ताला लगा दिया। बालिका ने घर पहुंचकर पिता को आपबीती सुनाई। पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने देर रात मौलाना को धर दबोचा।

# वक्फ संशोधन बिल है कुरान नहीं: शफात हुसैन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** उप्र वक्फ विकास निगम के डायरेक्टर शफात हुसैन ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल कुरान नहीं है, जिसमें संशोधन नहीं किया जा सकता। वक्फ संशोधन बिल का विरोध करने वालों को रजिस्टर्ड भूमाफिया बताते हुए उन्होंने कहा कि कोई माई का लाल इस बिल को रोक नहीं पाएगा। नरेंद्र मोदी की सरकार है, वक्फ संशोधन बिल पास होकर रहेगा।

सर्किट हाउस में बुलाई गई प्रेस कॉन्फ्रेंस में शफात हुसैन ने कहा कि बिल का विरोध करने वालों ने वक्फ की जमीन पर कब्जा कर रखा है। मुस्लिम समाज का ठेकेदार कहलाने वाले ये लोग चाहे जितने क्यूआर कोड का इस्तेमाल करें, बिल को नहीं रोक पाएंगे। यह बिल मुसलमानों के फायदे के लिए है। उन्होंने कहा कि अब तक का जो कानून है, वह इंसानों ने बनाए हैं। वह मुस्लिम समाज के लोगों से कहना चाहते हैं कि यह कोई कुरान नहीं है, जिसमें संशोधन नहीं हो सकता। यह इंसानों का बनाया बिल है, जिसमें संशोधन हो सकता है। उन्होंने कहा कि वक्फ की जमीन की आमदनी से कौम को फायदा होना चाहिए। जो लोग बिल का विरोध कर रहे हैं, वे चाहे बरेली के हों या देवबंद के मौलाना हो, वे ऐसे गरीब या विधवा का एक नाम बता दें जिसकी महमूद मदनी ने वक्फ बोर्ड की आमदनी से मदद की हो।

## मैंथा भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 980, फ्लैग- 1115, बोल्ड- 1160, डीएमओ- 850 **रामपुर :** शिवालिक-985, फ्लैग- 1100, डीएमओ-855, बोल्ड-1180।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन-** तुलसी 2535, राज श्री 1830, फ़ॉर्चून कि. 2115, रविन्द्रा 2390, फॉर्चुन ली. 1955, जय जवान 1930, सचिन 1980, सूरज 1955, अवसर 1980, राग गोल्ड 2090, गृहणी ली 2025, क्लासिक (किलो) 2090, मोर 2110, चक्र टिन 2350, ब्लू 2145, आशीर्वाद मस्टर्ड 2330, स्वास्तिक 2505 । किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31200, लाल मिर्च 18000-22000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1150 चावल ( प्रति कु0 ) डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10100, जेनिथ 10000, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द 9600-10200।

## हल्द्वानी मंडी

चावल : शरबती- 5800 मसूरी- 5450 बासमती- 9200 परमल- 3900 दाल दलहन : काला चना- 8900 साबुत चना दाल- 9400 मूंग साबुत- 10800 राजमा- 12600-14600 दाल उड़द- 10600 साबुत मसूर दाल- 9100 मसूर दाल- 7400 उड़द साबुत- 11700 काबुली चना- 12600- 16500 अरहर दाल- 16600 लोबिया/ करमानी- 8600 सोयाबीन- 4950 मूंगफली- 11900 मटर (सूखी)- 5950 मक्का- 3300 (दाम प्रति क्विंटल में)

# फरवरी तक हो सकती है ब्याज दरों में कटौती

### एसबीआई रिसर्च में किया गया दावा, कहा- इससे पहले आरबीआई की ओर से राहत नहीं

**मुंबई, एजेंसी**



एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय रिजर्व बैंक ( आरबीआई) फरवरी 2025 तक ब्याज दरों में कटौती की घोषणा कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से नीतगत ब्याज दरों में 50 आधार अंकों (बीपीएस) की कटौती के बाद आरबीआई भी इसी तरह के कदम पर विचार कर सकता है, लेकिन इस साल ऐसा होने के आसार कम हैं।

भारत में उपभोक्ता मूल सूचकांक (सीपीआई इंडेक्स) की दर अगस्त में 3.65 प्रतिशत पर है। हालांकि सितंबर-अक्टूबर में मुद्रास्फीति में और बढ़ोतरी की उम्मीद की जा रही है, लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक सीपीआई की दर आने वाले महीनों में 5 प्रतिशत के अंदर ही रहेगी।

2024-25 के वित्तीय साल में मुद्रास्फीति औसतन 4.6 से 4.7 प्रतिशत के बीच रह सकती है। आरबीआई का लक्ष्य मुद्रास्फीति को 4 से 6 प्रतिशत के बीच सीमित रखना है। रिपोर्ट के मुताबिक आरबीआई ने मुद्रास्फीति के दबाव को संभालने के लिए अभी तक तरलता पर अपनी मजबूत पकड़ बनाई हुई है। इसलिए अगर मुद्रास्फीति की दर आरबीआई के बैंड में ही रहती है, तो ब्याज दरों की कटौती अगले साल फरवरी तक हो सकती है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मानसून की गतिविधि अनुकूल रही है, जिसमें अब तक 7 प्रतिशत अधिशेष दर्ज किया गया है। इसका खरीफ की बुवाई पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, जो पांच साल के औसत से अधिक होकर 109.7 मिलियन हेक्टेयर तक पहुंच गई है। 17 सितंबर तक, खरीफ फसल की बुवाई सामान्य रकबे 0.1 प्रतिशत और पिछले साल की तुलना में 2.2 प्रतिशत बेहतर रही। विशेष रूप से धान की बुवाई में 2.1 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो पांच साल के औसत की तुलना में 41 मिलियन हेक्टेयर तक पहुंच गई।

#### आरबीआई ने सख्त तरलता बनाए रखना जारी रखा

एसबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई ने मुद्रास्फीति के दबावों को प्रबंधित करने के लिए सख्त तरलता बनाए रखना जारी रखा है। सरकारी अधिशेष नकदी शेष औसतन 2.8 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि टिकाऊ/कोर तरलता अधिशेष 18 सितंबर तक बढ़कर 3.19 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह पिछली मौद्रिक नीति घोषणा के बाद से औसतन 3.9 लाख करोड़ रुपये रहा। इसके कारणों पर रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि मुद्रास्फीति आरबीआई के बैंड में बनी रही, तो अगले साल फरवरी तक ब्याज दरों में कटौती की घोषणा संभव है।

## कृषि श्रमिकों, ग्रामीण मजदूरों के लिए खुदरा महंगाई घटी

**नई दिल्ली।** कृषि श्रमिकों और ग्रामीण मजदूरों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में घटकर क्रमशः 5.96 प्रतिशत और 6.08 प्रतिशत रह गई। इस साल जुलाई में यह क्रमशः 6.17 प्रतिशत और 6.20 प्रतिशत थी। कृषि मजदूरों (सीपीआई-एएल) और ग्रामीण मजदूरों (सीपीआई-आरएल) के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में अगस्त, 2024 में सात-सात अंक की वृद्धि दर्ज की गई और यह क्रमशः 1297 और 1309 के स्तर पर पहुंच गए। सीपीआई-एएल और सीपीआई-आरएल जुलाई में क्रमशः 1290 अंक और 1302 अंक पर रहे थे। श्रम मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'पिछले साल अगस्त महीने के लिए सीपीआई-एएल और सीपीआई-आरएल पर आधारित मुद्रास्फीति क्रमशः 7.37 प्रतिशत और 7.12 प्रतिशत थी।

# स्पाइसजेट को तीन विमान इंजन पट्टेदारों को लौटाना होगा

- सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को रखा बरकरार

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को शुक्रवार को बरकरार रखा, जिसमें स्पाइसजेट एयरलाइन को पट्टादाताओं को भुगतान में चूक के कारण तीन विमान इंजन का उपयोग बंद करने का निर्देश दिया गया था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने हाईकोर्ट के 11 सितंबर के निर्णय के खिलाफ विमानन कंपनी की अपील खारिज कर दी।

पीठ ने कहा कि हम हस्तक्षेप नहीं करेंगे। यह एक सही आदेश है। शीर्ष अदालत के आदेश के बाद स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने कहा कि कंपनी एक सौहार्द्रपूर्ण समझौते पर पहुंचने के लिए विमान पट्टे पर देने वालों के साथ फिलहाल चर्चा कर रही है। प्रवक्ता ने कहा कि यह ध्यान रखना जरूरी है कि जिन तीन इंजन का उल्लेख किया गया है, उनमें से दो पहले ही बंद कर दिए गए हैं और हमारा परिचालन पूरी तरह से सामान्य बना हुआ है। हम निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हाईकोर्ट की खंड पीठ ने तीन विमान इंजन का उपयोग बंद करने और उन्हें पट्टादाताओं को सौंपने संबंधी एकल पीठ के आदेश में हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया था।

## सर्राफा

| | |
| --- | --- |
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 91,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 78,850 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56,500-56,700 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 75,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 75,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,500 |
| चांदी तैयार | 89,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 75,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 74,400 |
| चांदी पक्की | 882 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 75,100 |
| चांदी आभूषण | 89,500। |

# जीईएम पोर्टल पर लेनदेन शुल्क में सरकार ने की बड़ी कटौती

- 10 लाख रुपये तक के ऑर्डर पर अब कोई लेन-देन शुल्क नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सार्वजनिक खरीद के ऑनलाइन मंच 'जीईएम' ने अपने पोर्टल पर विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं पर लगाए जाने वाले लेनदेन शुल्क में बड़ी कटौती कर दी है। जीईएम के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजीत बी चव्हाण ने कहा कि लेनदेन शुल्क में कटौती का यह साहसिक कदम केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों की पहल का हिस्सा है।

चव्हाण ने कहा कि कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने और अधिक समावेशी अर्थव्यवस्था बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता के साथ तालमेल बिठाते हुए जीईएम ने हाल ही में अपने मंच पर लेनदेन करने वाले विक्रेताओं, सेवा प्रदाताओं पर लगाए जाने वाले लेनदेन शुल्क में उल्लेखनीय कटौती की घोषणा की है। जीईएम ने 9 अगस्त से पोर्टल की नई राजस्व नीति को प्रभावी कर दिया है। इस नीति के अनुसार, 10 लाख रुपये तक के सभी ऑर्डर पर अब शून्य लेनदेन शुल्क लगेगा, जबकि पहले इसकी सीमा पांच लाख रुपये थी।

## विदेशी मुद्रा भंडार 22.3 करोड़ से बढ़कर 689.5 अरब डॉलर

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में बढ़ोतरी होने से 13 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 689.5 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.25 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 689.24 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 13 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 51.5 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 603.6 अरब डॉलर पर आ गया।

# कर्ज के लिए आय बढ़ा-चढ़ाकर बताना सामान्य

- एक सर्वेक्षण में दावा- 60% भारतीय के लिए यह आम बात

**मुंबई, एजेंसी**

देश में पांच में से तीन उपभोक्ताओं का मानना है कि कर्ज के लिए आवेदनों में आय को बढ़ा-चढ़ाकर बताना सा मान्य बात है। वैश्विक विश्लेषण सॉफ्टवेयर कंपनी एफआईसीओ के एक सर्वेक्षण में कहा गया है कि 63 प्रतिशत उपभोक्ता मानते हैं कि कर्ज के लिए आवेदनों में अपनी आय को बढ़ा-चढ़ाकर बताना ठीक या सामान्य बात है, जो वैश्विक औसत 39 प्रतिशत से काफी अधिक है।

भारत में 1,000 लोगों पर किए गए सर्वेक्षण में कहा गया है कि आधे से ज्यादा (54 प्रतिशत) लोगों का मानना है कि बीमा दावों में



गड़बडी करना सामान्य बात है। कई भारतीय व्यक्तिगत ऋृण आवेदनों में आय को बढ़ा-चढ़ाकर बताना ठीक मानते हैं। केवल एक तिहाई (33 प्रतिशत) उपभोक्ताओं का मानना है कि व्यक्तिगत कर्ज आवेदन में आय को बढ़ा-चढ़ाकर बताना कभी भी स्वीकार्य नहीं है। एफआईसीओ आशीष शर्मा ने कहा कि इस नजरिये के कारण बैंकों को झूठे ऋृणों की वास्तविक समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जो जोखिम मूल्यांकन को गलत कर सकता है।

#### वैश्विक स्तर पर नजरिया अलग

सर्वेक्षण में कनाडा, अमेरिका, ब्राजील, कोलंबिया, मेक्सिको, फिलीपीन, इंडोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर, थाईलैंड, ब्रिटेन और स्पेन के लगभग 12,000 अन्य उपभोक्ताओं को भी शामिल किया गया। वैश्विक स्तर पर दृष्टिकोण उल्लेखनीय रूप से भिन्न हैं। सर्वेक्षण से पता चलता है कि अधिकांश उपभोक्ता (56 प्रतिशत) ऋण आवेदनों पर आय को बढ़ा-चढ़ाकर बताने के विचार को दृढ़ता से अस्वीकार करते हैं।

## राष्ट्रीय

# घुसपैठियों को रोका नहीं गया तो वे हो जाएंगे बहुसंख्यक

### गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- वे जमीन कब्जा कर समृद्ध आदिवासी संस्कृति और विरासत को कर रहे नष्ट

**गिरिडीह, एजेंसी**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को झारखंड की झामुमो नीत सरकार पर निशाना साधते हुए उस पर घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर घुसपैठियों को रोका नहीं गया तो वे अगले 25-30 साल में राज्य में बहुसंख्यक हो जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि घुसपैठिए आदिवासी संस्कृति और पहचान को नष्ट कर रहे हैं और वादा किया वह राज्य से उन्हें बाहर निकालेंगे।

गृहमंत्री ने दावा किया कि भाजपा आगामी विधानसभा चुनाव के बाद दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि अगर घुसपैठ को रोका नहीं गया तो आगामी 25-30 साल में झारखंड में घुसपैठिये बहुमत में आ जाएंगे। राज्य में घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है। वे हमारी बेटियों से विवाह कर रहे हैं और जमीन कब्जा कर समृद्ध आदिवासी संस्कृति और विरासत को नष्ट कर रहे हैं। हम प्रत्येक को बाहर निकालेंगे।



#### नक्सल पीड़ितों से मिले शाह, कहा- मार्च 2026 तक माओवादियों का कर देंगे सफाया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नक्सलियों से हिंसा छोड़ने, हथियार डालने और आत्मसमर्पण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नक्सलियों ने अगर ऐसा नहीं किया तो उनके खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जाएगा। शाह ने अपने आवास पर छत्तीसगढ़ के नक्सली हिंसा के 55 पीड़ितों को संबोधित किया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि माओवादी अपनी आखिरी सांग 31 मार्च 2026 को लेंगे। शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर 'बस्तर शांति समिति' द्वारा बनाई गई एक डॉक्यूमेंट्री भी शेयर की। नक्सली हिंसा के पीड़ितों ने शाह से मुलाकात के दौरान उन्हें बताया कि उनका गांव विकास की कमी और आधारभूत सुविधाओं की अनुपलब्धता से भी लंबे समय तक जूझा है। शाह ने नक्सल पीड़ितों के संघर्ष और साहस की प्रशंसा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार उनकी समस्याओं को हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीड़ितों ने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों की सराहना की और कहा कि बस्तर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

#### वोट बैंक के लिए घुसपैठ को संरक्षण दे रहा झामुमो

**साहिबगंज।** अमित शाह ने झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि घुसपैठ को संरक्षण दे रहा है और संथाल परगना में आदिवासी आबादी पहले के 44 प्रतिशत से घटकर 28 प्रतिशत रह गई है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार जन कल्याण के बजाय घुसपैठियों के कल्याण में लगी हुई है। हमारे घोषणापत्र में 75 वर्ष और उससे अधिक आयु के गरीब लोगों को 10 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की गई है।

शाह ने आरोप लगाया कि झामुमो नीत सरकार ने राज्य के आदिवासियों, दलितों और महिलाओं और अन्य के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि यह विरोधाभासी है कि झारखंड जैसा समृद्ध राज्य, जिसके पास देश के खजाने को भरने की क्षमता है, वहां से युवाओं का बेहतर अवसरों की तलाश में बड़े पैमाने पर पलायन हो रहा है। शाह ने कहा कि केंद्र की पूर्ववर्ती संप्रग सरकार के 10 साल के शासन में झारखंड को केवल 84 हजार करोड़ रुपये मिले, जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने 3.81 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए। शाह ने आरोप लगाया कि झारखंड की सोरेन सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है, जिसने मनरेगा में 1,000 करोड़ रुपये, खनन में 1,000 करोड़ रुपये और 40 करोड़ रुपये के शराब घोटाले सहित कई घोटाले किए हैं।

## दलबदल रोधी कानून के खिलाफ याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दलबदल रोधी कानून (संविधान की 10वीं अनुसूची) के खिलाफ दायर याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। संबंधित कानून 52वें संविधान संशोधन द्वारा 1985 में लाया गया था। यह संसद या राज्य विधानसभाओं में राजनीतिक दल के सदस्यों, निर्दलीय सदस्यों और मनोनीत सदस्यों द्वारा दल बदले जाने की स्थितियों से निपटता है, तथा सदस्यों की अयोग्यता के आधार निर्धारित करता है। इस कानून के तहत संसद या विधानसभा के सदस्यों को यह पाए जाने पर अयोग्य घोषित कर दिया जाता है उन्होंने उस मूल पार्टी को छोड़ दिया है, जिसके टिकट पर वे चुने गए थे। तीन जजों की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि वह इस मामले पर दोबारा विचार नहीं कर सकती, क्योंकि दसवीं अनुसूची को 1992 में संविधान पीठ ने बरकरार रखा था।

# केंद्रीय मंत्री नड्डा ने तिरुपति के लड्डू मुद्दे पर मांगी रिपोर्ट

- कहा- जांच के बाद गड़बड़ी मिली तो होगी कड़ी कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि उन्होंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू से बात की है और तिरुपति लड्डू मुद्दे पर रिपोर्ट मांगी है। नड्डा ने कहा कि इस मामले की भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा जांच की जाएगी तथा उचित कार्रवाई की जाएगी।

नायडू ने दावा किया है कि पिछली जगन मोहन रेड्डी सरकार के दौरान तिरुपति मंदिर के लड्डू बनाने के लिए पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया था। इस दावे के बाद एक बड़ा राजनीतिक विवाद पैदा हो गया है। युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) ने कहा है कि मुख्यमंत्री राजनीतिक लाभ के लिए घृणित आरोप लगा रहे हैं, जबकि तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) ने इस दावे के समर्थन में एक प्रयोगशाला रिपोर्ट प्रसारित की है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन की उपलब्धियों पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि मुझे सोशल मीडिया के जरिए इस मुद्दे के बारे में पता चला। मैंने आज चंद्रबाबू नायडू से बात की और मैंने उनसे उपलब्ध रिपोर्ट साझा करने को कहा ताकि मैं उसकी पड़ताल कर सकूं। मैं राज्य नियामकों से भी बात करूंगा और उनकी राय लूंगा।

# अब राहुल गांधी के खिलाफ छत्तीसगढ़ में मामले दर्ज

**रायपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ हाल ही में अमेरिका यात्रा के दौरान सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गांधी के खिलाफ दुर्ग जिले के कोतवाली थाने में शुक्रवार को मामला दर्ज किया गया। वहीं, बिलासपुर के सिविल लाइंस थाने और रायपुर के सिविल लाइंस थाने में गुरुवार शाम को मामले दर्ज किए गए। उन्होंने बताया कि सत्ताधारी भाजपा के नेताओं की शिकायतों के आधार पर दोनों मामले दर्ज किए गए हैं। पार्टी के नेताओं द्वारा राज्य के अन्य जिलों के पुलिस थानों में भी इसी तरह की शिकायतें दर्ज कराई गई हैं।

## तीन बच्चों को कुएं में धकेला, एक गिरफ्तार

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में तीन लोगों ने तीन बच्चों को मारने के इरादे से उन्हें कुएं में धकेल दिया। पुलिस ने बताया कि बच्चे किसी तरह खुद को बचाने में सफल रहे। गिरफ्तार आरोपी अमोल रामनाथ लांडगे और दो अन्य ने बच्चों को कुएं के पास बुलाया और कहा कि अंदर एक कछुआ है। जब बच्चे काफी करीब पहुंच गए, तो आरोपियों ने तीनों को कुएं में धकेल दिया।

## ममता ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र डीवीसी से अलग होने की दी चेतावनी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा कि राज्य सरकार दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के साथ सभी समझौतों को रद कर देगी, क्योंकि निगम द्वारा एक तरफा ढंग से पानी छोड़ने के परिणामस्वरूप दक्षिण बंगाल के जिलों में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मोदी को लिखे चार पन्ने के पत्र में उन्होंने कहा कि बाढ़ के कारण बंगाल में 50 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। ममता ने लिखा कि डीवीसी के स्वामित्व वाले मैथन और पंचेत बांधों की संयुक्त प्रणाली से लगभग पांच लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिसकी वजह से दक्षिण बंगाल के सभी जिले विनाशकारी बाढ़ में डूब गए हैं। यदि एकतरफा दृष्टिकोण जारी रहा तो हमारे पास डीवीसी से पूरी तरह से अलग होने और अपनी भागीदारी वापस लेने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा।

# फिरौती के लिए अपहरण मामले में तृणमूल पार्षद गिरफ्तार

कोलकाता। पश्चिम बंगाल पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने 2.25 करोड़ रुपये की फिरौती के लिए त्रिपुरा के एक व्यवसायी का अपहरण करने के आरोप में तृणमूल कांग्रेस के पार्षद मिलन सरकार को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। इस माह की शुरुआत में बारासात नगर पालिका में उत्तर 24 परगना के खरदाह में एक पार्किंग स्थल से कार में चढ़ते समय जिस व्यवसायी का अपहरण किया गया था, उसे सीआईडी के अधिकारियों ने घायल अवस्था में बारासात के एक आवासीय परिसर से बचाया था। पूछताछ के बाद सीआईडी को पता चला कि अपहरण का मुख्य साजिशकर्ता टीएमसी पार्षद (वार्ड नंबर 2) था। सीआईडी ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## अभिनेत्री पर सेक्स रैकेट चलाने का आरोप

कोच्चि। कोच्चि में एक महिला ने एक अभि नेत्री के खिलाफ सेक्स रैकेट चलाने का आरोप लगाया है। आरोपी अभिनेत्री मलयालम सिनेमा की प्रसिद्ध हस्तियों से जुड़े यौन उत्पीड़न के अलग-अलग मामलों में शिकायतकर्ता है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसे एक फिल्म के ऑडिशन के लिए चेन्नई ले जाया गया, जहां उसे अनैतिक संबंधों के लिए कई लोगों के सामने पेश किया गया।

# चुनाव प्रचार अभियान में शामिल हुए केजरीवाल

**चंडीगढ़, एजेंसी**

आम आदमी पार्टी (आप) संयोजक अरविंद केजरीवाल शुक्रवार को हरियाणा में पार्टी के चुनाव प्रचार अभियान में शामिल हुए और उन्होंने यमुनानगर जिले के जगाधरी निर्वाचन क्षेत्र में एक रोड शो किया।

आबकारी नीति मामले में जमानत पर तिहाड़ जेल से रिहाई के बाद केजरीवाल ने मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। दिल्ली की मंत्री आतिशी शनिवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री दोपहर को जगाधरी पहुंचे

#### हरियाणा विस चुनाव



और करीब साढ़े 3 बजे उनका रोड शो शुरू हुआ। इस दौरान सड़कों पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। 'आप' सुप्रीमो ने अपने वाहन के 'सनरूफ' से भीड़ की ओर हाथ हिलाकर अभिवादन किया। रोड शो के दौरान 'आप' की हरियाणा इकाई के प्रमुख सुशील गुप्ता केजरीवाल के साथ थे। सीट बंटवारा समझौते पर कांग्रेस के साथ बातचीत असफल रहने के बाद 'आप' अपने दम पर हरियाणा चुनाव लड़ रही है।

पार्टी महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन में बताया था कि केजरीवाल आने वाले दिनों में राज्य के 11 जिलों में 13 कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे, जिनमें डबवाली, रानिया, भिवानी, महम, कलायत, असंध और बल्लभगढ़ तथा अन्य निर्वाचन क्षेत्र शामिल होंगे।

## अबू बकर की रिहाई याचिका पर एनआईए को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के पूर्व प्रमुख ई अबू बकर की याचिका पर शुक्रवार को एनआईए से जवाब मांगा। याचिका में अबू बकर ने यूएपीए के तहत अपने खिलाफ दर्ज मामले में रिहा किए जाने का अनुरोध किया है। एनआईए ने अबू बकर को 2022 में संगठन पर बड़े पैमाने पर कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार किया था। निचली अदालत द्वारा उसकी जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद उसने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

# वादी को बताए बिना दायर कर दी याचिका, होगी सीबीआई जांच

- सुप्रीम कोर्ट के आदेश, बताया न्याय प्रक्रिया को बदनाम करने का प्रयास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक ऐसे मामले में सीबीआई जांच का आदेश दिया, जिसमें एक याचिकाकर्ता ने अपील दायर करने की बात से इनकार कर दिया था और दावा किया था कि उसने मामला दायर करने के लिए अदालत में मौजूद किसी भी वकील की सेवाएं नहीं ली हैं।

न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि हालांकि, याचिकाकर्ता भगवान सिंह ने कभी इन वकीलों से



मुलाकात नहीं की और ना ही उन्हें अपील दायर करने का निर्देश दिया था। फिर भी पक्षकारों ने वकीलों की मदद से कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने और न्याय प्रक्रिया को बदनाम करने का प्रयास किया। पीठ ने कहा कि हम मामले की जांच सीबीआई को सौंपना उपयुक्त समझते हैं। यदि आवश्यक हो तो सीबीआई प्रारंभिक जांच करने के बाद इसमें शामिल और जिम्मेदार पाये गए सभी व्यक्तियों के खिलाफ एक नियमित मामला दर्ज करे और कथित अपराधों और अदालत के साथ धोखाधड़ी से संबंधित सभी पहलुओं की जांच करे।

कोर्ट ने कहा, 'सीबीआई निदेशक को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने और दो महीने के भीतर इस अदालत को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया जाता है।' शीर्ष अदालत ने कहा कि मामला उस वक्त गंभीर हो जाता है, जब अधिवक्ता जो अदालत के अधिकारी होते हैं, इसमें शामिल होते हैं और वे बेईमान वादियों के दुर्भावनापूर्ण मुकदमों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं तथा उनके गुप्त उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने में उनकी सहायता करते हैं।

शीर्ष अदालत ने कहा कि कुछ बेईमान वादियों का एक गिरोह और उनके सलाहकारों का एक समूह है, जो हमेशा व्यवस्थागत खामियों का अनुचित लाभ उठाने और कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करने में व्यस्त रहते हैं, जिससे अदालतों के साथ-साथ पूरे कानूनी समुदाय और कानून के पेशे की छवि को नुकसान पहुंचता है।





## खेल डायरी

### अदिति की क्रोगर क्वीन सिटी चैम्पियनशिप में खराब शुरुआत

**मेनविले (अमेरिका)।** भारत की अनुभवी गोल्फर अदिति अशोक क्रोगर क्वीन सिटी चैंपियनशिप के



शुरुआती दौर में दो ओवर 74 का निराशाजनक कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 103वें स्थान पर बनी हुई हैं। इस प्रतियोगिता में कट एक अंडर रहने का अनुमान है। ऐसे में कट में प्रवेश पाने के लिए इस खिलाड़ी को दूसरे दौर में अपने खेल के स्तर को ऊंचा करना होगा। अदिति ने इस दौरान दो बर्डी लगायी और चार बोगी कर बैठीं।

### भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा की खराब शुरुआत, तीन ओवर 75 का कार्ड खेला

**वेंटवर्थ (इंग्लैंड)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने वेंटवर्थ क्लब में बीएमडब्ल्यू पीजीए चैम्पियनशिप में तीन ओवर 75 का कार्ड खेलकर खराब शुरुआत की जिससे उनका कट हासिल करना मुश्किल होगा। भारतीय गोल्फर शुभंकर ने एक ईगल, एक बर्डी और छह बोगी लगाई जिससे वह संयुक्त 114वें स्थान पर बने हुए हैं। मैथ्यू बाल्डविन ने सात अंडर 65 का शानदार कार्ड खेलकर एक शॉट की बढ़त बनाई हुई है।



### ला सेला ओपनः रिद्धिमा दिलावड़ी और त्वेसा मलिक संयुक्त 17वें स्थान पर

**स्पेन।** प्रतिभावान भारतीय गोल्फर रिद्धिमा दिलावड़ी और त्वेसा मलिक यहां लेडीज यूरोपियन टूर पर ला सेला ओपन के पहले दौर में दो अंडर 70 के स्कोर से



संयुक्त 17वें स्थान पर बनी हुई हैं। रिद्धिमा ने पहले दौर में बोगी से शुरुआत की लेकिन फिर पांच होल में तीन बर्डी लगाने के बाद दो बोगी कर बैठीं। त्वेसा ने शुरुआत 10वें होल से की। प्रणवी उर्स (इवन पार 72) और सेहर अटवाल (73) क्रमश: संयुक्त 31वें और संयुक्त 63वें स्थान पर बनी हुई हैं।

### वाणी कपूर ने हिताशी बख्शी को हराकर 18 महीने में पहला खिताब जीता

**गुरुग्राम।** वाणी कपूर ने शुक्रवार को यहां हिताशी बख्शी को प्लेऑफ में हराकर हीरो महिला पेशेवर गोल्फ टूर के 12वें चरण में जीत हासिल की जो पिछले 18 महीने में उनका पहला खिताब है। यह अनुभवी खिलाड़ी दिन के शुरु में हिताशी और विधात्री उर्स से तीन शॉट पीछे चल रही थी। उन्होंने हालांकि अंतिम दौर में अच्छा प्रदर्शन किया तथा अपना कुल स्कोर चार ओवर 220 पर पहुंचाया। हिताशी अंतिम दौर में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई।



# भारतीय तेज गेंदबाजों के आगे बांग्लादेश पस्त

## भारत ने 308 रन की बनाई बढ़त, जसप्रीत बुमराह ने लिए चार विकेट, बांग्लादेश की पहली पारी 149 रन पर सिमटी

**चेन्नई, एजेंसी**

- भारत ने दूसरी पारी में तीन विकेट के नुकसान पर 81 रन बनाए
- दूसरे दिन ऋषभ पंत और शुभमन गिल क्रीज पर रहे मौजूद

जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने दो मैचों की शृंखला के शुरुआती टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां बांग्लादेश की पहली पारी को सस्ते में समेटने के बाद दूसरी पारी में तीन विकेट पर 81 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 308 रन कर ली। बुमराह की शानदार गेंदबाजी का बांग्लादेश के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। उन्होंने 50 रन देकर चार विकेट चटकाये। बुमराह को मोहम्मद सिराज (30 रन पर दो विकेट), आकाश दीप (19 रन पर दो विकेट) और रविंद्र जडेजा (19 रन पर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला।

भारत की पहली पारी में 376 रन के जवाब में बांग्लादेश की पहली पारी महज 149 रन पर सिमट गयी। भारत ने पहली पारी 227 रन की बड़ी हासिल की। भारत की दूसरी पारी में भी हालांकि शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान रोहित शर्मा (पांच) और यशस्वी जायसवाल (10) टीम के 28 रन तक पवेलियन लौट गये। रोहित तस्कीन अहमद की ऑफ स्टंप से बाहर की गेंद पर बल्ला अड़ाकर गली क्षेत्र में जाकिर हसन को कैच थमा बैठे। जायसवाल को नाहिद राणा की गेंद पर ऑफ ड्राइव लगाने का खामियाजा भुगतना पड़ा। गिल और विराट कोहली (17) ने इसके बाद संभल कर बल्लेबाजी करते हुए तीसरे विकेट के लिए 39 रन जोड़े। गिल ने इस दौरान कुछ शानदार चौके जड़े। राणा की गेंद पर कवर क्षेत्र में लगाया गया उनका चौका दर्शनीय था। कोहली हालांकि क्रीज पर समय बिताने के बाद मेहदी हसन मिराज की गेंद पर पगबाधा हो गये। बुमराह ने शानदार लय में चल रहे शदमन इस्लाम को अपनी चतुराई से आउट किया। उन्होंने राउंड द विकेट गेंदबाजी करने के बाद ओवर द विकेट गेंदबाजी की लेकिन गेंद की लाइन लेंथ में बदलाव किये बिना कोण को बदला जिससे बांग्लादेश का यह सलामी बल्लेबाज सामंजस्य नहीं बैठा पाया। उन्होंने इसके बाद मुशफिकुर रहीम, तस्कीन और हसन महमूद को चलता किया।

मैच में शतकीय पारी खेलने वाले रविचंद्रन अश्विन कोई विकेट नहीं ले सके। बांग्लादेश को सबसे ज्यादा निराशा लिटन दास (42 गेंद में 22 रन) और शाकिब अल हसन (64 गेंद में 32 रन) से हुई। इन दोनों अनुभवी बल्लेबाजों ने क्रीज पर समय बिताने के बाद अपने विकेट आक्रामक शॉट खेलकर गंवा दिये। दोनों ने छठे विकेट के लिए 94 गेंद में 51 रन की साझेदारी की। लिटन ने जडेजा (18 रन पर दो विकेट) के खिलाफ स्वीप शॉट खेलने का प्रयास किया और स्थानापन्न खिलाड़ी ध्रुव जुरेल द्वारा लपके गये। शाकिब ने इस वामहस्त गेंदबाज के खिलाफ रिवर्स स्वीप खेला लेकिन उन्हें किस्मत का साथ नहीं मिला। गेंद उनके बल्ले के निचले किनारे से टकराकर जूते पर टप्पा खाने के बाद हवा में उछली और विकेटकीपर ऋषभ पंत ने दौड़कर कैच पकड़ लिया। युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप ने दिन की शुरुआत सत्र में लगातार गेंदों पर जाकिर और मोमिनुल हक (शून्य) को बोल्ड कर पारी की शुरुआत में ही बांग्लादेश पर दबाव बना दिया।

### पहले 10 ओवर में काफी ज्यादा विकेट गंवाए : अहमद

**चेन्नई।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज तास्किन अहमद ने शुक्रवार को स्वीकार किया कि यहां भारत के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में विश्वस्तरीय भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ पहली पारी में पहले 10 ओवर में काफी ज्यादा विकेट गंवाने से उनकी टीम बैकफुट में चली गई है। अहमद ने दिन का खेल खत्म होने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, हमारी बल्लेबाजी थोड़ी निराशाजनक रही। हां, तेज गेंदबाजों को कुछ मदद मिल रही थी लेकिन हम इससे बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। इसलिये हम निराश हैं। उन्होंने कहा, हमने पहले 10 ओवर में काफी ज्यादा विकेट गंवा दिये जो हमारे लिए महंगे साबित होंगे। अहमद ने साथ ही कहा, एसजी गेंद से खेलना भी एक चुनौती है। भारतीय खिलाड़ी बचपन से एसजी गेंद से खेलते हैं तो वे जानते हैं कि इसका उचित ढंग से किस तरह इस्तेमाल किया जाये जिससे उन्हें बड़ा फायदा मिला। उन्होंने कहा, हमने नयी गेंद से कुछ गलतियां भी कीं। एसजी गेंद और यहां के हालात को देखते हुए पहले 10-12 ओवर काफी चुनौतीपूर्ण थे।



जसप्रीत बुमराह

### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी : 339/6 (80 ओवर)

भारत दूसरी पारी : 81/3 (23 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | 4/6 |
|---|---|---|
| यशस्वी का लिटन बो नाहिद | 10 | 2/0 |
| रोहित का जाकिर बो तस्कीन | 05 | 1/0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 33 | 4/0 |
| विराट पगबाधा मिराज | 17 | 2/0 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 12 | 1/1 |

**अतिरिक्त :** 4 रन, **विकेट पतन :** 1-15, 2-28, 3-67

**गेंदबाजी :** तसकीन अहमद 3-0-17-1, हसन महमूद 5-1-12-0, नाहिद राणा 3-0-12-1, शाकिब अल हसन 6-0-20-0, मेहदी हसन मिराज 6-0-16-1

**बांग्लादेश पहली पारी :** 149/10 (47.1 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | 4/6 |
|---|---|---|
| शादमन बो बुमराह | 02 | 0/0 |
| हसन बो आकाशदीप | 03 | 0/0 |
| शान्तो का कोहली बो सिराज | 20 | 3/0 |
| मोमिनुल हक बो आकाशदीप | 00 | 0/0 |
| मुशफिकुर का राहुल बो बुमराह | 08 | 2/0 |
| शाकिब अल हसन का पंत बो जडेजा | 32 | 5/0 |
| लिटन का सब. (जुरेल) बो जडेजा | 22 | 3/0 |
| मेहदी हसन मिराज नाबाद | 27 | 2/1 |
| हसन महमूद का कोहली बो बुमराह | 09 | 2/0 |
| तसकीन अहमद बो बुमराह | 11 | 1/0 |
| नाहिद राणा बो सिराज | 11 | 2/0 |

**अतिरिक्त :** 4 रन, **विकेट पतन :** 1-2, 2-22, 3-22, 4-36, 5-40, 6-91, 7-92, 8-112, 9-130, 10-149

**गेंदबाजी :** जसप्रीत बुमराह 11-1-50-4, मोहम्मद सिराज 10.1-1-30-2, आकाश दीप 5-0-19-2, रवि अश्विन 13-4-29-0, रवींद्र जडेजा 8-2-19-2

# श्रीलंका ने 202 रन की बढ़त हासिल की

**गॉल (श्रीलंका), एजेंसी**

- दिन का खेल समाप्त होने तक कप्तान डि सिल्वा और एजेंलो मैथ्यूज क्रीज पर डटे

श्रीलंका ने पूर्व कप्तान दिमुथ करुणारत्ने (83 रन) और दिनेश चांदीमल (61 रन) के अर्धशतकों से न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में चार विकेट पर 237 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 202 रन तक पहुंचा ली। दिन का खेल समाप्त होने तक कप्तान धनंजय डि सिल्वा और एजेंलो मैथ्यूज 34-34 रन बनाकर क्रीज पर डटे थे।

श्रीलंका ने दूसरी पारी के तीसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका (02) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद टीम के अनुभवी खिलाड़ियों करुणारत्ने और चांदीमल ने मिलकर पिच की चुनौतीपूर्ण स्थितियों का डटकर सामना करते हुए दूसरे विकेट के लिए 147 रन की भागीदारी निभाई जो मैच के नतीजे में निर्णायक साबित हो सकती है। इन दोनों बल्लेबाजों ने स्पिन का बखूबी सामना किया, पर तेज गेंदबाजी के खिलाफ जूझते नजर आये। पहली पारी में पांच विकेट झटकने वाले विलियम ओरोरके ने दूसरी पारी में अभी तक तीन विकेट चटका लिये हैं। एजाज पटेल ने करूणारत्ने को आउट कर इस शतकीय भागीदारी का अंत किया। इसके बाद ओरोरके ने अगले ओवर में चांदीमल को लेग स्लिप में कैच कराकर पहली पारी के शतकवीर कामिंदु मेंडिस को भी पवेलियन की राह दिखा दी। धनंजय डि सिल्वा और एंजेलो मथ्यूज पांचवें विकेट के लिए अभी तक नाबाद 59 रन की भागीदारी कर चुके हैं। शुक्रवार सबह खेल 15 मिनट पहले शुरू हुआ। न्यूजीलैंड ने सुबह चार विकेट पर 255 रन से आगे खेलते हुए पहली पारी 340 रन पर समाप्त की। श्रीलंका ने पहली पारी में 305 रन बनाये थे। न्यूजीलैंड के लिए डेरिल मिचेल ने अपना अर्धशतक पूरा कर 57 रन बनाये जबकि ग्लेन फिलिप्स ने आक्रामक खेल दिखाते हुए 48 गेंद में दो चौके और पांच छक्कों से 49 रन बनाये लेकिन अपने अर्धशतक से चूक गये। न्यूजीलैंड के लिए दूसरे दिन टॉम लाथम और केन विलियमसन ने अर्धशतक जड़े थे।


गॉल में तीसरे दिन श्रीलंका के कप्तान धनंजय डी सिल्वा (दाएं) और एंजेलो मैथ्यूज (बाएं) विकेटों के बीच दौड़ते हुए।

## मुल्तान-रावलपिंडी में टेस्ट खेलेगा इंग्लैंड

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को घोषणा की कि पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच तीन टेस्ट मैचों की शृंखला की मेजबानी मुल्तान और रावलपिंडी करेंगे। शृंखला के पहले दो टेस्ट सात से 11 अक्टूबर और 15 से 19 अक्टूबर तक खेले जायेंगे। अंतिम मुकाबला 24 से 28 अक्टूबर तक रावलपिंडी में होगा। पीसीबी के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट विभाग ने पुष्टि की कि कराची स्टेडियम में निर्माण कार्य के कारण टेस्ट की मेजबानी नहीं कर पाएगा। इंग्लैंड की टीम इस शृंखला के लिए दो अक्टूबर को मुल्तान पहुंचेगी। पहला टेस्ट सात से 11 अक्टूबर मुल्तान, दूसरा टेस्ट 15 से 19 अक्टूबर मुल्तान, तीसरा टेस्ट 24 से 28 अक्टूबर रावलपिंडी में होगा।

# भारत को समान परिस्थितियों से फायदा मिलेगा : मिताली

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व कप्तान मिताली राज का मानना है कि तीन अक्टूबर से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले महिलाओं के टी20 विश्व कप में भारत को अन्य टीमों के मुकाबले फायदा मिलेगा क्योंकि यूएई के हालात घरेलू मैदान जैसे ही हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बांग्लादेश में राजनीतिक अशांति के कारण इसे यूएई के दुबई और शारजाह में कराने का फैसला किया।

मिताली ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, यूएई की परिस्थितियां भी काफी समान हैं इसलिए हम कह सकते हैं कि हमारी टीम को फायदा मिलेगा। पूर्व बल्लेबाज ने आत्ममुग्धता से बचने की हिदायत दी। उन्होंने कहा, लेकिन विश्व कप का मतलब है कि प्रत्येक टीम तैयारी के साथ पहुंचेगी। आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने के बावजूद भारतीय महिला टीम को अभी अपना पहला वैश्विक खिताब जीतना बाकी है। भारत ग्रुप ए में आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ है।



- यूएई के दुबई और शारजाह में होगा महिला टी20 विश्वकप

# आवेश और आकिब का शानदार प्रदर्शन

**अनंतपुर, एजेंसी**

**दलीप ट्रॉफी**

तेज गेंदबाज आवेश खान ने बल्लेबाजी में कमाल दिखाते हुए नाबाद अर्धशतक जड़ा और इसके बाद ईशान किशन का कीमती विकेट लिया, जिससे भारत ए ने शुक्रवार को दलीप ट्रॉफी के अंतिम दौर के मैच के दूसरे दिन भारत सी के खिलाफ अपना पलड़ा भारी कर दिया।

भारत की तरफ से आठ वनडे और 23 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले आवेश में 68 गेंद पर नाबाद 51 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और चार छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की बदौलत भारत ए ने अपनी पहली पारी में 297 रन बनाए। इसके जवाब में आकिब खान (43 रन देकर तीन विकेट) और आवेश (52 रन देकर एक विकेट) ने भारत सी का शीर्ष क्रम थर्रा दिया। भारत सी ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक सात विकेट पर 216 रन बनाए हैं और अभी वह भारत ए से 81 रन पीछे है और उस पर पहली पारी में पिछड़ने का खतरा मंडरा रहा है।

### इंडिया डी की ओर से संजू और इंडिया बी के लिए अभिमन्यु ने जड़ा शतक

**अनंतपुर।** दलीप ट्रॉफी में शुक्रवार को इंडिया डी के लिए संजू सैमसन ने (106) और उसके बाद इंडिया बी के लिए अभिमन्यु ईश्वरन ने शतक लगाकर अपनी बल्लेबाजी क्षमता दिखाई। दूसरे दिन संजू सैमसन को आर चाहर ने आउट किया। संजू ने 101 गेंदों में 12 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 106 रन बनाए। इंडिया डी ने 349 का स्कोर खड़ा किया। इंडिया बी की ओर से सैनी ने पांच विकेट लिये और राहुल चाहर को तीन विकेट मिले। मुकेश कुमार ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी इंडिया बी की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। एक समय उसने 27.2 ओवर में 100 के स्कोर पर अपने पांच विकेट गवां दिये थे। नारायण जगदीशन (13), सुयश प्रभुदेसाई (16), मुशीर खान (5), सूर्यकुमार यादव (5) और नितीश कुमार रेड्डी (शून्य) पर आउट हुये। कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन ने वॉशिंगटन सुंदर के साथ 105 रनों की साझेदारी कर टीम को संभाला। अभिमन्यु ने 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए (116) रनों की पारी खेली। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर सुंदर (नाबाद 39) और चाहर उनके साथ बल्लेबाजी कर रहे थे। इंडिया डी के लिए अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट लिये। आदित्य ठाकरे को दो विकेट मिले। सौरभ कुमार ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## सरे लगातार तीसरी बार काउंटी चैंपियन बना

**लंदन।** सरे अपने करीबी प्रतिद्वंदी समरसेट की हार के बाद इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप क्रिकेट में लगातार तीसरा खिताब जीतने में सफल रहा। यह 1968 के बाद पहला अवसर है जब किसी टीम ने लगातार तीसरी बार काउंटी चैंपियनशिप जीती। समरसेट की टीम लंकाशर से 168 रन से हार गई थी जिससे सरे ने एक दौर पहले ही खिताब अपने नाम कर दिया। वह 23वीं बार काउंटी चैंपियन बना है जो यार्कशर के रिकॉर्ड 33 खिताब से 10 कम है। इससे पहले यार्कशर लगातार तीन काउंटी चैंपियनशिप जीतने वाली आखिरी टीम थी।

# भारतीय पुरुष टीम का दबदबा जारी

**बुडापेस्ट, एजेंसी**

**शतरंज ओलंपियाड**

- महिलाओं को पोलैंड के हाथों 1.5-2.5 से चौकाने वाली हार का सामना करना पड़ा

भारतीय पुरुष टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के आठवें दौर में यहां ईरान के खिलाफ 3.5-0.5 से शानदार जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक पर अपना दावे को और मजबूत कर लिया लेकिन महिलाओं को पोलैंड के हाथों 1.5-2.5 से चौकाने वाली हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला टीम की यह प्रतियोगिता में पहली हार है।

ओपन वर्ग में लगातार आठवीं जीत से पुरुष टीम ने कुल 16 अंकों के साथ एकल बढ़त बरकरार रखी है। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज अर्जुन एरिगैसी ने काले मोहरों से आक्रामक शुरुआत कर बर्दिया दानेश्वर को पराजित किया। आगामी विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने शुरुआती टाइम कंट्रोल में ही ईरान के परम मघसूदलू को हरा दिया। आर प्रज्ञानानंद ने अमीन तबाताबेई से ड्रॉ खेला जबकि विदित गुजराती ने इदानी पूया को मात देकर टीम की जीत में अंकों का इजाफा किया। अपने आठ मुकाबलों में व्यक्तिगत 7.5 अंकों के साथ अर्जुन की क्लासिकल लाइव रेटिंग 2792.7 पहुंच गई तो वहीं गुकेश के भी 2784.6 रेटिंग अंक हो चुके हैं। महिला वर्ग में भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा जब ग्रैंडमास्टर डी हरिका, आर वैशाली क्रमशः पोलैंड की एलिना काशलिंस्काया और मोनिका सोको से अपनी अपनी बाजियां हार गयीं। दिव्या देशमुख ने एलेक्जेंड्रा माल्टसेव्स्काया को हराकर मुकाबले में भारत की वापसी कराई। वंतिका अग्रवाल एलिक्जा स्लिविका के खिलाफ जीत दर्ज करने में नाकाम रही।

## बॉलीवुड हलचल

### एनटीआर जूनियर ने अंडरवाटर सीक्वेंस का खुलासा किया

**मुंबई।** मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर ने देवरा : पार्ट 1 में 35 दिनों के चुनौतीपूर्ण अंडरवाटर सीक्वेंस का खुलासा किया है। एनटीआर जूनियर की आगामी फिल्म देवरा : पार्ट 1 पहले से ही वैश्विक उत्साह पैदा कर रही है, और सबसे चर्चित क्षणों में से एक गहन अंडरवाटर सीक्वेंस हैअविश्वसनीय 30 से 35 दिनों में शूट किया गया यह सीक्वेंस फिल्म के हाई-स्टेक एक्शन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और भारत के तटीय क्षेत्रों में होता है। चुनौतीपूर्ण शूटिंग के बारे में बात करते हुए, एनटीआर जूनियर ने बताया, हमने करीब 30-35 दिनों तक अंडरवाटर और पानी के ऊपर शूटिंग की। यह देवरा के सबसे महत्वपूर्ण सीक्वेंस में से एक है। उन्होंने यह भी बताया कि यह सिर्फ एक सामान्य पानी का दृश्य नहीं था, इसमें हर चीज को यथासंभव वास्तविक दिखाने के लिए बहुत प्रयास किया गया था। प्रोडक्शन टीम ने 200 गुणा 150 का पानी का टैंक बनाया, जहाँ अधिकांश सीक्वेंस फिल्माए गए। एनटीआर जूनियर ने बताया कि कैसे उन्होंने कृत्रिम लहरें बनाने के लिए खुदाई करने वाले यंत्रों का इस्तेमाल किया।



### नेहा ने पाक-कला की यात्रा शुरू की

**नई दिल्ली।** जानीमानी अभिनेत्री नेहा शर्मा ने कॉल मी टेन के साथ पाक-कला की यात्रा शुरू की है। नेहा शर्मा, जो स्क्रीन पर अपने शानदार अभिनय और बेहतरीन फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं, एक नए उद्यम की शुरुआत करने जा रही हैं। भोजन और आतिथ्य के प्रति अपने जुनून को अपनाते हुए, नेहा को अपने रेस्तरां कॉल मी टेन के लॉन्च की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है, जो एक प्रगतिशील इज़ाकाया जापानी रेस्तरां और ओमाकासे बार है। नेहा शर्मा ने कहा, मुझे हमेशा से ही भोजन का शौक रहा है और कॉल मी टेन खोलना एक सपने के सच होने जैसा है। यह प्यार का श्रम है, एक ऐसी जगह जहाँ लोग स्वादिष्ट भोजन, बढ़िया कंपनी और प्रामाणिक जापानी आतिथ्य का आनंद लेने के लिए एक साथ आ सकते हैं। मैं इस अनुभव को सभी के साथ साझा करने के लिए उत्सुक हूं। सह-संस्थापक करण आर चावला, अंगद सिंह और अक्षय शौकीन ने अवधारणा और दृष्टि के बारे में अपनी अंतर्दृष्टि साझा की।



### 76 वर्ष के हुए फिल्मकार महेश भट्ट

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार महेश भट्ट आज 76 वर्ष के हो गये। महेश भट्ट का जन्म 20 सितंबर 1948 को मुंबई में हुआ था। उनके पिता नानाभाई भट्ट फिल्म इंडस्ट्री के जाने माने फिल्मकार थे। घर में फिल्मी माहौल के कारण उनका रुझान भी फिल्मों की ओर हो गया और वह निर्देशक बनने का सपना देखने लगे। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह निर्माता-निर्देशक राज खोसला के सहायक के तौर पर काम करने लगे। महेश भट्ट ने अपने सिने करियर की शुरुआत वर्ष 1970 में एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म संकट से की। इसके बाद उन्होंने बतौर निर्देशक मंजिले और भी हैं, विश्वासघात, लहू के दो रंग, नया दौर और अभिमन्यु जैसी कई फिल्में निर्देशित की लेकिन इन फिल्मों से उन्हें कोई खास फायदा नहीं पहुंचा।

## विक्रम राठौड़ राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच किए गए नियुक्त

**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स ने शुक्रवार को आईपीएल 2025 से पहले भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज विक्रम राठौड़ को अपना बल्लेबाजी कोच नियुक्त करने की घोषणा की। राहुल द्रविड़ को मुख्य कोच के रूप में नियुक्त करने के बाद 55 साल के राठौड़ आगामी सत्र के लिए फ्रैंचाइजी की दूसरी बड़ी नियुक्ति है। राजस्थान रॉयल्स से जारी बयान के मुताबिक, राहुल द्रविड़ की मुख्य कोच के तौर पर वापसी के बाद अनुभवी क्रिकेट पेशेवर राठौड़ रॉयल्स की कोचिंग टीम से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, यह एक सफल साझेदारी को फिर से स्थापित करेगा, जिसने भारत को उनके कार्यकाल के दौरान तीनों प्रारूपों में रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचाया और देश को इस साल की शुरुआत में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 खिताब दिलाया। राठौड़ ने भारत के लिए छह टेस्ट और सात एकदिवसीय मैच खेले हैं। उनके नाम प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 33 शतक हैं। वह 2019 से इस साल टी20 विश्व कप तक तक भारत के बल्लेबाजी कोच थे।

# अकाने यामागुची से चाइना ओपन में हारीं मालविका

**चांगझोऊ, एजेंसी**

भारतीय शटलर मालविका बंसोड़ को शुक्रवार को चाइना ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के क्वार्टरफाइनल में दो बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ भारत का टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया है। शुक्रवार को 35 मिनट तक चले मैच में 23 वर्षीय भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी को क्वार्टरफाइनल में जापानी खिलाड़ी अकाने यामागुची से सीधे गेम में 10-21, 16-21 से हार गई।

जापानी खिलाड़ी अकाने आक्रामक खेल के साथ पहले गेम की शानदार शुरुआत की और 11-4 की बढ़ी बढ़त हासिल कर ली। मालविका ने गेम में वापसी करने के लिए अंक अर्जित करने का प्रयास किया। लेकिन काफी संघर्ष के बाद जापानी खिलाड़ी ने उन्हें पहले गेम में 21-10 से हरा दिया। मालविका ने दूसरे गेम की शुरुआत में इस टूर्नामेंट में चौथी वरीयता प्राप्त जापानी खिलाड़ी को बराबर की टक्कर दी और 7-8 के स्कोर के साथ अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ी को बड़ी बढ़त हासिल करने नहीं दी। लेकिन इसके बाद अकाने ने शानदार शॉट के साथ तीन अंक हासिल करते हुए स्कोर 11-7 कर दिया।

मालविका भी मैच को तीसरे गेम तक ले जाने के लिए इस बढ़त को कम करने के करीब पहुंच गईं और स्कोर को 15-19 तक पहुंचा दिया। आखिर में अकाने यामागुची ने 21-16 से जीत करते हुए इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। सेमीफाइनल में अकाने का मुकाबला हमवतन तोमोका मियाजाकी से होगा।




- हार के साथ टूर्नामेंट में भारत का अभियान हो गया समाप्त


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### राजा कृष्णामूर्ति ने हैरिस के पक्ष में चुनाव प्रचार किया

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने डेमोक्रेटिक पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस के पक्ष में मिशिगन में चुनाव प्रचार किया। मिशिगन में वैसे तो भारतीय अमेरिकी समुदाय की आबादी बेहद कम है लेकिन वे बहुत करीबी मुकाबले वाले चुनावी में बड़ा अंतर ला सकते हैं। कृष्णमूर्ति इलिनोइस से सांसद हैं, उन्होंने सप्ताहांत राज्य की राजधानी डेट्रोइट में बिताया और हैरिस के पक्ष में चुनाव प्रचार किया।

### शॉपिंग मॉल के प्रवेश द्वार पर शौच करने पर जुर्माना

**सिंगापुर।** यहां के मरीना बे सैंड्स स्थित द शॉप्स मॉल के प्रवेश द्वार पर शौच करने वाले भारतीय निर्माण श्रमिक पर गुरुवार को 400 सिंगापुर डॉलर का जुर्माना लगाया गया। यह घटना पिछले वर्ष 30 अक्टूबर की है। समाचारपत्र टुडे में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार निर्माण श्रमिक रामू चिन्नारसा (37) ने पर्यावरणीय सार्वजनिक स्वास्थ्य (सार्वजनिक सफाई) विनियमों के तहत जुर्म कुबूल कर लिया है।

### चीन ने छह नये उपग्रहों का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को उत्तरी चीन के शांक्सी प्रांत में ताइयुआन सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से छह नए उपग्रह अंतरिक्ष में भेजे। जिलिन-1 कुआनफू 02बी 01-06 उपग्रहों को लॉन्ग मार्च-2डी वाहक रॉकेट पर स्थानीय समयानुसार अपराह्न 12:11 बजे प्रक्षेपण किया गया। सभी उपग्रहों का सफलतापूर्वक पूर्व निर्धारित कक्षा में प्रवेश हुआ। यह प्रक्षेपण लॉन्ग मार्च वाहक रॉकेट श्रृंखला का 536वां उड़ान मिशन है।

### नेपाल में सार्वजनिक स्थानों पर लाइसेंसी हथियार प्रतिबंधित

**काठमांडू।** नेपाली सरकार ने शुक्रवार को सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर लाइसेंसी हथियार ले जाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, गृह मंत्रालय ने विधान भवन, न्यायालय, सरकारी कार्यालय, अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, सार्वजनिक परिवहन, बाजार, खुदरा मॉल, थिएटर और अन्य सार्वजनिक और सरकारी सुविधाओं में पंजीकृत आग्नेयास्त्रों को ले जाने पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजपत्र में प्रकाशित एक अधिसूचना में कहा गया है कि परमिट के नवीनीकरण को छोड़कर किसी व्यक्ति द्वारा आग्नेयास्त्र ले जाना पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

### यूरोपीय संघ ने श्रीलंका में भेजे 32 चुनाव पर्यवेक्षक

**कोलंबो।** यूरोपीय संघ चुनाव निगरानी मिशन (ईयू ईओएम) ने श्रीलंका में शनिवार को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 32 अल्पकालिक पर्यवेक्षक भेजे हैं। यूरोपीय संघ के पर्यवेक्षक चुनाव के दिन की प्रक्रियाओं पर नज़र रखेंगे, जिसमें मतदान केंद्र खोलना, मतदान और मतपत्रों की गिनती के साथ-साथ परिणामों की गणना शामिल है। ईयू ईओएम श्रीलंका 2024 के उप मुख्य पर्यवेक्षक इंता लेज ने एक बयान में कहा आज हमारे मिशन को मजबूत करने वाले अल्पकालिक पर्यवेक्षक श्रीलंका के सभी नौ प्रांतों के कस्बों और गांवों का दौरा करेंगे।, और उनके अवलोकन इस महत्वपूर्ण चुनाव दिवस का व्यापक मूल्यांकन करेंगे।

### ब्रिटिश भारतीय मंत्री को धमकी देने पर 3 साल कैद

**लंदन।** ब्रिटिश भारतीय संस्कृति मंत्री लिसा नंदी को धमकी भरे ईमेल भेजने वाले 48 वर्षीय व्यक्ति को जान से मारने की धमकी, धमकी भरे संदेश भेजने और सामान्य हमले का दोषी पाए जाने पर तीन साल और तीन महीने की कैद की सजा सुनाई गई है। रयान ब्रेहेनी को बोल्टन क्राउन कोर्ट में पेश किया गया, जहां यह बात सामने आई कि उसने नंदी के निर्वाचन क्षेत्र कार्यालय को दो ईमेल संदेश भेजे थे, जिनमें ग्रेटर मैनचेस्टर के विगन की 45 वर्षीय लेबर सांसद को जान से मारने की धमकी भी शामिल थी।

# ब्रिटेन में कीर्तन को सिख पवित्र संगीत के तौर पर मान्यता दी

लंदन, एजेंसी

- शिक्षा की ग्रेड प्रणाली में शामिल किया गया कीर्तन

ब्रिटेन में पहली बार कीर्तन को संगीत शिक्षा की ग्रेड प्रणाली में शामिल किया गया है यानी छात्र शुक्रवार से 'सिख पवित्र संगीत' से जुड़े पाठ्यक्रम का औपचारिक रूप से अध्ययन कर सकेंगे। बर्मिंघम में संगीतकार और शिक्षाविद हरजिंदर लाली ने पश्चिमी शास्त्रीय संगीत के समान कीर्तन को भी उचित स्थान दिलाने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए वर्षों समर्पित किए हैं कि यह पारंपरिक संगीत विधा भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित रहें।

गुरु ग्रंथ साहिब में मौजूद शबदों का गायन कीर्तन कहा जाता है और सिख धर्म में यह भक्ति भाव प्रकट करने का तरीका है। लंदन स्थित संगीत शिक्षक बोर्ड (एमटीबी) वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त आठ-ग्रेड संगीत परीक्षाओं के तहत सिख पवित्र संगीत पाठ्यक्रम उपलब्ध कराएगा।

### स्वीकृत कराने में 10 साल की कड़ी मेहनत लगी : लाल्ली

ब्रिटेन में गुरमत संगीत अकादमी के शिक्षक डॉ. लाल्ली ने कहा हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए अपनी विरासत को संरक्षित रखें। उन्होंने कहा पाठ्यक्रम को स्वीकृत और शुरू कराने में 10 साल की कड़ी मेहनत लगी है। पश्चिमी श्रोता अब समझ रहे हैं कि सिख कीर्तन वायलिन, पियानो या किसी अन्य पश्चिमी समकालीन संगीत शैली से कम नहीं है।

# आतंकवादी हमले में पाकिस्तान के छह सुरक्षा कर्मियों की मौत

**पेशावर।** अफगानिस्तान की सीमा से सटे पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में गुरुवार रात आतंकवादियों द्वारा सुरक्षा चौकी पर किए गए हमले में छह सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। अधिकारियों के मुताबिक आतंकवादियों के एक समूह ने दक्षिणी वजीरिस्तान जिले के लाढा तहसील में मिश्ता गांव स्थित एक जांच चौकी पर हमला किया जिसमें छह सुरक्षाकर्मी मारे गए जबकि 11 अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्र ने बताया कि आतंकवादियों को निष्क्रिय करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

# चीन-पाकिस्तान के छक्के छुड़ाएगा आईएनएस विक्रांत

## स्वदेश निर्मित विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत नौसेना के पश्चिमी बेड़े में शामिल

**मुंबई।** भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को कहा कि स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत पश्चिमी नौसेना के बेड़े में शामिल हो गया है और इससे अरब सागर में समुद्री शक्ति में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी होगी। बेड़े में इसके शामिल होने से चीन-पाकिस्तान अब इस क्षेत्र पर नजर नहीं डाल सकेंगे। इसके साथ ही भारतीय नौसेना के पास पश्चिमी मोर्चे पर दो विमानवाहक पोत - आईएनएस विक्रांत और आईएनएस विक्रमादित्य हो गए हैं। पश्चिमी नौसैन्य कमान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा भारत का स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत भारतीय नौसेना के पश्चिमी बेड़े में शामिल हो गया है, जो भारतीय नौसेना की स्वोर्ड आर्म की समुद्री शक्ति और पहुंच में महत्वपूर्ण विस्तार है।



### लंबाई 262 और चौड़ाई 62 मीटर

विमानवाहक पोत एक इंजीनियरिंग चमत्कार है, जिसकी लंबाई 262 मीटर और चौड़ाई 62 मीटर है, जिसका विस्थापन लगभग 45,000 टन है। यह 36 विमानों के एक हवाई समूह को ले जा सकता है, जिसमें 26 फिक्स्ड-विंग लड़ाकू विमान और विभिन्न प्रकार के हेलीकॉप्टर शामिल हैं, जो सभी उन्नत हथियारों से लैस हैं।

### 80 मेगावाट बिजली उत्पादन

आईएनएस विक्रांत दो शाफ्ट पर चार जीई गैस टर्बाइनों द्वारा संचालित होता है, जो 80 मेगावाट से अधिक बिजली पैदा करता है, जो 20 लाख लोगों के शहर को रोशन करने के लिए पर्याप्त है। इसका कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम (सीएमएस) टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स द्वारा विकसित किया गया था, यह पहली बार है कि किसी निजी कंपनी ने नौसेना के लिए ऐसी प्रणाली बनाई है।

# हिजबुल्ला ने इजराइल पर दागे 140 रॉकेट

## इजराइली सेना ने बेरूत में सैन्य अधिकारी को बनाया निशाना, पेजर विस्फोट के बाद संघर्ष हुआ तेज

यरुशलम/बेरूत, एजेंसी

हिजबुल्ला ने शुक्रवार को उत्तरी इजराइल पर 140 से ज्यादा रॉकेट दागे जिसके जवाब में इजराइली सेना ने लेबनान के बेरूत में लक्षित हमले किए और उग्रवादी संगठन के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी इब्राहिम अकील को निशाना बनाया। एक इजराइली अधिकारी ने यह जानकारी दी। लेबनानी स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि अकील बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर हुए इजराइली हमले में मारा गया या नहीं। इस हमले में कम से कम आठ लोग मारे गए थे और 59 अन्य घायल हो गए थे।

इजराइली अधिकारी ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर यह बात कही, क्योंकि वह पर्दे के पीछे के सुरक्षा मामले पर चर्चा कर रहे थे। हिजबुल्ला आतंकवादी समूह के एक करीबी अधिकारी ने भी नाम गुप्त रखने की शर्त पर एसोसिएटेड प्रेस से पुष्टि की कि शुक्रवार को जब इमारत को निशाना बनाया गया तो अकील वहां मौजूद था। अधिकारी को मीडिया को जानकारी देने का अधिकार नहीं था। अधिकारी इस बात की पुष्टि नहीं कर सके कि अकील मारा गया है या नहीं। अकील हिजबुल्ला की विशिष्ट रदवान फोर्स और समूह की सर्वोच्च सैन्य संस्था जिहाद काउंसिल के प्रमुख के रूप में कार्य कर चुका है। अमेरिकी विदेश विभाग ने 1983 में बेरूत में अमेरिकी दूतावास पर बमबारी करने में कथित भूमिका के लिए अकील पर प्रतिबंध लगाया है, तथा यह भी आरोप है कि उसने लेबनान में अमेरिकी और जर्मन लोगों को बंधक बनाने का निर्देश दिया था तथा 1980 के दशक के दौरान उन्हें वहां बंधक बनाए रखा था। बेरूत शहर से कुछ ही किलोमीटर दूर दहियाह में हमला व्यस्त समय के दौरान हुई, जब लोग काम से निकल रहे थे और छात्र स्कूल से घर जा रहे थे। हिजबुल्ला ने शुक्रवार सुबह उत्तरी इजराइल में 140 रॉकेट दागे।

यह हमला आतंकवादी समूह के नेता हसन नसरल्लाह द्वारा इजराइल पर बड़े पैमाने पर बमबारी का बदला लेने की कसम खाने के एक दिन बाद हुआ। इजराइली सेना और आतंकवादी समूह ने यह जानकारी दी। इजराइल की सेना ने कहा कि शुक्रवार दोपहर को तीन दौर में रॉकेट दागे गए, जिनका लक्ष्य लेबनान से लगी सीमा पर स्थित स्थल थे। हिजबुल्ला ने कहा कि उसने सीमा पर कई स्थानों को कत्युशा रॉकेटों से निशाना बनाया है, जिनमें कई हवाई रक्षा अड्डे और एक इजराइली बख्तरबंद ब्रिगेड का मुख्यालय भी शामिल है। उसने कहा कि इन ठिकानों पर पहली बार हमला किया गया है।

### डेल्टा एयर लाइन्स ने 31 दिसंबर तक उड़ानों पर रोक की अवधि बढ़ाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका की डेल्टा एयरलाइंस ने 31 दिसंबर तक इजरायल के लिए अपनी उड़ानों पर रोक की अवधि बढ़ा दी है। डेल्टा एयर लाइन्स ने गुरुवार को कहा है कि वह मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष और इजराइली-लेबनानी सीमा पर बढ़ते तनाव के कारण न्यूयॉर्क और तेल अवीव के बीच उड़ानों पर रोक बढ़ा रही है। क्षेत्र में चल रहे संघर्ष के कारण न्यूयॉर्क-जेएफके और तेल अवीव के बीच डेल्टा उड़ानें 31 दिसंबर तक रोक दी जाएंगी।



बेरूत में इजराइली मिसाइल हमले के बाद इकट्ठा लोग। एजेंसी

### इजराइल ने उत्तरी इलाकों के निवासियों को आश्रय स्थलों के पास रहने का निर्देश दिया

**यरूशलेम।** इजराइल की सेना ने गुरुवार रात को उत्तरी इलाकों के निवासियों को हिजबुल्ला की संभावित जवाबी कार्रवाई के कारण आश्रय स्थलों के पास रहने और गैर-ज़रूरी बाहरी गतिविधियों से बचने का निर्देश दिया। सेना ने ऊपरी गलील और कब्जे वाले गोलान हाइट्स के निवासियों से अनुरोध किया है कि वे कम से कम आवाजाही करें, भीड़-भाड़ से बचें, समुदायों के प्रवेश द्वारों पर नजर रखें और आश्रय स्थलों के पास रहें। होम फ्रंट कमांड द्वारा असामान्य प्रतिबंध तब जारी किए गए जब कई इजराइली युद्धक विमानों ने लेबनान में सबसे बड़े पैमाने पर हमला किया। दोपहर में शुरू हुए कई घंटों के गहन हमलों के बाद आधी रात से ठीक पहले इजराइली सेना ने घोषणा की कि ऑपरेशन पूरा हो गया है। सेना ने कहा कि वायु सेना ने लगभग 1,000 बैरल वाले 100 रॉकेट लांचर को नष्ट कर दिया है। सेना ने कहा कि वह हिजबुल्ला के बुनियादी ढांचे और क्षमताओं को कमजोर करने के लिए अभियान जारी रखेगी।

# ईशनिंदा के आरोपी के शव को दफनाने से रोका, जलाया

कराची, एजेंसी

- पाकिस्तान में भीड़ ने चिकित्सक का शव दफनाने से रोका

पाकिस्तान के सिंध सूबे में भीड़ ने ईशनिंदा के आरोपी एक चिकित्सक का शव परिवार को दफनाने नहीं दिया बल्कि जबरन जला दिया। चिकित्सक को सिंध सूबे में एक पुलिस कर्मी ने गोली मार दी थी। डॉ. शाहनवाज कंबर सिंध प्रांत में पुलिस के साथ गोलीबारी में मारे गए थे। उन पर ईशनिंदा का आरोप था, जिसके बाद उन्हें बुधवार रात कराची से लगभग 250 किलोमीटर उत्तर पूर्व में मीरपुरखास जाना पड़ा था।

पुलिस के मुताबिक चिकित्सक ने आत्मसमर्पण करने से इनकार कर दिया था और भागने की कोशिश कर रहा था जिसकी वजह से गोली मारनी पड़ी। कंबर के शव को दफनाने के लिए बृहस्पतिवार शाम को परिवार को सौंपा गया। उनके परिवार में तीन बेटे, एक बेटी और पत्नी हैं। स्थानीय पुलिस अधिकारी शकूर राशिद ने बताया परिवार शव को दफनाने के लिए अपने पैतृक गांव जन्हेरो ले गया, तभी भीड़ जमा हो गई और शव सौंपने की मांग करने लगी। राशिद ने बताया कि भीड़ द्वारा घेरे जाने के बाद परिवार के सदस्य शव को दफनाए बिना वहां से भाग गए। उन्होंने कहा कि भीड़ ने पीछे रह गई एक कार में कंबर का शव देखा और उसे आग के हवाले कर दिया। इससे पहले उमरकोट शहर की पुलिस ने फेसबुक पर कथित तौर पर ईशनिंदा सामग्री पोस्ट करने के मामले में पाकिस्तान दंड संहिता की धारा-295सी के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। इससे पहले चिकित्सक को पकड़ने भीड़ उसके क्लीनिक में आई थी लेकिन वह किसी तरह भागने में कामयाब रहा। इसके बाद इस सप्ताह के शुरुआत में उमरकोट की स्थानीय मस्जिद के मौलाना साबिर सोमरू ने ईशनिंदा की प्राथमिकी दर्ज कराई।चिकित्सक को जहां पर गोली मारी गई वहां के थाना प्रभारी नियाज खोसो ने संदिग्ध के मारे जाने की पुष्टि की।

### पाक अदालत ने ईशनिंदा के मामले में ईसाई समुदाय की महिला को मृत्युदंड दिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने गुरुवार को ईशनिंदा के मामले में एक ईसाई महिला को मृत्युदंड दिया। सितंबर 2020 में व्हाट्सऐप ग्रुप पर पैगंबर मोहम्मद के बारे में आपत्तिजनक सामग्री साझा करने की आरोपी शौगता कैरन के खिलाफ ईशनिंदा का एक मामला दर्ज किया गया था। यहां की एक विशेष अदालत के न्यायाधीश अफजल मजूका ने सुनवाई के बाद कैरन को पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 295 सी के तहत दोषी पाया गया था।

# जेलेंस्की ने 42 कानूनी संस्थाओं के विरुद्ध प्रतिबंध लगाए

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने रूस, चीन, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ईरान के नागरिकों सहित 42 कानूनी संस्थाओं और छह व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंध लगाने वाले आदेशों पर हस्ताक्षर किए है। श्री ज़ेलेंस्की की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए आदेशों में कहा गया है यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के 19 सितंबर, 2024 के निर्णय व्यक्तिगत विशेष आर्थिक और अन्य प्रतिबंधात्मक उपायों (प्रतिबंधों) के आवेदन पर को लागू करने के लिए।

# भारत को हिल्सा मछली का निर्यात नहीं करेगा बंगलादेश

ढाका, एजेंसी

- दुर्गा पूजा के अवसर पर विशेष रूप से भारत भेजी थी यह मछली

बांग्लादेश ने दुर्गा पूजा के अवसर पर विशेष रूप से भारत भेजी जाने वाली स्वादिष्ट हिल्सा मछली के वर्षों पुराने निर्यात पर रोक लगाने का फैसला किया है। वाणिज्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि निर्यात प्रतिबंध का उद्देश्य स्थानीय बाजार में मछली के शौकीन लोगों के बीच सिल्वर डिलाइट - जो बांग्लादेश और भारत के कुछ हिस्सों में एक क्रेज है - की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करना है। द डेली स्टार के अनुसार बांग्लादेश की छह सप्ताह पुरानी अंतरिम सरकार का रुख शेख हसीना के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती अवामी लीग सरकार से बिल्कुल अलग है, जिसे पिछले महीने छात्रों के नेतृत्व वाले विद्रोह में उखाड़ फेंका गया था। विश्व में हिल्सा का सबसे बड़ा उत्पादक बांग्लादेश अपने पड़ोसी के प्रति सद्भावना के तौर पर पूजा के मौसम में मछली पर निर्यात प्रतिबंध को लगभग नियमित रूप से वर्षों से हटाता रहा है।

# बांग्लादेश के पूर्व योजना मंत्री एमए मन्नान गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व योजना मंत्री एवं अवामी लीग के वरिष्ठ नेता एमए मन्नान को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डेली स्टार की रिपोर्ट ने शुक्रवार को एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि शेख हसीना सरकार में 2014 से 2024 तक मंत्री रहे मन्नान को सुनामगंज जिले में उनके घर से गिरफ्तार किया गया। सुनामगंज के पुलिस अधीक्षक (एसपी) एएफएम अनवर हुसैन ने गुरुवार शाम मीडिया से कहा वह (एमए मन्नान) एक अदालती मामले में आरोपी हैं।

# वैज्ञानिकों ने सील में रेबीज के पहले मामले का पता लगाया

केप टाउन, एजेंसी

- मृत पाई गई कम से कम 24 केप फर सील रेबीज से पीड़ित थीं

दक्षिण अफ्रीका के वैज्ञानिकों का कहना है कि उन्होंने सील में रेबीज के प्रकोप की पहचान की है और ऐसा माना जा रहा है कि पहली बार समुद्री स्तनधारियों में यह वायरस फैला है। सील ज्यादातर आर्कटिक और अंटार्कटिक के जल में पाई जाती है, जो काफी ठंडा होता है। सरकारी पशु चिकित्सक डॉ. लेस्ली वैन हेल्डेन ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका के पश्चिमी और दक्षिणी तट पर विभिन्न स्थानों पर मृत पाई गई कम से कम 24 केप फर सील रेबीज से पीड़ित थीं। रेबीज, स्तनधारियों को प्रभावित करता है और इसका वायरस मनुष्यों में प्रवेश कर सकता है। इसके लक्षण नजर आने के बाद यह घातक होता है। रेबीज लार के माध्यम से फैलता है और आमतौर पर जंतु के काटने से फैलता है। हेल्डेन और अन्य विशेषज्ञों ने कहा कि यह वायरस लंबे समय से जंगली जानवरों जैसे रैकून, कोयोट, लोमड़ी, सियार और पालतू कुत्तों में पाया जाता रहा है।

# गुरुनानक देव की 485वीं पुण्यतिथि के लिए करतारपुर में जुटे श्रद्धालु

**लाहौर।** सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी की 485वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए पूरी दुनिया से आए सिख श्रद्धालु पाकिस्तान के करतारपुर स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब में शुक्रवार को जमा हुए। बड़ी संख्या में स्थानीय और विदेशी सिख श्रद्धालु शुक्रवार से शुरू हो रहे तीन दिवसीय अनुष्ठानों में शामिल होने के लिए आए हैं। भारतीय श्रद्धालु करतारपुर गलियारे के माध्यम से अनुष्ठानों में शामिल होंगे। करतारपुर

# ध्रुवी पटेल मिस इंडिया वर्ल्डवाइड 2024 घोषित



प्रतियोगिता में जीत के बाद ध्रुवी पटेल।

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारत से बाहर आयोजित की जाने वाली सौंदर्य प्रतियोगिता है मिस इंडिया वर्ल्डवाइड

अमेरिका में कंप्यूटर इन्फॉर्मेशन सिस्टम की छात्रा ध्रुवी पटेल को मिस इंडिया वर्ल्डवाइड 2024 घोषित किया गया है। मिस इंडिया वर्ल्डवाइड भारत से बाहर आयोजित की जाने वाली सौंदर्य प्रतियोगिता है। ध्रुवी हिंदी फिल्मों में अभिनेत्री और संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) की दूत बनना चाहती हैं। न्यूजर्सी के एडिसन में मिस इंडिया वर्ल्डवाइड का ताज पहनाए जाने के बाद ध्रुवी ने कहा मिस इंडिया वर्ल्डवाइड का खिताब जीतना अभूतपूर्व सम्मान है। यह ताज से कहीं बढ़कर है।

# नासा, स्पेसएक्स ने नया क्रू मिशन लॉन्च करने का लक्ष्य रखा

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा और स्पेसएक्स ने 26 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक नया क्रू मिशन लॉन्च करने का लक्ष्य रखा है। नासा ने गुरुवार को कहा कि नासा के अंतरिक्ष यात्री निक हेग और रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोरबुनोव एजेंसी के स्पेसएक्स क्रू-9 मिशन पर आईएसएस के लिए लॉन्च करने की तैयारी कर रहे हैं। यह उड़ान नासा के वाणिज्यिक क्रू कार्यक्रम के तहत स्टेशन के लिए स्पेसएक्स के साथ नौवां क्रू रोटेशन मिशन है। दोनों अंतरिक्ष यात्री फ्लोरिडा में केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन के लॉन्च कॉम्प्लेक्स 40 से स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर सवार होकर उड़ान भरने वाले हैं। नासा के अनुसार, क्रू-9 पृथ्वी की निचली कक्षा से परे मानव अन्वेषण की तैयारी और पृथ्वी पर मानवता को लाभ पहुंचाने के लिए नए वैज्ञानिक अनुसंधान का संचालन करेगा।

**खगोल विज्ञान** | तापमान के आधार पर किसी भी तारे के बारे में सटीक जानकारी प्राप्त की जा सकती है

# तारों को जानने के लिए नई तकनीक विकसित

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** तारों का वृतांत जानने के लिए खगोलविदों ने नई तकनीक इजाद कर ली है। तारे के तापमान से बृहद जानकारी जुटाने का दावा किया है। अभी तक किसी तारे के रंग के आधार पर तारे का विवरण जुटाया जाता था। यूनिवर्सिटी डे मॉन्ट्रियल के एटियेन आर्टिगाउ के वैज्ञानिकों ने शोध कर यह तकनीक विकसित की है।

नई तकनीक के अनुसार वैज्ञानिकों का कहना है कि किसी तारे के तापमान को ट्रैक करके उसके बारे में बहुत कुछ जाना जा सकता हैं। जिसमें तारे की घूर्णन अवधि, व्यवहार, चुंबकीय क्षेत्र का आसानी से पता लगाया जा सकता है।

द एस्ट्रोनॉमिकल जर्नल में यह शोध प्रकाशित हुआ है। वैज्ञानिकों ने कनाडा, फ्रांस व हवाई में स्थित टेलीस्कोप से अध्ययन किया। जिसमें चार अलग-अलग तारों का अवलोकन कर अध्ययन किया गया। अभी तक खगोलशास्त्री तारों में उत्सर्जित प्रकाश के विभिन्न रंगों को देखकर अध्ययन करते आ रहे हैं और स्पेक्ट्रोस्कोपी का उपयोग करके विश्लेषण करते हैं। नवीन तकनीक में समय के पैमाने पर तारे के एक डिग्री सेल्सियस के निकटतम दसवें हिस्से तक के तापमान के आधार पर अनेक जानकारी जुटाई जा सकती है। इस विधि के जरिए तारे की परिक्रमा करने वाले ग्रह की जानकारी भी मिल सकती है। तारे के ग्रह के गुरुत्वाकर्षण खिंचाव के बारे में भी पता लगाया जा सकता है। साथ ही ग्रह का वायुमंडल, तापमान व वातावरण से संबंधित जानकारी जुटाई जा सकती है।



### तारे के साथ उसके ग्रह का किया शोध

वैज्ञानिकों का कहना है कि नई तकनीक ने तारों की सतह पर सूक्ष्म तापमान परिवर्तन का पता लगाना भी संभव बना दिया है। वैज्ञानिकों की टीम ने स्टार एचडी 189733 में सूक्ष्म तापमान परिवर्तन का पता लगाया। साथ ही तारे के एक्सोप्लैनेट (ग्रह) एचडी 189733 बी पर अध्ययन किया। तारे का यह हमारे सौरमंडल के गृह बृहस्पति की कक्षा से मेल खाता है, जबकि वह बृहस्पति की तरह ही गर्म है।